सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 26 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,362 |
| निफ्टी | 24,793 |
| सोना | 99,261 |
| चांदी | 1,07,383 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 20 जून 2025 | 6 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 172, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मोदी 3 देशों का दौरा खत्म कर भारत लौटे



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों का विदेश दौरा पूरा करके वीरवार को भारत लौट आए हैं। प्रधानमंत्री सबसे पहले 15-16 जून को साइप्रस में रहे। फिर 17 जून को कनाडा पहुंचे, 18 जून को जी7 समिट में हिस्सा लिया फिर क्रोएशिया गए। बुधवार को क्रोएशिया की राजधानी जगरेब में पीएम मोदी के स्वागत में मंत्र पढ़े गए और भारतीय नृत्य पेश किया गया। इसके बाद पीएम मोदी भारतीय समुदाय के लोगों से मिले। मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच से द्विपक्षीय बातचीत की। ये किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। यहां 17 हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं। (अनंत ज्ञान)

### ईडी ने डिनो मोरिया से साढ़े 3 घंटे की पूछताछ



**एजेंसी, मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया वीरवार को अपने भाई सैंटिनो मोरिया के साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे। ईडी कार्यालय में मीठी नदी सफाई घोटाले में दोनों से साढ़े तीन घंटे पूछताछ हुई। पीटीआई के अनुसार 49 वर्षीय अभिनेता मामले में सह-आरोपी सैंटिनो मोरिया के साथ नया समन मिलने के बाद लगभग 10:30 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6 जून को मीठी नदी सफाई घोटाले को लेकर महाराष्ट्र में डिनो मोरिया के आवास पर छापेमारी की। इस घोटाले में शामिल ठेकेदारों और बीएमसी अधिकारियों के घरों पर छापेमारी की गई है। (अनंत ज्ञान)

### दो और फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वीरवार को दो और फ्लाइट्स की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई-2006 तकनीकी खराबी के कारण वीरवार सुबह वापस दिल्ली लौट आई। फ्लाइट में क्रू मेंबर्स सहित 180 लोग सवार थे। इसके अलावा स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी-2696 भी उड़ान भरने के 10 मिनट बाद वापस लौट गई। यह फ्लाइट हैदराबाद से तिरुपति जा रही थी। फ्लाइट में कुल 80 यात्री सवार थे। एयरलाइंस ने बताया कि, टेकऑफ के बाद पायलट को संकेत मिला कि विमान के पिछले दरवाजे में कुछ दिक्कत है। इसके बाद फ्लाइट वापस एयरपोर्ट आ गई। बुधवार को एयर इंडिया की 3 फ्लाइट कैंसिल की गईं थीं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बिजली बोर्ड के कर्मचारी तनावपूर्ण माहौल में कर रहे काम -पेज 2
- शिक्षा मंत्री ने जुब्बल में विकास कार्यों की लगाई झड़ी -पेज 6
- हाईवे पर बरसात का कहर शुरू, एनएच बना दलदल -पेज 9
- जब शिक्षकों की दरकार, तो बच्चे कैसे कसूरवार? -पेज 10
- ग्रीन शुल्क से जमा होने वाली राशि का होगा ऑडिट -पेज 12


# सरकारी जमीन पर किए कब्जे नहीं होंगे नियमित

## हाईकोर्ट ने दिया बेदखली का आदेश, 2017 की नीति को भी किया रद्द

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा जमाए बैठे कब्जाधारियों के लिए बुरी खबर है। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि उसका सरकारी भूमि पर 5 या 10 बीघा तक किए कब्जे को नियमित करने का कोई इरादा नहीं है। यह जानकारी सरकार ने हाईकोर्ट में अतिक्रमण से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान दी है।

**मुख्य सचिव को 15 जुलाई तक अतिक्रमण हटवाने के दिए निर्देश**

सरकार के इस रुख के बाद हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को आदेश दिया है कि वह वन भूमि सहित सरकारी भूमि पर कब्जा किए बैठे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई फिर से शुरू करने के लिए राजस्व और वन विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करें। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश बीसी नेगी की खंडपीठ ने मुख्य सचिव को 15 जुलाई तक ऐसे सभी अतिक्रमणकारियों को भूमि से बेदखल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि अन्य समान मामलों में पारित आदेशों के मद्देनजर 5 बीघा अतिक्रमित सरकारी भूमि को बनाए रखने का संरक्षण अब अपनी प्रभावकारिता और प्रवर्तनीयता खो चुका है। न्यायालय ने प्रतिवादियों को 21 जुलाई तक इस संबंध में स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है।

### सरकार की नीति स्पष्ट, कोई नियमितीकरण नहीं

**हाईकोर्ट** ने अपने महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि सरकार की ओर से कोर्ट में साफ-साफ बता दिया गया है कि 5 बीघा या 10 बीघा तक किसी को भी सरकारी भूमि पर कब्जा बनाए रखने की अनुमति देने के लिए कोई नीति अस्तित्व में नहीं है और न ही प्रस्तावित है। कोर्ट ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने स्पष्ट रूप से सूचित किया है कि वह वर्तमान में वर्ष 2017 में अधिसूचित प्रारूप योजना के आधार पर सरकारी भूमि को नियमित करने की नीति बनाने का इरादा नहीं रखती है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सभी अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें सरकारी भूमि से बेदखल करने के लिए राज्य सरकार को दी गई अंतरिम राहत को हटाने अथवा बेदखली का नया आदेश प्राप्त करने के लिए हाईकोर्ट आने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# एक देश, एक चुनाव पर हिमाचल में घमासान

## सीएम सुक्खू ने किया विरोध, अनुराग बोले-देश हित में जरूरी



शिमला में जेपीसी बैठक में मौजूद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश, सांसद अनुराग ठाकुर, जेपीसी के अध्यक्ष और सदस्य।

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** वन नेशन-वन इलेक्शन के केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक बहस तेज हो गई है। वीरवार को शिमला में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसका विरोध करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए हर साल उपचुनाव कराने का सुझाव दिया। उन्होंने चिंता जताई कि अगर यह व्यवस्था 2029 में लागू हुई, तो हिमाचल सरकार का कार्यकाल

- **सीएम का बाय-इलेक्शन हर वर्ष कराने का सुझाव**
- **सांसद ने गिनाए एक साथ चुनाव के फायदे**

2032 तक ही रहेगा, जिससे अगली सरकार का कार्यकाल केवल दो साल का होगा।

वहीं, हमीरपुर से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 'एक देश, एक चुनाव' का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पहले भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने यह व्यवस्था बदली।

सांसद अनुराग ठाकुर ने तर्क दिया कि बार-बार चुनाव कराने से न केवल धन का अपव्यय होता है, बल्कि आम जनता को भी परेशानी होती है। उन्होंने जोर दिया कि देश की भलाई के लिए एक साथ चुनाव कराना आवश्यक है और जेपीसी इसी संबंध में सभी राजनीतिक दलों और प्रतिनिधियों से सुझाव ले रही है।

### अहमदाबाद एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों का किया जाएगा सर्वेक्षण

**एजेंसी, अहमदाबाद।** पिछले सप्ताह हुए भीषण एयर इंडिया विमान हादसे के बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट के आसपास के क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया जाएगा। वीरवार को एक शीर्ष जिला अधिकारी ने यह जानकारी दी।अहमदाबाद के जिला कलेक्टर सुजीत कुमार ने बताया, 'नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्रों का सर्वे अहमदाबाद नगर निगम और नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारी करेंगे।' उन्होंने कहा कि सर्वे पूरा होते ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 'विमान (बाधाओं के विध्वंस) नियम, 2025' का मसौदा जारी किया है, जिसका उद्देश्य हवाई अड्डों के पास विमान सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाली संरचनाओं पर नियंत्रण को सख्त करना है। विमान हादसे में कुल 270 लोगों की जान गई थी। हादसे में 241 यात्रियों, क्रू मेंबर्स और जमीन पर मौजूद लोगों समेत कुल 270 लोगों की मृत्यु हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

# कृषि मंत्री चंद्र कुमार नहीं देंगे इस्तीफा

## बोले-बेटे नीरज भारती को थे कुछ गिले-शिकवे, कर दिए दूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में बीते 24 घंटों से चल रही राजनीतिक अटकलों पर विराम लग गया। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने साफ कर दिया है कि वह अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। उनके बेटे और पूर्व सीपीएस नीरज भारती द्वारा सोशल मीडिया पर की गई तीन पोस्ट के बाद उनके इस्तीफे की खबरें तेजी से फैल गई थीं, जिस पर अब खुद मंत्री ने सफाई दी है। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उनके बेटे नीरज भारती को ट्रांसफर से जुड़े कुछ गिले-शिकवे थे, साथ ही उनके चुनाव क्षेत्र में कुछ बाहरी लोगों की दखलअंदाजी भी एक वजह थी। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत के बाद यह मसला सुलझ गया है। चंद्र कुमार ने नीरज भारती को युवा बताते हुए कहा कि कई बार आवेश में आकर वह ऐसा बोल जाते हैं। उन्होंने भाजपा को नसीहत देते हुए कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है और भाजपा को अपनी चिंता करनी चाहिए। चंद्र कुमार कांगड़ा जिले के जवाली विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। उनकी छवि एक सख्त और धाकड़ मंत्री की है। इससे पहले भी वह कांग्रेस संगठन को लेकर बेबाकी से अपनी राय रख चुके हैं।

**भाजपा से कहा यह कांग्रेस का आंतरिक मामला**

बता दें कि नीरज भारती की फेसबुक पोस्ट ने मंगलवार रात से ही सियासी हलकों में हलचल मचा दी थी। भारती ने आरोप लगाया था कि अगर भाजपाइयों के काम दलालों के जरिए हो रहे हैं और मंत्री चुप हैं, तो इस्तीफा देना ज्यादा बेहतर है।

# रूस ने चेताया-इसराइल और ईरान के बीच दखल न दे अमेरिका





**एजेंसी, मॉस्को**

रूस ने वीरवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, क्योंकि अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका, इसराइल के साथ युद्ध में शामिल हो सकता है।

समाचार एजेंसी 'एएफपी' ने बताया कि रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा, 'हम खास तौर पर वॉशिंगटन को चेतावनी देना चाहते हैं कि वह इसराइल और ईरान में सैन्य दखल न दे। उन्होंने कहा कि ऐसा करना बहुत ही खतरनाक कदम होगा, जिसके पूरी तरह से अनपेक्षित और नुकसानदेह नतीजे हो सकते हैं।'

इससे पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ईरान पर इसराइल के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने सभी पक्षों से अपील की कि वे राजनयिक तरीके से यह विवाद सुलझाएं और युद्ध को रोकें। (अनंत ज्ञान)

### ईरान ने इसराइल के अस्पताल पर किया मिसाइल अटैक

**तेल अवीव।** वीरवार सुबह ईरान ने दक्षिणी इसराइल के सोरोका अस्पताल पर मिसाइल हमला किया। यह हमला बेहद गंभीर माना जा रहा है। इसराइली सेना ने एक बयान में बताया कि हमारे कई ठिकानों पर मिसाइलों से हमले हुए। इनमें से एक मिसाइल ने दक्षिणी इसराइल के सबसे बड़े अस्पताल को भी निशाना बनाया। हमले के कुछ ही समय बाद इसराइली रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने पहली बार सार्वजनिक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई को खत्म करने की धमकी दी। अब तक चले इस संघर्ष के दौरान उनकी ओर से यह सबसे सख्त बयान माना जा रहा है। इससे पहले, इसराइल ने ईरान के अराक हैवी वॉटर रिएक्टरपर एक घातक हवाई हमला किया, जिससे दोनों देशों के बीच चल रहा टकराव अब सातवें दिन भी जारी है और यह अब और भी तेज हो गया है।

### बेंगलुरु एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, बेंगलुरु।** वीरवार को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप मच गया। एक सप्ताह में दूसरी धमकी मिली है। जांच में दोनों ही बार धमकी की बात अफवाह साबित हुई। एक सप्ताह में दूसरी बार एयरपोर्ट पर बम की धमकी वाला फर्जी मेल भेजा गया है। बम की धमकी वाला ई-मेल एयरपोर्ट सुरक्षा बल को मिला। इस धमकी भरे मेल में एक आतंकवादी के नाम से दावा किया गया कि आतंकवादी अजमल कसाब को फांसी देना गलत था और इसका बदला लिया जाएगा। इस महीने की 13 और 16 तारीख को बम की धमकी वाले 2 ईमेल भेजे गए। दोनों ई-मेल में दो बम रखे जाने की चेतावनी दी गई थी और कहा गया कि अगर प्लान ए विफल हो जाता है, तो प्लान बी सक्रिय हो जाएगा। इसमें यह भी दावा किया गया कि एयरपोर्ट के शौचालय की पाइपलाइन के अंदर एक बम रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

# ईरान से 110 स्टूडेंट्स भारत लौटे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजराइल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। भारत पहुंचे छात्रों ने बताया, 'वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। खासकर तेहरान में स्थिति बहुत खराब है। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे। वहां से इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया। इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हुई थी। एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया। (अनंत ज्ञान)

### एलन मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका

**एजेंसी, टेक्सास।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क का स्टारशिप-36 रॉकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले रॉकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले, रॉकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा रॉकेट आग के गोले में बदल गया। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल हाईकोर्ट का सरकार को निर्देश

# मेडिकल कॉलेजों में बनाएं इम्यूनोहेमेटोलॉजी विभाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**




हिमाचल प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में इम्यूनोहेमेटोलॉजी और रक्त आधान विभाग स्थापित करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने सरकार को इस प्रस्ताव को छह महीने के भीतर 'तार्किक अंत' तक पहुंचाने का स्पष्ट आदेश दिया है।

यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ऐसे विभागों की अनुपस्थिति राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का सीधा उल्लंघन करती है, जिससे न केवल छात्रों की शिक्षा प्रभावित होती है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा मानकों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने डॉ. ऋचा गुप्ता द्वारा दायर एक रिट याचिका (सीडब्ल्यूपी) का निपटारा करते हुए यह आदेश पारित किया।

न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने जोर देते हुए कहा कि इस बात पर विवाद नहीं किया जा सकता कि मेडिकल कॉलेज में इम्यूनोहेमेटोलॉजी और रक्त आधान विभाग बहुत जरूरी है।

उन्होंने आगे कहा कि हालांकि बुनियादी ढांचा बनाना सरकार का विशेषाधिकार है, लेकिन मामले की गंभीरता और एनएमसी के दिशा-निर्देशों को देखते हुए न्यायालय ने यह निर्देश जारी किया है।




## न्यूज ब्रीफ

### सांसद अनुराग आज से दो दिवसीय दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम जारी किया गया। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने दी। दौरे की शुरुआत 20 जून को सुबह 8 बजे शिमला से प्रस्थान के साथ होगी। अनुराग ठाकुर सबसे पहले बिलासपुर जिले के श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के खर्सी गांव पहुंचेंगे, जहां वह 'विकसित भारत संकल्प सभा' को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह निहारखंड बासला में एक और सभा को संबोधित करेंगे। बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में ठाकुर 4 बजे नाबार्ड योजना के अंतर्गत बन रही सड़क का निरीक्षण करेंगे और शाम 6:30 बजे मौसिंघी गांव में एलईडी लाइट्स का उद्घाटन करेंगे। 21 जून को अनुराग ठाकुर हमीरपुर जिले के भोरंज विधानसभा क्षेत्र के परोल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद वह एनआईटी हमीरपुर में न्यूज रडार-शाइनिंग स्टार अवार्ड्स कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे वह बीएसएनएल कार्यालय में टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी की बैठक में भाग लेंगे और फिर दोपहर 3 बजे भरणग गांव में मीटिंग हॉल व जिम का उद्घाटन करेंगे।

### भरमौर के विधायक ने की पूर्व सीएम से मुलाकात



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज ने पत्नी सहित वीरवार को समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. जनकराज ने धूमल का कुशलक्षेम पूछा और विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

### गोल्ड जीतकर लौटे ठाकुर ने धूमल से लिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के भुक्कड़ गांव के निवासी रणवीर ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिला हमीरपुर और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने हाल ही में ताइवान के ताइपेई शहर में पिछले माह 17 से 30 मई को आयोजित विश्व मास्टर गेम्स में 50+ आयु वर्ग के कराटे इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। रणबीर ठाकुर वीरवार को समीरपुर पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से भेंट की। प्रो. धूमल ने रणबीर को बधाई देते हुए कहा कि उनके जैसे खिलाड़ियों से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति रुचि और किसी भी क्षेत्र में समर्पण व लगन से किया गया प्रयास निश्चित रूप से सफलता दिलाता है। इस अवसर पर समीरपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष अभ्यवीर सिंह लवली, भोरंज मंडल के अध्यक्ष अशोक ठाकुर, महामंत्री कैप्टन हिटलर, मंडल उपाध्यक्ष संजय प्रेमी, पंचायत प्रधान मीना प्रेमी सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### सुजानपुर में 25 को होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** स्थानीय प्राइवेट कंपनी मैसर्स विमाशु इलीवेटर एंड एस्केलेटर हमीरपुर में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के 5 पद और सर्विस तकनीशियन के 7 पद भरे जाएंगे। इन पदों को भरने के लिए 25 जून को सुबह साढ़े दस बजे उपरोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए आवेदक स्नातक पास होना चाहिए, जबकि, सर्विस तकनीशियन के पदों के लिए आवेदक किसी भी ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमाधारक होना चाहिए। दोनों श्रेणियों के पदों के लिए आयु सीमा 20 से 30 वर्ष तक रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी द्वारा 14 हजार रुपये मासिक वेतन, आवास और अन्य सुविधा दी जाएगी। किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत पात्र उम्मीदवार हिमाचली स्थायी निवासी प्रमाण पत्र और अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कंपनी के मोबाइल नंबर 9988838349 या जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222318 पर संपर्क कर सकते हैं।

### वार्ड 6 में बिना प्रस्ताव के ही हुआ काम : नप उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि वार्ड नंबर 6 में शिव मंदिर के कुएं के पास करीब 10 लाख रुपए खर्च कर पेवर टाइल्स लगाई गई हैं। इस कार्य के लिए न तो नगर परिषद की बैठक में कोई प्रस्ताव पारित हुआ, न ही यह भूमि विभाग के नाम दर्ज थी। उपाध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों और जिला उपायुक्त को भेज दी है। साथ ठेकेदार को भुगतान न किए जाने की मांग की है। मनीष गुप्ता ने चेतावनी दी कि यदि नगर परिषद ने भुगतान किया, तो वह न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। इस पर वार्ड नंबर 6 की पार्षद सुनीता देवी ने कहा कि जो भी कार्य हुआ, वह विकास की दृष्टि से किया गया है। उन्होंने दावा किया कि प्रस्ताव पारित किया गया था। उधर नगर परिषद ईओ रमन शर्मा ने बताया कि कार्य का प्रस्ताव पारित किया गया था। लोगों की सुविधा के लिए कार्य किया गया है।

### चौकी, कुठेड़ा गांवों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर में 21 जून को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते गांव ककरू, चौकी, कुठेड़ा, चलोखर, टिक्की, घरट, पसतल, भुगयार, दरबेली, चुनाल, कलसाई, भड़मेली, नखरेड़, अमरोह, धलूतर, नरेली, झलवाणी, मझोग सुल्तानी, रोपा, बल्लाह और आसपास के अन्य गांवों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। एसडीओ सुनील कुमार ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### प्रवासी व्यक्ति पर मारपीट का आरोप

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत जलाड़ी के हरमंदिर गांव की अंजना देवी पत्नी गुरदेव सिंह ने प्रवासी व्यक्ति पर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बिहार मूल निवासी बंटू व उसके अन्य साथी ने उसे गाली-गलौज की जब ऐसा करने से रोका तो उन्होंने डंडे से मारपीट की है जिसके कारण शिकायतकर्ता को चोटें आई हैं। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारियों में रोष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश के पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों पर कोई भी विचार न किए जाने पर इस वर्ग में रोष पनप रहा है। बार-बार पत्राचार के बावजूद भी कोई भी जवाब पुलिस मुख्यालय द्वारा नहीं दिया जा रहा है, इससे यह वर्ग अपने आप को उपेक्षा का शिकार मान रहा है। यह बात हिमाचल प्रदेश सेवानिवृत्त पुलिस कल्याणकारी संघ की पुलिस लाइन में हुई जिला इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जगदीश चंद शर्मा ने कही। बैठक में एएसपी राजेश कुमार सहित करीब 40 पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त सदस्यों ने भाग लिया।

# पेयजल योजना को छह माह बाद मिलीं पाइपें

## दोसड़का इलाके के लिए बन रही नई योजना, पंपिंग मशीनरी के लिए ट्रांसफार्मर लगाने का काम भी शुरू

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर टाउन के वार्ड नंबर 11 में दोसड़का इलाके की आबादी की प्यास बुझाने के लिए ब्यास नदी से तैयार हो रही नई योजना में चल रही पाइप की शॉर्टेज अब खत्म हो गई है। एक किलोमीटर लंबी लाइन के लिए पाइप पहुंच गई हैं और अब इन्हें जोड़ने का काम भी शुरू हो गया है। पाइपलाइन की यह कमी योजना के शुरू होने में सबसे बड़ी बाधा तैयार किए हुए थी। बता दें कि इस योजना की कुल 26 किलोमीटर लंबी राइजिंग मेन पाइपलाइन का 24400 मीटर का हिस्सा काफी पहले बिछाया जा चुका है। यह पाइपलाइन हमीरपुर टाउन की पहले की ब्यास नदी से आ रही पुरानी योजना की मुख्य पाइपलाइन के साथ ही अलग से बिछाई गई है। अब केवल अणू डिग्री कॉलेज से लेकर हीरानगर तक इस पाइपलाइन को बिछाने का काम मुकम्मल होना है।

चूंकि हीरानगर में जिस टैंक में इस राइजिंग मेन का पानी डाला जाना है, वह काफी समय पहले से निर्मित हो चुका है। काम केवल राइजिंग मेन का बचा था। इस बचे हुए तकरीबन एक किलोमीटर के हिस्से में पहले नेशनल हाईवे अथॉरिटीज ने सड़क को खोदने से मना कर दिया था क्योंकि बगैर स्वीकृति के इस पर काम शुरू हो गया था। जब यह विवाद हल हो गया तो पाइप की शॉर्टेज हो गई थी।




अणू चौक के पास रुका हुआ कार्य फिर से शुरू हो गया है (दाएं) जगह-जगह ऐसे की पाइपें रखी हैं।

### 24 लाख लीटर रोजाना मिलेगा पानी

25 करोड़ की लागत से तैयार हो रही इस योजना से रोजाना 24 लाख लीटर पानी हमीरपुर पहुंचेगा और वार्ड नंबर 11 के इलाके को जहां पहले से हथली खड्ड से पेयजल आपूर्ति होती है, को इस इलाके के लोगों की प्यास बुझाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। उसी के नाम पर यह योजना तैयार हो रही है। पलाही से पहले ही तकरीबन 65 करोड़ की योजना हमीरपुर के मुख्य टाउन के लिए काम कर रही है। अब नई योजना के मकम्मल होने से फायदा यह होगा कि यदि हमीरपुर टाउन में भी कभी पुरानी योजना में कोई खराबी आ जाए, तो इस योजना का पानी इस्तेमाल किया जा सकेगा क्योंकि हथली खड्ड की उठाऊ पेयजल योजना को भी इससे लाभ मिलेगा, वह भी वैकल्पिक योजना के रूप में काम करती रहेगी।

**तीन बड़े संस्थानों को मिलेगी पानी की समस्या से निजात :** हमीरपुर के तीन बड़े संस्थानों को बहुत जल्द पीने के पानी की समस्या से निजात मिलने वाली है। यह संस्थान हैं हिमाचल तकनीकी यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान। पिछले लंबे समय से यह संस्थान खासकर एचपीटीयू और आईएचएम पीने के पानी की सप्लाई के प्रॉपर नहीं होने की वजह से दिक्कत का सामना कर रहे हैं। इनकी सप्लाई दाएं बाएं से ही एडजस्टमेंट करके की गई थी, लेकिन अब इन्हें डायरेक्ट सप्लाई हमीरपुर के हीरानगर स्थित वाटर स्टोरेज टैंक से दी जाएगी। वहां मशीनरी इंस्टॉल हो चुकी है, केवल ट्रांसफार्मर का काम रुका हुआ था, वह भी शुरू हो गया है।

### एसडीओ ने क्या कहा

**हमीरपुर** के जलशक्ति विभाग के एसडीओ राकेश कुमार बताते हैं कि पाइपलाइन का काम शुरू कर दिया गया है। तकरीबन एक किमी लंबी पाइप लाइन टैंक से जोड़ी जाएगी। बहुत जल्द योजना बनकर तैयार होगी क्योंकि इसका बाकी का सारा काम मकम्मल हो चुका है। अब केवल हीरानगर टैंक तक इस पाइपलाइन को जोड़ने का काम बचा है। एनएच को भी अब लाइन बिछाने के लिए पैसा जमा करवा दिया है। ट्रांसफार्मर लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इस ट्रांसफार्मर से अलग-अलग इलाकों के लिए तकरीबन आठ पंपिंग मशीनरी काम करेगी।

### 6 इंच मोटे डाय की राइजिंग मेन

सुजानपुर से आगे ब्यास नदी पर पलाही में योजना स्रोत का सारा काम मकम्मल है। पंप हाउस, पर्कूलेशन बेल और कनेक्शन टैंक से लेकर हमीरपुर के अणू तक 6 इंच के मोटे डाय वाली राइजिंग मेन मकम्मल हो गई है। अब उम्मीद यही है कि कुछ दिनों में यहां पाइपलाइन डालने का काम मकम्मल हो जाएगा और योजना की टेस्टिंग शुरू होते ही दोसड़का इलाके में पानी की इससे सप्लाई जानी शुरू हो जाएगी।

## स्कूल के पास सड़क में लगाएं स्पीड ब्रेकर

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के स्थानीय विद्यालय के गेट के पास चौराहा होने के कारण इस स्थान पर हमेशा सड़क दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है और सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि सड़क के बिलकुल किनारे पर स्कूल का गेट है। छुट्टी के समय स्कूल के बच्चे छुट्टी के समय जिस तरह से सड़क पर भागते हैं, उससे इस स्थान पर हमेशा दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती हैं, जिसका मुख्य कारण बड़ा सुजानपुर सड़क पर वाहनों की अधिक आवाजाही का होना है।

बिडंबना इस बात की है कि स्कूल के गेट के पास वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए यहां किसी भी प्रकार के गति अवरोधक नहीं लगाए गए हैं, जबकि वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा कई बार स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग से गति अवरोधक लगाने की मांग उठाई गई, लेकिन उस मांग को आज दिन तक किसी न भी कोई तब्बजो नहीं दी। स्थानीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग को अति शीघ्र इस स्थान पर गति अबरोधक लगाने की जोरदार मांग की है ताकि इस स्थान पर जो हमेशा दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है, जिससे निजात मिल सके।

# विश्व मास्टर गेम्स में मनवाया लोहा

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

हिमाचल प्रदेश के भोरंज उपमंडल के गांव बजौरा निवासी रणवीर ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में भारत का परचम लहराते हुए ताइवान के ताइपेई शहर में आयोजित विश्व मास्टर गेम्स 2025 में स्वर्ण पदक जीत लिया। 17 से 30 मई तक चले इस प्रतिष्ठित आयोजन में उन्होंने 50+ आयु वर्ग के कराटे इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रणवीर ठाकुर की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल उनके गांव, जिले और प्रदेश को, बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है। इस खबर के गांव में पंहुचते ही अमरोह पंचायत के बजौरा में जश्न का माहौल बन गया। स्थानीय निवासियों, युवाओं और परिजनों ने फूल मालाओं, ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। रणवीर ठाकुर ने अपनी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह पदक मेरे देश, मेरे प्रदेश और मेरे गांव के नाम है। वर्षों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का यह फल है। मैं चाहता हूं कि युवा भी खेलों की ओर रुझान रखें और विश्व मंच पर भारत का नाम रोशन करें।



भोरंज में रणवीर ठाकुर का भव्य स्वागत किया गया।

**भोरंज के रणवीर ठाकुर ने ताइवान में स्वर्ण पदक जीत भारत को दिलाया गौरव**

विश्व मास्टर गेम्स को वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए ओलंपिक जैसा आयोजन माना जाता है, जिसमें दुनिया भर से हजारों अनुभवी एथलीट भाग लेते हैं। रणवीर ठाकुर ने कठिन प्रतिस्पर्धा में अपने तकनीकी कौशल और अनुशासन से सभी को प्रभावित किया।

इस स्वर्णिम उपलब्धि पर उपमंडल भोरंज के अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं विधायक सुरेश कुमार ने उन्हें बधाई दी और आगे भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। जिला खेल अधिकारी ने रणवीर ठाकुर को खेल प्रोत्साहन योजना के तहत विशेष सम्मान देने की घोषणा की है।

## टिप्पर-बाइक टक्कर में युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के कोहला में नेशनल हाईवे पर वीरवार को बाइक टिप्पर दुर्घटना में बाइक चालक युवक की मौका पर ही मौत हो गई है। खबर मिलते ही मौका पर काफी लोग एकत्रित हो गए। मिली जानकारी के अनुसार नादौन के टिल्लू गांव का करीब 25 वर्षीय गौरव बाइक नं. एचपी-ए 5167 पर जा रहा था कि कोहला के पास टिप्पर नं. एचपी-55 बी-5030 के साथ आमने सामने भिड़ंत हो गई, जिससे बाइक सवार गौरव पुत्र तिलक राज निवासी टिल्लू की मौका पर ही मौत हो गई है।

खबर मिलते ही यातायात प्रभारी एसआई नरेश कुमार टीम सहित मौका पर पहुंच गए। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेज दिया है। पुलिस ने टिप्पर चालक भजन सिंह निवासी नादौन के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

## हेरोइन मामले में 3 व्यक्तियों को दो वर्ष 6 माह की कैद और 25 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपसत्र न्यायाधीश हमीरपुर भुवनेश अवस्थी की अदालत ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत तीन व्यक्तियों को दोषी करार देते हुए दो वर्ष 6 माह की कैद और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत ने भरेड़ी के कोट मानसनदान के अमित कुमार पुत्र सुरेश कुमार, बाल्मीकी कॉलोनी हमीरपुर के वार्ड-8 के मुकुल भट्टी पुत्र कमलजीत और महल के सेर गांव के विवेक भारद्वाज पुत्र मदन लाल को दोषी करार देते हुए एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21(बी) के तहत अपराध के लिए 02 वर्ष के कठोर कारावास और 20,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई और एनडीपीएस अधिनियम की धारा 29 के तहत अपराध के लिए 6 माह के कठोर कारावास और 5,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। उपरोक्त जुर्माने का भुगतान न करने पर, एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21(बी) के तहत अपराध के लिए 03 महीने की अवधि के लिए अतिरिक्त कारावास और एनडीपीएस अधिनियम की धारा 29 के तहत अपराध के लिए 1 महीने की अवधि के लिए साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। मामले के अनुसार 19 मई, 2023 को जब पुलिस गशत पर थी और शाम 7:00 बजे जलारी-फतेहपुर लिंक रोड पर पहुंची, तो जलारी की तरफ से एक कार जिसका नंबर एचपी17ई-5692 था, आई, जिसे रुकने का इशारा किया गया।

कार में उपरोक्त आरोपी बैठे थे। कार की तलाशी ली गई और तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड से 11.607 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। मामले को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने 14 गवाहों की जांच की। मुकदमा जिला अटॉर्नी संदीप द्वारा चलाया गया।

## आयुष विभाग 13 स्थानों पर मनाएगा योग दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आयुष विभाग 21 जून को हमीरपुर जिले में सुबह 7 बजे कुल 13 स्थानों पर योगाभ्यास सत्र आयोजित करेगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. बृजनंदन शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर के मैदान में आयोजित किया जाएगा। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्यक्रम बचत भवन में होगा।

इसके अलावा एनआईटी हमीरपुर, जिला पंचायत संसाधन केंद्र सलासी, इंडोर स्टेडियम अणू, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू, बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर दियोटसिद्ध, डीडीएम साईं कालेज कल्लर नादौन, आईआरबी जंगलबैरी, तहसील भवन भोरंज, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटाहणी, जिला न्यायिक परिसर हमीरपुर और संत निरंकारी भवन नादौन में भी योगाभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## नियमित रक्तदान से खून की कमी को रोका जा सकता है : डॉ. अंकिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने वीरवार को 'जीवन बचाना समुदाय स्वास्थ्य पर रक्तदान का प्रभाव' शीर्षक से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक करना और इसकी भूमिका को मजबूत बनाने में मदद करना था। डॉ. अंकिता दीर, एमडी पैथोलॉजी, ब्लड बैंक इनचार्ज और मंजू कुमारी, नर्सिंग ऑफिसर, जो डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कार्यरत है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अंकिता दीर ने अपने व्याख्यान में बताया कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का काम है, बल्कि यह समुदाय के संपूर्ण स्वास्थ्य में भी योगदान देता है। उन्होंने यह भी बताया कि नियमित रक्तदान से खून की कमी को रोका जा सकता है और आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत सहायता मिलती है।

इस दौरान मंजू कुमारी ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि रक्तदान समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को कैसे बढ़ावा देता है और समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है।



रक्तदान पर जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित।

यह कार्यक्रम में गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम, गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार, और विभागाध्यक्ष डॉ. दर्श गौतम की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिन्होंने विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया।

डॉ. संजय कुमार ने वक्ताओं द्वारा साझा की गई मूल्यवान जानकारियों की सराहना की और इस तरह के आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मददगार हैं।

### आरएसएस का उत्तर क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग टिप्पर में संपन्न

## हर व्यक्ति को देशहित में करेंगे सक्रिय : संघ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र का कार्यकर्ता विकास-प्रथम (सामान्य) का 30 मई से चल रहा वर्ग (प्रशिक्षण) वीरवार को सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। 20 जून को सभी स्वयंसेवक प्रात: राष्ट्र कार्य का संकल्प लेकर अपने-क्षेत्रों में वापस लौटेंगे। वर्ग समापन अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख प्रदीप जोशी ने कहा कि भारत अब जाग उठा है तथा वह अब अपने शत्रुओं की नशों में निर्णायक प्रहार कर उन्हें दुर्बल करने का प्रचंड साहस और अधिकार रखता है। ऑपरेशन सिंदूर इसका ही जीता जागता और दुनिया को प्रभावी संदेश देने वाला भारत का कदम था।

भारतीय नेतृत्व और सेना ने शत्रु को उसकी अनाधिकृत चेष्ठा व शक्ति को गहरी चोट पहुंचाने तथा भविष्य में वह फिर वैसी हिमाकत न कर सके, इसी उद्देश्य को लेकर ऑपरेशन सिंदूर का अभियान चलाया था जिसके राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक, आशाजनक व दूरगामी परिणाम सामने आए हैं। इससे आज राष्ट्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है।



आरएसएस के उत्तर क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग में मौजूद गणमान्य।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय समाज में ऐसी शक्ति और विश्वास की जागृति का कारण है सौ वर्षों की संघ साधना यात्रा का परिणाम। आज समय आ गया है कि समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति, यहां तक कि समाज के अंतिम व्यक्ति को भी देशहित में सक्रिय करना है। यही संघ का संकल्प है। मौके पर मुख्य अतिथि तथा बौद्ध भिक्षु व टॉन्गलेन चैरिटेबल ट्रस्ट धर्मशाला के निदेशक भिक्षु जाम्यांगने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जो सभी धर्मों का सम्मान करता है।

इस अवसर पर वर्ग सर्वाधिकारी श्रवण कुमार, सह क्षेत्र कार्यवाह डॉ. किस्मत कुमार , क्षेत्र प्रचारक जतिन, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख बनवीर, सह व्यवस्था प्रमुख, राजेंद्र शर्मा, निदेशक हमीरपुर हीरामल सूर्यवंशी, बिलासपुर विभाग संघचालक शांति स्वरूप, कांगड़ा चंबा लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज, विधायक, रणधीर शर्मा, त्रिलोक जम्वाल व अन्य उपस्थित रहे।

## राजेंद्र राणा का तीखा प्रहार, बोले अब जनता और मंत्री दोनों बेहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश राजनीतिक और प्रशासनिक दिशा से पूरी तरह भटक गया है। सरकार अब जनता के हितों की रक्षा करने में असफल हो गई है और एक सीमित गुट के इशारे पर काम कर रही है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि जब सरकार के ही मंत्री और वरिष्ठ नेता सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर करने लगें तो यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार के भीतर गंभीर असंतोष पनप रहा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के सहयोगी रहे चंद्र कुमार के बेटे नीरज भारती के बयान 'काम अब सिर्फ दलालों के हो रहे हैं' का हवाला देते हुए कहा कि यह सरकार की असलियत को सामने लाने के लिए काफी है। राजेंद्र ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने ईमानदार और कर्मठ अधिकारियों को दरकिनार कर एक चुने हुए गुट को ही सत्ता संचालन का माध्यम बना लिया है। इससे मंत्री, विधायक और आम जनता सभी की आवाज बेअसर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार अब लोकतांत्रिक नहीं रही, बल्कि 'चंद करीबी मित्रों और प्रभावशाली दलालों' की सरकार बन गई है।

उन्होंने कहा कि जिन मंत्रियों को खुद सरकार में घुटन महसूस हो रही हो, उनके रहते आम जनता की पीड़ा का अंदाजा लगाया जा सकता है, ऐसे में मुख्यमंत्री को अब नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। राणा ने चेतावनी दी कि अगर मुख्यमंत्री ने जल्द ही स्थिति की गंभीरता को नहीं समझा और पद से इस्तीफा नहीं दिया, तो न केवल जनता बल्कि पार्टी के भीतर से भी असंतोष और विद्रोह का स्वर और तेज हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता अब बदलाव चाहती है।

**रोष** बिजली बोर्ड लिमिटेड में 12,000 पद खाली चल रहे : कामेशवर दत्त

# बिजली बोर्ड कर्मी तनावपूर्ण माहौल में कर रहे काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन टौणी देवी यूनिट की बैठक वीरवार को प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर दत्त शर्मा की अध्यक्षता में हुई। शर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटेड में विभिन्न श्रेणियां के लगभग 12,000 पद खाली चल रहे हैं, लेकिन बिजनी बोर्ड लिमिटेड में नए युवाओं की भर्ती करने की बजाए युक्तिकरण व केंद्रीयकरण के नाम पर पदों को समाप्त करने की मुहिम बड़ी तेजी के साथ चलाई जा रही है, जो कि बिजली बोर्ड लिमिटेड व इसके कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है।

शर्मा ने कहा कि आज प्रमोशनल पदों को ही समाप्त करने से गुरेज नहीं किया जा रहा, परिणाम स्वरूप आज विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों की पदोन्नति फाइलों को भी रोका जा रहा है। कई श्रेणियों की डीपीसी तक नहीं की जा रही है और पिछले 6 माह से कई श्रेणियों के कर्मचारियों की पदोन्नति संबंधी फाइल अधर में लटकी हुई हैं। 30 से 35 साल तक सेवाएं देने के बाद आज कई कर्मचारी बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त होकर घर जा रहे हैं, जो कि इन कर्मचारियों के साथ बड़ी बेइंसाफी है।

बिजली बोर्ड लिमिटेड के इतिहास में कर्मचारियों की पदोन्नति व बोर्ड की कार्यशाली को लेकर इतना ज्यादा राजनीतिक हस्तक्षेप कभी नहीं रहा। यहां तक कि कई मामलों में बोर्ड प्रबंधन को भी दरकिनार कर के फैसले लिए जा रहे हैं, जिनके चलते बिजली बोर्ड लिमिटेड में अस्थिरता का माहौल पैदा हो रहा है। शर्मा ने कहा कि आज फील्ड में अकेला-अकेला कर्मचारी बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए अपने पर्सनल व्हीकल को लेकर भाग दौड़ कर रहा है, जिसकी एवज में उन्हें किसी किस्म का इंसेंटिव नहीं दिया जा रहा है और कर्मचारी अत्याधिक काम के बोझ के तले दबे होने की वजह से तनावपूर्ण माहौल में काम करते हुए विभिन्न दुर्घटनाओं का शिकार होकर मौत का ग्रास बन रहे हैं।

बिजली बोर्ड लिमिटेड में किसी नीति के तहत नियमित कर्मचारियों की भर्ती करना अत्यंत आवश्यक है ताकि प्रदेश के उपभोक्ताओं को 24 घंटे निर्वाधित बिजली आपूर्ति मुहैया करवाई जा सके। शर्मा ने प्रदेश सरकार से बिजली बोर्ड लिमिटेड में पुरानी पेंशन बहाल करने, युक्तिकरण व केंद्रियकरण की प्रक्रिया को बंद करने, आउटसोर्स कर्मियों के लिए स्थाई नीति बनाने, नई भर्ती प्रक्रिया को अतिशीघ्र शुरू करने की मांग करते हुए सरकार से इंप्लाइज, इंजीनियर व पेंशनर की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाने की मांग की है ताकि महत्वपूर्ण मसलों में आपसी सहमति के साथ सही वक्त पर ठोस निर्णय लिए जा सकें।

बैठक में यूनियन के उपमहासचिव मनीष कुमार, हमीरपुर यूनिट के प्रधान कृष्ण पाल व सचिव राजेश कुमार, बड़सर यूनिट के सचिव राजकुमार व डिंपल कुमार और टोनी देवी के पूर्व में रहे प्रधान सुभाष चंद्र तथा अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। इस मौके पर टोनी देवी यूनिट के चुनाव भी करवाए गए, जिसमें प्रधान सतीश कुमार, वरिष्ठ उप प्रधान सुनील कुमार, उपप्रधान विनय कुमार, सचिव राजेश कुमार, ज्वाइंट सेक्रेटरी सपना कुमारी, कोषाध्यक्ष साहिल चौहान, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, महेंद्र सिंह, चीफ एडवाइजर रमेश कुमार, प्रेस सचिव राजेश कुमार और ऑडिटर अमित कुमार व दीपक कटोच को बनाया गया है।

## बूथ अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी की रीढ़: प्रदेश संगठन मंत्री

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** ग्रास रूट पर अगर भाजपा मजबूत होगी, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं का पार्टी में सम्मान होगा, ऐसे में भाजपा को कोई भी चुनाव जीतने में परेशानी नहीं हो सकती है। ढटवाल मंडल के ढुडार में आयोजित बूथ स्तर संगठन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज भाजपा का हर एक कार्यकर्ता जो पार्टी के लिए दिन-रात कार्य कर रहा है, का मान सम्मान होना बहुत जरूरी है।



भाजपा जब चुनाव जीतती है तो इन्हीं कार्यकर्ताओ की मेहनत का नतीजा होता है। ऐसे में मंडल अध्यक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि संगठन में हर एक कार्यकर्ता की भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि भाजपा का संगठन हिमाचल प्रदेश में और ज्यादा मजबूत हो सके। सिद्धार्थन ने यह भी जोर देकर कहा अगर आपके क्षेत्र में मन की बात लेकर कोई कार्यक्रम होता है जिस कार्यक्रम में अगर प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित हो ऐसे में बूथ अध्यक्ष को पार्टी अध्यक्ष के बैठने के लिए स्थान सुनश्चित करें प्रदेशाध्यक्ष को बूथ अध्यक्ष का पता चल सके। जिस तरह नेताओं का सम्मान होता है, इस तरह ग्रास रूट पर हर एक कार्यकर्ता का सम्मान होना चाहिए। उन्हें पहली पंक्ति में बिठाकर उनकी हर भावना का आदर करना चाहिए, तभी पार्टी मजबूत होगी।

इस अवसर पर बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटयाल, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रवक्ता विनोद ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता कमल नयन शर्मा सहित सभी बूथों के अध्यक्ष मौजूद थे।

# धर्मशाला में रविवार को होगा दूसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025'

## मुख्यातिथि पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली करेंगे समारोह का शुभारंभ

### डीसी हेमराज बैरवा विशिष्ट, एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री विशेष एवं एसपी विजिलेंस बलवीर सिंह होंगे विशेष आमंत्रित अतिथि

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**




**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश का तेजी से उभरता दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित करने जा रहा है। यह समारोह उन नायकों को समर्पित है, जो बिना किसी शोहरत या चर्चा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। दूसरा अनंत पुलिस प्राइड समारोह धर्मशाला के राजकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में रविवार 22 जून को आयोजित होगा। समारोह सायं 3 बजे से शुरू हो जाएगा, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली करेंगे। डीसी हेमराज बैरवा समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे, जबकि एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री विशेष अतिथि तथा विजिलेंस के एसपी बलवीर सिंह विशेष आमंत्रित अतिथि होंगे।

### इन्हें किया जाएगा सम्मानित

**कार्यालय** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांगड़ा स्थित धर्मशाला के अधीन आते पालमपुर पुलिस थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर भूपेंद्र ठाकुर, शाहपुर पुलिस थाना के प्रभारी सब इंस्पेक्टर करतार सिंह, कांगड़ा पुलिस स्टेशन के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर विजय सिंह, धर्मशाला पुलिस थाना के प्रभारी इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार, पालमपुर पुलिस थाना के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर हेड कांस्टेबल सुदेश कुमार, भवारना पुलिस थाना के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर हेड कांस्टेबल दुल्लो राम, कांगड़ा पुलिस थाना में तैनात लांस हेड कांस्टेबल अभिषेक को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, पुलिस अधीक्षक, सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कांगड़ा स्थित धर्मशाला के अधीन आते इंस्पेक्टर दलीप सिंह, इंस्पेक्टर बचन सिंह, एएसआई यशवंत सिंह और हेड कांस्टेबल मंजीत सिंह को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा देहरा डिवीजन के अधीन आते सीआईए स्टाफ के इंस्पेक्टर संदीप पठानिया, खुंडियां की एसएचओ इंस्पेक्टर पूनम, हरिपुर के एसएचओ सब इंस्पेक्टर मंजीत, संसारपुर टैरेस के एसएचओ सब इंस्पेक्टर संजय कुमार, मौहीं के सब इंस्पेक्टर संजीव, खुंडियां के सब इंस्पेक्टर रघुजीत, सीआईए स्टाफ के एएसआई अनिल, मौहीं के ऑनरेरी एएसआई सतनाम, सीआईए स्टाफ के हेड कांस्टेबल संजीव, ज्वालामुखी पुलिस थाना के हेड कांस्टेबल रणवीर, सिक्योरिटी ब्रांच के हेड कांस्टेबल सचिन, साइबर सैल देहरा ब्रांच के कांस्टेबल अवतार सिंह, नोडल पुलिस थाना हरिपुर के कांस्टेबल रमित कुमार, रक्कड़ पुलिस थाना के कांस्टेबल अनिल और देहरा पुलिस थाना के कांस्टेबल राजिंद्र को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित किया जाएगा।

# छत्तर के पास अनियंत्रित हुई गाड़ी, पांच लोग घायल

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**




**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के समीप छत्तर के पास एक बड़ा सड़क हादसा उस समय टल गया जब सरकाघाट से आ रही एक गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह सभी लोग सरकाघाट से जोगिंद्रनगर की ओर आ रहे थे कि अचानक छत्तर के समीप वाहन संतुलन खो बैठा। गाड़ी में सवार सभी लोग घायल हो गए, जिन्हें मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस सेवा की सहायता से तत्काल सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर लाया गया।

घायलों की पहचान जोगिंदर सिंह कुंदल सिंह, बीना देवी पत्नी जोगिंदर सिंह, कोनिका पुत्री जोगिंदर सिंह तीनों निवासी ढेंलू, अभिलाषा पत्नी जितेंद्र कुमार और आंचल पुत्री जितेंद्र कुमार, निवासी समलोट के रूप में हुई है। सभी घायलों का उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। पुलिस थाना जोगिंद्रनगर की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामला दर्ज कर लिया है। गनीमत रही कि हादसा गंभीर रूप नहीं ले पाया, अन्यथा जानमाल की भारी क्षति हो सकती थी।

## न्यूज ब्रीफ

### आईएएस और एचएएस परिवीक्षाधीन अधिकारी राज्यपाल से मिले



आईएएस और एचएएस परिवीक्षाधीन अधिकारी राज्यपाल के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में वर्ष 2024 बैच के दो भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों और 2025 बैच के हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के 19 परिवीक्षाधीन अधिकारियों से मुलाकात की। ये अधिकारी वर्तमान में डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान में पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राज्यपाल ने अधिकारियों को जनसेवा के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर दिया कि प्रशासनिक अधिकारियों को हमेशा समाज के हित को निजी उद्देश्यों से ऊपर रखना चाहिए और सामाजिक सेवा की भावना को कभी कम नहीं होने देना चाहिए।

### भाजपा की प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी गेयटी थियेटर में कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा ने एक महत्वपूर्ण प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आगामी 21 जून, शनिवार को दोपहर 2 बजे से गेयटी थिएटर द रिज शिमला में आयोजित होगा। इस विशिष्ट आयोजन की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय टंडन सह-प्रभारी, भाजपा और नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर उपस्थित रहेंगे। सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। दी।

### 'टीबी मुक्त भारत अभियान' में राज्यपालों की सक्रिय भूमिका पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** 'टीबी मुक्त भारत अभियान' को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक उच्चस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य सचिव पुन्या सलीला श्रीवास्तव ने की, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपालों के सचिवों ने हिस्सा लिया।
बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य स्तर पर टीबी उन्मूलन के प्रयासों को मज़बूत करना और इसमें जनभागीदारी बढ़ाना था।
केंद्र सरकार ने विशेष रूप से राज्यपालों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए, 'निक्षय मित्र' पहल के तहत सामुदायिक सहभागिता को और अधिक सशक्त करने पर जोर दिया।
हिमाचल की ओर से राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा ने बैठक में भाग लिया और राज्य में चल रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रमों और राज्यपाल के सक्रिय योगदान की जानकारी दी।

# मिडल स्कूल कैंथली में सामान ले उड़े चोर

**हाशु शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** उपमंडल चुराह के एक सरकारी स्कूल में चोरों ने सेंधमारी की और स्कूल से कीमती सामान चुरा ले गए हैं। शातिरों ने राजकीय माध्यमिक पाठशाला कैंथली में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस दौरान चोरों ने कम्प्यूटर, प्रिंटर, पंखा, इंडक्शन, गैस सिलेंडर, गैस पाइप, रेगुलेटर व खाद्य सामग्री सहित करीब 2,500 रुपए नकद चुरा लिए। इस घटना से स्कूल प्रबंधन को लाखों का नुक्सान हुआ है।

बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह जब स्कूल का स्टाफ स्कूल पहुंचा तो स्कूल का दृश्य देखकर हैरान रह गए। स्कूल के कई दरवाजे टूटे हुए थे। वहीं, स्टाफ ने इसकी सूचना एसएमसी व पंचायत प्रतिनिधियों को दी। सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत कोहाल के उपप्रधान युगल किशोर, ठाकुर सिंह चौहान, पूर्व बीडीसी सदस्य और वार्ड सदस्य मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। इसके साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों व स्कूल स्टाफ ने घटना की जानकारी पुलिस को भी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शिक्षकों व स्थानीय लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। वहीं, आसपास के क्षेत्रों में छानबीन भी की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। इसके साथ ही पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# उम्रदराज पेंशनभोगियों की बल्ले-बल्ले

## प्रदेश सरकार ने दी राहत, जून अंत तक मिलेगी 70 फीसदी बकाया पेंशन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सरकारी पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। राज्य सरकार जून 2025 के अंत तक एक जनवरी, 2016 से प्रभावी पेंशन और पारिवारिक पेंशन के संशोधन से संबंधित शेष बकाया राशि का 50 फीसदी जारी करेगी। इस नई किश्त के जारी होने के साथ, पात्र पेंशनभोगियों को देय कुल बकाया राशि का 70 फीसदी संचयी भुगतान हो जाएगा।

वित्त (पेंशन) विभाग द्वारा जारी एक कार्यालय ज्ञापन में इस निर्णय की जानकारी दी गई। यह भुगतान उन बुजुर्ग पेंशनभोगियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है जो लगभग एक दशक से अपने बकाये के पूर्ण निपटान का इंतजार कर रहे थे। इससे पहले, 17 सितंबर, 2022, 13 मार्च, 2024, 28 अगस्त, 2024 और 19 अक्तूबर, 2024 को विभिन्न किश्तें पहले ही जारी की जा चुकी हैं। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यह भुगतान केवल उन सरकारी पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों तक ही सीमित रहेगा, जिनकी आयु जून 2025 तक 70 वर्ष या उससे अधिक हो गई है।

प्रधान सचिव (वित्त) देवेश कुमार द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में सभी पेंशन संवितरण प्राधिकरणों (पीडीए) को निर्देश दिए गए हैं कि वे बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं सहित यह सुनिश्चित करें कि कोई अतिरिक्त राशि का भुगतान न किया जाए। यदि कोई पूर्व अतिरिक्त भुगतान वसूला जा सकता है, तो उसे संवितरण से पहले बकाया राशि की नई रिलीज से समायोजित किया जाना चाहिए।

### सुचारु क्रियान्वयन पर जोर

**भुगतान** के सुचारु क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सीधे पीडीए पर डाल दी गई है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि बकाया राशि की उचित गणना की जाए और निर्धारित समय के भीतर भुगतान किया जाए। सभी प्रशासनिक विभागों और संबंधित मंडल आयुक्तों-विशेष रूप से शिमला, मंडी और कांगड़ा को आदेश का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्रवाई करने के लिए अधिसूचित किया गया है।

# केंद्र से मिली राहत राशि का सही इस्तेमाल करे सरकार : जयराम



**अनंत ज्ञान, नाहन।** पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और हमेशा सहयोग दे रही हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में वर्ष-2023 में बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने की प्राकृतिक आपदाओं के दृष्टिगत राहत राशि के रूप में 2006.40 करोड़ रुपए की पुनर्प्राप्ति और पुनर्निर्माण योजना की स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया। यह आर्थिक सहायता आपदा प्रभावित परिवारों के लिए संबल साबित होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल कांग्रेस सरकार केंद्र सरकार द्वारा दी गई धनराशि का इस्तेमाल पूरी पारदर्शिता के साथ प्रभावित परिवारों तक पहुंचाएगी। सुक्खू सरकार को केंद्र सरकार का आभार भी जताना चाहिए।

# भोरंज में 450 ग्राम चरस सहित दो युवक गिरफ्तार, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज के तहत थाना भोरंज के अंतर्गत पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। बुधवार देर रात थाना भोरंज की पुलिस ने गश्त के दौरान 450 ग्राम चरस के साथ दो युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई भोरंज पुलिस के एएसआई संजीव पुडीर के नेतृत्व में टिक्कर भराईयां क्षेत्र में की गई, जब टीम रात्रि गश्त पर थी। पुलिस को सड़क किनारे दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए, जिन्हें पूछताछ के लिए रोका और तलाशी ली तो उनके बैग से 450 ग्राम चरस (कैनाविस) बरामद की गई।

युवकों की पहचान नीरज ठाकुर, पुत्र चमन लाल, निवासी कारनी, जिला मंडी व संजीव कुमार, पुत्र अशोक कुमार, निवासी डुंगरी, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। इसके अलावा, मादक पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त बाइक (एपी74-9687) को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। थाना भोरंज में दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह चरस कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

# धर्मपुर में युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

**रितेश, अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की टौरखोला पंचायत के जरेड गांव के 29 वर्षीय इंजीनियर युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी। मिली जानकारी के अनुसार विक्रांत लखरवाल पुत्र विनोद लखरवाल नगर परिषद सरकाघाट के बैहड वार्ड ने कमरा लेकर किराए पर रह रहा था और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। युवक के स्वजनों ने बताया कि विक्रांत कुछ महीनों से मानसिक तनाव में था। गत रात्रि को उसने गलती से किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया और अपनी जान दे दी। सुबह जब वह देर तक नहीं उठा तो पड़ोसियों ने उसका दरवाजा खटखटाया और जब उसने कोई उतर नहीं दिया, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी।









## न्यूज ब्रीफ

### डडोआ में युवक को सांप ने काटा, टांडा में भर्ती

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर के तहत डडोआ गांव में बुधवार रात करीब नौ बजे एक युवक को सांप ने डस लिया। 24 वर्षीय सुरेश कुमार अपने दोस्तों को पानी देने के लिए घर से बाहर गया था। सुरेश कुमार ने बताया कि उसके दोस्त सड़क किनारे खड़े थे और उन्होंने पानी मांगा। जैसे ही वह पानी लेकर उनके पास पहुंचा, एक जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। इसके बाद परिजनों ने निजी वाहन से सिविल अस्पताल डाडासीबा पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद सुरेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया। सुरेश कुमार टांडा अस्पताल में उपचाराधीन है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### उपमंडल धीरा की गगल पंचायत में बावड़ी को संवारा



**राकेश डोगरा, डरोह।** उपमंडल धीरा की गगल पंचायत में उपदमकल केंद्र धीरा के सौजन्य से गगल खास के पंचायत व आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता व स्थानीय लोगों की मदद से त्रिवेणी महादेव मंदिर के साथ लगती बावड़ी की साफ-सफाई की गई। इसके साथ-साथ वहां पर पौधारोपण भी किया गया। इस कार्य में उपदमकल केंद्र धीरा से एलएफएम भूपिंदर कुमार, रज्जू जग्गी, एफ एम अजीत सिंह, पीवी आर सुदेश कुमार, भागीरथ व स्थानीय पंचायत प्रधान प्रधान सिंह, उपप्रधान भुट्टू सिंह भटेड़िया आदि उपस्थित रहे।

### लोग बनाएं योग को दिनचर्या का हिस्सा



**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय महोत्सव 21 जून को खेल परिसर धर्मशाला में मनाया जाएगा। योग सत्र सुबह 6:30 से 8:00 बजे तक चलेगा। उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरद चंद्र त्रिवेदी ने बताया कि योग प्रशिक्षक विभिन्न शिक्षण संस्थानों व बीएड कॉलेज, आईटीआई, आंगनबाड़ी केंद्रों, नशा मुक्ति केंद्रों व विभिन्न पंचायतों में करवा रहे हैं। उन्होंने आम जन से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने व धर्मशाला पहुंचकर इस भव्य समारोह का हिस्सा बनने का अनुरोध किया है।

### गाड़ी चालक व बाइक सवार युवकों में हाथापाई

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर के तहत खडलोह चौक पर गाड़ी चालक संजय कुमार व बाइक सवार तीन युवकों में किसी बात को लेकर हाथापाई हो गई। संजय कुमार गाड़ी से मलहंता अपने घर जा रहा था, जबकि बाइक पर सवार तीन युवक भी इसी तरफ जा रहे थे कि रास्ते में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। फतेहपुर थाना प्रभारी पवन गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षों का मेडिकल करवाकर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### नए छात्रों के लिए मार्गदर्शक केंद्र स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धर्मशाला इकाई के सचिव केशव मसंद ने कहा कि नए सत्र के आरंभ पर महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक केंद्र स्थापित किया गया है। यह केंद्र विद्यार्थियों को शैक्षणिक जानकारी, पाठ्यक्रम चयन, छात्रावास सुविधा, छात्रवृत्ति, तथा महाविद्यालय प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि परिषद का प्रयास रहता है कि नए विद्यार्थी किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करें और उन्हें सही दिशा में उचित मार्गदर्शन मिले।

---

**विद्युत मंडल फतेहपुर यूनिट ने की बैठक; कहा- बिना पदोन्नति के रिटायर हो रहे कर्मचारी**

# ग्रेच्युटी, संशोधित वेतनमान की बकाया राशि का भुगतान न करने पर जताया रोष

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**



विद्युत मंडल फतेहपुर की फतेहपुर यूनिट की बैठक यूनियन के जिला संगठन सचिव बाल किशन शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

**फतेहपुर।** विद्युत मंडल फतेहपुर की फतेहपुर यूनिट की बैठक वीरवार को यूनियन के जिला संगठन सचिव बाल किशन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कर्मचारी यूनियन के राज्य संगठन सचिव अश्विनी ठाकुर ने कहा कि पिछले लंबे अरसे से सीनियर असिस्टेंट से सुपरिंटेंडेंट, सुपरिंटेंडेंट से सेक्शन ऑफिसर, लाइनमैन से फोरमैन और फोरमैन से स्पेशल फोरमैन पद की पदोन्नति के आदेश जारी न होने के कारण 28 से 30 वर्ष सेवाएं देने के बाद भी कर्मचारी बिना पदोन्नति के रिटायर हो रहे हैं।

इससे कर्मचारियों में प्रदेश सरकार और बोर्ड प्रबंधक वर्ग के प्रति रोष है। बोर्ड प्रबंधन इन पदोन्नति आदेशों को शीघ्र जारी करें। विद्युत पेंशनर फोरम के राज्य उपाध्यक्ष पवन मोहल ने कहा कि पिछले दो वर्षों रिटायर कर्मचारियों को लिव इन कैशमेंट, ग्रेच्युटी, संशोधित वेतनमानों की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया। साथ में संशोधित वेतनमान की बकाया राशि की पहली किस्त 50000 रुपए और 20 प्रतिशत ग्रेज्युटी की भी अदायगी नहीं दी गई और न ही संशोधित वेतनमान की बकाया राशि का भुगतान किया गया। बोर्ड प्रबंधन इन सभी वित्तीय लाभों का एक मुश्त भुगतान करे। इस अवसर पर इंजीनियर चैन सिंह पठानिया, फतेहपुर यूनिट के प्रधान ठाकुर शंकर सिंह सचिव ज्ञान सिंह, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

# राज्य स्तरीय जन्माष्टमी महोत्सव की सौंप दी हैं जिम्मेदारियां: एसडीएम

## नूरपुर में 15 से 17 अगस्त तक मनाया जाएगा महोत्सव

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम अरुण।

राज्य स्तरीय जन्माष्टमी महोत्सव इस वर्ष 15 से 17 अगस्त तक नूरपुर में मनाया जाएगा। श्री बृजराज स्वामी मंदिर में मनाए जाने वाले इस महोत्सव की तैयारियों को लेकर एसडीएम अरुण शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। एसडीएम ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

नूरपुर का ऐतिहासिक श्री बृजराज स्वामी मंदिर श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, जहां जन्माष्टमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। एसडीएम ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, जलापूर्ति, सफाई, अग्निशमन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। बैठक में तहसीलदार राधिका सैनी, नायब तहसीलदार गगन सिंह, बिजली बोर्ड के एसडीओ भूपिंदर सिंह, ईओ इंडसट्रीज अर्जुन वर्मा, खाद्य आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार,मंदिर कमेटी के प्रधान दविंदर शर्मा, सदस्य सुनिल पिंटू, नरेंद्र शर्मा तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# एक और नशा तस्कर गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



पुलिस के साथ गिरफ्तार चरस तस्कर।

**इंदौरा।** नशा तस्करी के एक मामले में संलिप्त कुख्यात एक नशा तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जिला नूरपुर में पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान में कामयाबी हासिल की है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि 4 अप्रैल, 2025 को नशा माफिया के विरुद्ध एक बड़ी कारवाई अमल में लाई गई थी, जिसमें एक्साइज बैरियर चौकी में नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल ( एचपी 97-5382 ) पर सवार के कब्जे से 74.83 ग्राम हैरोइन बरामद की गई थी।

जांच में पाया गया कि आंचल पुत्र विद्यासागर निवासी गांव व डाकघर चौकी, तहसील इंदौरा एक कुख्यात नशा तस्कर है और उसके विरुद्ध 5 अक्तूबर 2019 को 6.36 ग्राम हेरोइन, 25 जनवरी 2021 को 377.08 ग्राम हेरोइन, जिसकी कीमत 20 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है व 1.74 लाख रुपए नकदी तथा 4 अप्रैल, 2025 को उक्त मामले मामले में वांछित था। जांच में पाया कि नशा तस्करी के मामलों में उक्त आरोपी का बेटा सिकंदर उर्फ निम्मा भी शामिल है, जिसकी तलाश जिला पुलिस नूरपुर की ओर से लगातार अमल में लाई जा रही थी। आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए नूरपुर और शिमला की अदालतों में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई थी। दोनों जगह से उसे निराशा हाथ लगी। सुप्रीम कोर्ट में भी जमानत याचिका दायर की, लेकिन जमानत की संभावना न देख वापस ले ली।

---

### टकोलीघिरथां गांव की राजसी ने बिना कोचिंग पास की नीट परीक्षा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर तहसील की टकोलीघिरथां गांव की राजसी चौधरी ने नीट परीक्षा में 605 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 1060 रैंक प्राप्त की है। राजसी की इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। राजसी के पिताजी राकेश रिहालिया एक्साइज विभाग में सहायक राज्य कर एवं आबकारी



अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता बंदना देवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। राजसी ने नीट क्लीयर करने के लिए किसी तरह की कोचिंग नहीं ली है। सारी तैयारी घर बैठकर अपने स्तर पर की है। राजसी ने कहा कि वह स्कूल टाइम से ही डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती थी। यही कारण है कि उन्होंने इस क्षेत्र को चुना। राजसी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया।

---

# उपमंडल संसारपुर टैरेस की पंचायतों में लग रहे अघोषित बिजली कट, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



बाड़ी, घमरूर, रिडी, नारी और घाटी पंचायत में अघोषित बिजली कट लगने पर नाराजगी जताते ग्रामीण।

**विद्युत** उपमंडल संसारपुर टैरेस के तहत आने वाली पांच पंचायत बाड़ी, घमरूर, रिडी, नारी और घाटी के लोग अघोषित बिजली कट से काफी परेशान हैं। दो दिन से हालात और भी बिगड़ गए हैं। लोगों के अनुसार, सुबह उठते ही बिजली नहीं होती, दिन में कई बार कट लगते हैं और रात को भी अंधेरे में गुजारनी पड़ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि 'तकनीकी खराबी' का हवाला देकर विभाग जिम्मेदारी से बचता रहेगा? स्थानीय निवासी पवन कुमार, अश्विनी कुमार, अरुण कुमार, नरेश कुमार और संदीप कुमार ने बताया कि बीते 20 दिन से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन विभाग की ओर से न तो कोई पूर्व सूचना दी जाती है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था होती है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न होने से न सिर्फ घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, ऑनलाइन क्लास सहित अन्य जरूरी कार्य भी ठप पड़ गए व्यापारी वर्ग और छोटे दुकानदार भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि बिजली व्यवस्था को स्थायी रूप से दुरुस्त किया जाए और किसी भी कटौती से पहले लोगों को सूचित किया जाए, ताकि वे आवश्यक तैयारी कर सकें। विद्युत मंडल देहरा के अधिशाषी अभियंता वैलाश कुमार ने बताया कि बिजली की समस्या तकनीकी खराबी के कारण आई है और अब खराबी की पहचान कर ली गई है। जल्द ही इसे ठीक कर दिया जाएगा।

---




**विविध पर्यटन के सामंजस्यपूर्ण विकास पर जोर**

# हिमाचल पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान

## सुक्खू सरकार की दूरगामी नीतियों से पर्यटकों को मिलेगा अभूतपूर्व लाभ



## योजनाओं को धरातल पर उतारने के प्रयास जारी

**हिमाचल प्रदेश की सुरम्य वादियां, जहां देवदार के वृक्ष आकाश चूमते हैं और नदियां कलकल करती बहती हैं। अब एक नए अध्याय की दहलीज पर खड़ी है। सीएम सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार ने हिमाचल के पर्यटन को केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव बनाने का संकल्प लिया है। यह एक ऐसी पहल है, जो न केवल सैलानियों को अभूतपूर्व सुकून और रोमांच प्रदान करेगी, बल्कि इस देवभूमि की आर्थिक धमनियों में भी नया रक्त संचार करेगी। हिमाचल धार्मिक, साहसिक और हेरिटेज तीनों ही प्रकार के पर्यटन के लिए अपार संभावनाओं वाला राज्य है। सरकार इन सभी पहलुओं को संतुलित तरीके से विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सरकार एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के सहयोग से राज्य के प्रसिद्ध मंदिरों का सुंदरीकरण कर रही है। साथ ही, प्रमुख शक्तिपीठों को धार्मिक गलियारों के माध्यम से जोड़ा जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा हो और धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके।**

### साहसिक और हेरिटेज पर्यटन में वृद्धि

**साहसिक** और हेरिटेज पर्यटन में वृद्धि हो रही है। नए पर्यटन स्थलों की पहचान कर उन्हें विकसित किया जा रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष पैकेज तैयार किए जा रहे हैं। हाल ही में सफलतापूर्वक आयोजित पैराग्लाइडिंग विश्वकप इसका एक शानदार उदाहरण है, जिसने हिमाचल को वैश्विक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया है।

### राज्यव्यापी कार्निवाल को बढ़ावा

**राज्यव्यापी** कार्निवाल को बढ़ावा देने की पहल हो रही है। पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय संस्कृति को उजागर करने के उद्देश्य से कांगड़ा, शिमला और अन्य सभी जिलों में कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। ये आयोजन न केवल पर्यटकों को लुभाएंगे, बल्कि स्थानीय व्यवसायों को भी लाभ पहुंचाकर राज्य के राजस्व में वृद्धि करेंगे। बुनियादी ढांचे व कनेक्टिविटी पर लक्षित किया जा रहा है। पर्यटकों के लिए आरामदायक प्रवास सुनिश्चित करने के लिए मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार किए जा रहे हैं। दिल्ली, चंडीगढ़ और अन्य महानगरों में आयोजित पर्यटन कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री की सक्रिय भागीदारी के परिणामस्वरूप कई बड़े होटल समूह हिमाचल में निवेश करने को उत्सुक हैं। कई नामी होटल खुल चुके हैं, जबकि कुछ पांच सितारा होटल निर्माणाधीन हैं।

### परिवहन नेटवर्क का विस्तार

**पर्यटन** की सफलता में बेहतर कनेक्टिविटी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। हिमाचल में नए फोरलेन का निर्माण किए जा रहे हैं और ग्रीन कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं। इन कॉरिडोर पर ई-वाहन चार्जिंग की सुविधा के साथ-साथ होटल भी उपलब्ध होंगे। एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी केंद्र सरकार के साथ लगातार बातचीत जारी है।

### एचपीडीसी होटलों का कायाकल्प व केंद्र का सहयोग

**निगम** के होटलों में 'मेगा रेनोवेशन' का कार्य शुरू हो गया है, ताकि वे पर्यटकों को विश्व-स्तरीय सुविधाएं प्रदान कर सकें। इस पहल के सकारात्मक परिणाम दिखने शुरू हो गए हैं, एचपीटीडीसी का टर्नओवर 87 करोड़ रुपये से बढ़कर 109 करोड़ रुपए हो गया है, और इसे और बढ़ाने का लक्ष्य है। केंद्र सरकार भी हिमाचल में पर्यटन को बढ़ावा देने में सक्रिय सहयोग दे रही है। राज्य ने कई नई योजनाएं तैयार कर केंद्र को स्वीकृति के लिए भेजी हैं। एडीबी के माध्यम से पहले से ही 2400 करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम चल रहा है, और कई नए प्रस्ताव विचाराधीन हैं।

### भविष्य की ओर एक कदम समावेशी पर्यटन विकास

**प्रदेश** सरकार सिर्फ मौजूदा सफलताओं पर ही नहीं रुकने वाली। राज्य गोल्फ कोर्स, वेडिंग डेस्टिनेशन, पुरानी मनाली का जीर्णोद्धार, चंबा को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना और जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देना जैसी कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर भी काम कर रही है। सभी के सामूहिक प्रयासों से हिमाचल प्रदेश एक ऐसा गंतव्य बनेगा, जहां हर तरह के पर्यटक को यादगार अनुभव मिलेगा और यह राज्य की आर्थिक प्रगति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

**विशेष प्रस्तुति : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**





---



# मन को सुकून देती सिराज की वादियां

**हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में प्रकृति ने कई रंग बिखेरे हैं। यहां के कई मनोरम स्थल प्रकृति के अद्भुत नजारों को अपने आप में समेटे हुए हैं। कुल्लू जिले की ऊझी घाटी हो या फिर बंजार, सैंज, मनीकर्ण, लगघाटी घाटी, जो अपने में प्रकृति के अनमोल खजाने छुपाए बैठी है। इन्हीं में से एक है बंजार घाटी का जलोड़ी दर्रा। समुद्र तल से लगभग 3120 मीटर की ऊंचाई पर घने जंगलों से घिरी सुंदर पहाड़ी, जहां से एक ओर इनर सराज यानी बंजार घाटी तो दूसरी ओर दूर-दूर तक फैली आउटर सराज घाटी के हसीन नजारे देखते ही बनते हैं। ऐसा प्रतीत होता है, मानों सामने दूर खड़े नारकंडा व शिमला जिले के अन्य पहाड़ इस सुंदर पहाड़ी के आलिंगन को आतुर हों। बंजार से जैसे ही जलोड़ी जोत की ओर नजर दौड़ाई जाए, तो यहां एक से एक बढ़कर रमणीक पर्यटक स्थल हैं, जिस कारण यहां प्रतिवर्ष देसी-विदेशी पर्यटक खींचे चले आते हैं। पहाड़ियों पर देवदार के घने जंगल, शांत व हरी-भरी वादियों को देखकर महसूस होता है कि मानों यहां के जर्रे-जर्रे को कुदरत ने बड़े ही मनोयोग से गढ़ा है। जिले की इनर सराज व आउटर सराज घाटियों को जोड़ने वाले जलोड़ी दर्रे व इसके आस-पास की पहाड़ियों पर प्रकृति ने अपनी अद्भुत छटा बिखेरी है, जिससे ये खूबसूरत वादियां देश-विदेश के पर्यटकों की पसंदीदा सैरगाह बनती जा रही हैं। इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। बस जरूरत है इन अपार संभावनाओं के पर्याप्त दोहन की।**

## प्राकृतिक सौंदर्य से लबालब है जलोड़ी दर्रा, रघुपुरगढ़



### जलोड़ी से दिखते हैं आउटर व इनर सराज के नजारे

**करीब** छह किलोमीटर ऊनी जलोड़ी दर्रे पर पहुंचते ही चारों ओर का विहंगम दृश्य सचमुच अहलादित कर देता है। जलोड़ी टॉप में जहां काली माता का सुंदर मंदिर है। वहीं, जलोड़ी टॉप की शांत वादियां और इसके दोनों ओर इनर व आउटर सराज घाटी के नजारे तथा ठीक सामने शिमला जिले की पहाड़ियों के मनोहारी दृश्य सपीर्ली सडकों के सफर की सारी थकान पल भर में दूर कर देते हैं। जलोड़ी के आस-पास काफी घने जंगल हैं और यहां कई रमणीय स्थल हैं।

### ऊंची पहाड़ी पर स्थित है रघुपुरगढ़

**जलोड़ी** दर्रे की दूसरी ओर ऊंची पहाड़ी पर स्थित है रघुपुरगढ़। लगभग एक घंटे की पैदल यात्रा के बाद रघुपुरगढ़ पहुंचा जा सकता है। रघुपुरगढ़ से चारों ओर नजर दौड़ाने पर इनर सराज, आउटर सराज, जलोड़ी दर्रे, सोझा, सकीर्ण जोत, नारकंडा, कोटगढ़, शिकारी देवी, करसोग और किन्नौर की पहाड़ियों की दीदार होते हैं। कई महीनों तक बर्फ से ढकी रहने वाली रघुरपुरगढ़ की पहाड़ियों गर्मियों में जब श्वेत चादर उतार कर हरित आवरण ओढ़ती हैं, तो ये पर्यटकों को अठखेलियों के लिए निमंत्रित करती प्रतीत होती हैं। **विशेष प्रस्तुतिः कमलेश वर्मा, कुल्लू।**

## न्यूज ब्रीफ

### 538 ग्राम चरस के साथ तीन कार सवार काबू



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस ने कार सवार पठानकोट के तीन युवकों को 538 ग्राम चरस बरामद के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी अशोक रतन ने बताया कि पुलिस द्वारा पठानकोट-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंडवाल बैरियर में नाकाबंदी कर वाहनों व दस्तावेजों की जांच की जा रही थी। इस दौरान गाड़ी नंबर डीएल-10- यूएस-9222 में सवार हर्ष डोगरा पुत्र नरेश डोगरा, अक्षित रांचल पुत्र हर्षित कुमार व दुष्यंत पुत्र अश्वनी कुमार निवासी पठानकोट के कब्जे से 538 ग्राम चरस बरामद की। तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया और आगामी कार्रवाई जारी है।

### परौर स्कूल में जांचा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** शहीद सुरेंद्र सिंह राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परौर में स्वास्थ्य विभाग भवारना की ओर से 16 से 19 जून तक 4 दिवसीय स्वास्थ्य चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य जांच कैंप में प्रधानाचार्या संगीता व विद्यालय परिवार के सदस्यों ने सहयोग किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. रीना चौधरी, कंचन वालिया व मेघा उपस्थित रहे।

### बीएसएनएल पेंशनर्स की नहीं मानी जा रही मांगें

**अनंत ज्ञान, योल।** केंद्रीय दूर संचार व भारत दूरसंचार निगम लि. के सेवानिवृत्त पेंशनर्स काफी लंबे समय से भारत सरकार से मांग करते आ रहे हैं, परंतु आज तक तक कोई मांग स्वीकृत नहीं हुई। दूसरे वेतनमान का 01-01-2007 से 09-06-2013 के मध्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एरियर, 01-01-2017 से आज तक तीसरा वेतनमान और 2018-19 का मेडिकल भत्ता नहीं इन पेंशनर्स को नहीं मिला। बीएसएनएल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन कांगड़ा के सचिव लाल चंद चौधरी ने बताया कि कमुटेशन की राशि जो कि 10 साल 8 मास से अधिक रिकवर की है, उस राशि का कोई रिफंड भी अभी तक नहीं हुआ है, जबकि इस राशि की अदायगी के लिए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था, लेकिन प्रदेश सरकार कोर्ट के आदेश को अनदेखा कर रही है।

### राहुल के जन्मदिन पर हरिपुर में लगाया रक्तदान शिविर



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** कांग्रेस के युवा नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस पर हरिपुर के सीएचसी में रक्तदान शिविर लगाया गया। देहरा विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक नरोत्रा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर लगाया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजकुमार ने रक्तवीरों को फल व जूस बांटा और सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया।

### खबली और पाईसा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, देहरा।** 11 केवी खबली फीडर की तारों को स्थानांतरित करने के लिए 20 जून को 11 केवी खबली व देहरा फीडर के तहत आने वाले खबली, पाईसा, मानगढ़, जालंधर लाहर, रेहन बसेरा, मलेटा, बाड़ी व एचआरटीसी और 24 जून को 11 केवी गुम्मर एक्सप्रेस फीडर की जरूरी मरम्मत व रखरखाव के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उप मंडल देहरा ने दी।

### पपरोला में कल लगेगा फ्री मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल के पपरोला में 21 जनू को फोर्टिस हॉस्पिटल कांगड़ा की ओर से फ्री मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। कैंप के आयोजक अमित सोनी ने कहा कि यह कैंप पपरोला के रुद्राक्ष मॉल नंदिक अजय रेस्टोरेंट में आयोजित होगा। कैंप में स्त्री रोग, हड्डी रोग, सामान्य रोग एवं दंत रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मरीज आकर इस कैंप का आकर लाभ ले।

### कांगड़ा में मानसून से पहले नालियों की सफाई शुरू



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नगर परिषद कांगड़ा ने मानसून से पहले नालियों की सफाई शुरू कर दी है। इस पहल का उद्देश्य शहर की नालियों को साफ रखना और मानसून के दौरान होने वाली समस्याओं को कम करना है। नगर परिषद के सफाई कर्मचारी नालियों की सफाई में जुटे हुए हैं। नगर परिषद अध्यक्ष रेणू शर्मा ने कहा कि बरसात से पहले नालों और नालियों की सफाई शुरू कर दी है। हर बार मानसून से पहले नालों और नालियों की सफाई करवाई जाती है। उन्होंने ने जनता से आग्रह किया है कि वे अपने घरों के आगे से जंगले हटा लें, ताकि अच्छी तरह से सफाई की जा सके। उन्होंने कहा कि जहां पर जेबीसी नहीं पहुंच सकती है, वहां पर स्थानीय लोगों की मदद ली जाती है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# विदेश में नौकरी के नाम पर लाखों रुपए की ठगी

## पुलिस चौकी लंज में आशीष कुमार ने दर्ज करवाई शिकायत

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**





आयरलैंड में नौकरी दिलाने की एवज में लिए 6 लाख रुपए

**धर्मशाला।** कांगड़ा में विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस चौकी लंज में आशीष कुमार निवासी गांव कल्लर, डाकघर लंज, जिला कांगड़ा ने पंजाब के पठानकोट निवासी ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। शिकायत में आशीष ने बताया कि मार्च, 2024 में आयरलैंड में नौकरी के लिए पठानकोट के ट्रैवल एजेंटों से संपर्क किया था।

20 जनवरी, 2025 को दोनों पक्षों के बीच एक लिखित समझौता हुआ, जिसमें एजेंटों ने आयरलैंड, यूरोप में नौकरी दिलाने का वादा किया और इसकी एवज में 6 लाख रुपए ले लिए। साथ ही उसके मूल दस्तावेज, पासपोर्ट और स्कूल की मार्कशीट भी अपने पास जमा कर ली थी। मई, 2025 में आशीष का पासपोर्ट और वीजा रिजेक्ट होकर वापस आ गया। जब उसने आयरलैंड दूतावास में इसकी पड़ताल की, तो उसे पता चला कि एजेंटों ने उसके नाम पर जो वर्क परमिट लैटर जमा किया था, वह जाली था। जब शिकायतकर्ता ने इस धोखाधड़ी के बारे में एजेंटों से पूछा तो उन्होंने उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी देना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने पुलिस थाना कांगड़ा में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर उपरोक्त ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) और 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

### स्कूल सेफ्टी ऐप के तकनीकी पहलू बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) कांगड़ा की ओर से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य स्कूलों में आपदा प्रबंधन तकनीक को सुदृढ़ करना तथा शिक्षकों को डिजिटल माध्यम से आपदा जैसी स्थिति से निपटने के लिए सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण में कांगड़ा, नगरोटा, धर्मशाला और शाहपुर खंडों से लगभग 250 शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने आपदा प्रबंधन योजनाओं के क्रियान्वयन, संसाधनों की उपलब्धता और ऐप की उपयोगिता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण का समन्वय शिक्षा विभाग के उपनिदेशक सुधीर भाटिया ने किया, जबकि संचालन डीडीएमए के प्रशिक्षण प्रभारी कुलदीप सिंह की ओर से किया गया। रिसोर्स पर्सन शबनम ने स्कूल सेफ्टी ऐप के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला।

### मटौर में लगा लंबा जाम, यात्री हुए परेशान



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** मटौर में बस खराब होने से पुल के दोनों ओर काफी देर तक जाम लग गया। इस कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस की ओर से कड़ी मशक्कत के बाद रोड को क्लीयर करवाया गया।

### एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय ने सुनी जनसमस्याएं



**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान। कांगड़ा।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा वीरवार को लोगों की शिकायतें सुनने के लिए सिंबल खोली पंचायत पहुंचे। लोगों ने बिजली, पानी और रास्तों से संबंधित समस्याएं रखीं। उन्होंने मौके पर अधिकतर समस्याओं का समाधान किया और अन्य के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड 3 में रास्ते के लिए 5 लाख रुपए देने की बात कही। वहीं, वार्ड-5 में पानी और रास्ते के कार्य को करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। वार्ड-2 में हरिजन बस्ती के लिए 500 लीटर की पानी की टंकी देने की घोषणा की। लोगों ने सिंबल खोली से टांडा के लिए बस चलाने की मांग रखी गई, जिस पर जल्द कार्रवाई करने के लिए आरएम को निर्देश दिए।

### सीयू में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के विजेता पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यटन, यात्रा प्रबंधन एवं हास्पिटैल्टी मैनेंजमेंट स्कूल तथा इंडिया नॉलेज कंसोर्टियम के संयुक्त तत्वावधान में आधुनिक विश्व में भारतीय दर्शन, संस्कृति एवं परंपराओं की समकालीन प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें आयोजित विभिन्न सत्रों के विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। हर सत्र से एक-एक विद्यार्थी और एक-एक संकाय सदस्य को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया।

### सिद्धिविनायक गोशाला का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा की सिद्धिविनायक गौशाला मुहल में एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन ने अचानक पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उनके साथ तहसीलदार कर्मचंद भी मौजूद रहे। अधिकारी दल ने गोशाला में मौजूद 183 से अधिक गोवंश की स्थिति, चारा, दवाई, टैगिंग और स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन किया। एसडीएम ने कहा कि यह एक सामान्य विजिट थी, किसी शिकायत के चलते नहीं की गई। हमने यहां की व्यवस्था और पशुओं की वास्तविक संख्या की पुष्टि की है। संबंधित डाटा वेटरनरी विभाग से मंगवाया गया है, ताकि रिकॉर्ड का मिलान हो सके। गोशाला के मुख्य संचालक सुनील शर्मा ने का कि एसडीएम ने न केवल व्यवस्थाएं देखीं, बल्कि संवेदना के साथ गोसेवा के महत्व को भी समझा।

### बैंक सीडी रेशो बढ़ाने के लिए करें प्लान तैयार : एडीसी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलआरसी), समन्वय समिति (डीसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक वीरवार को धर्मशाला स्थित डीआरडीए सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने की। बैठक में बैंकिंग योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें, ताकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति मिल सके। वहीं, बैंकों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति व अब तक की उपलब्धियों की रिपोर्ट पर चर्चा की गई। अधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों ने ऋण वितरण, वित्तीय समावेशन तथा सरकारी योजनाओं के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी। साथ ही आगामी समय में लक्ष्यों की पूर्ति और कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए कार्य योजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## विधायक कमलेश के विधानसभा क्षेत्र में आ रही घोटाले की बू : धवाला

### देहरा-ज्वालामुखी में जलशक्ति विभाग की भर्तियों पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, देहरा**



**जलशक्ति** विभाग देहरा और ज्वालामुखी मंडलों में हाल ही में हुई मल्टीटास्क वर्कर भर्तियों को लेकर सियासी भूचाल मच गया है। पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश धवाला ने इन भर्तियों को लेकर भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के गंभीर आरोप लगाए हैं। धवाला ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया सत्ता के संरक्षण में संचालित हुई और इसमें योग्य युवाओं के भविष्य से क्रूर मजाक किया गया।

धवाला ने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र, जो कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी और विधायक कमलेश ठाकुर का निर्वाचन क्षेत्र है, वहां हुई भर्तियों में योग्यता की बजाए सिफारिश और पहुंच को तरजीह दी गई। यहा घोटाले की बू आ रही है। ज्वालामुखी में भर्तियों का पूरा खेल वहां के एक स्थानीय नेता के इशारे पर खेला गया और मेरिट को जानबूझकर कुचला गया। चयन समिति ने किसी भी नियम का पालन नहीं किया और मनमर्जी से परिणाम तैयार किए। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार के दो से तीन सदस्यों को नियुक्त करना दर्शाता है कि यह चयन नहीं, बल्कि सत्ता संरक्षण में की गई नियुक्ति है। रिजल्ट में अभ्यर्थियों की श्रेणियों तक का उल्लेख नहीं किया गया।

**निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन:** धवाला ने सवाल उठाया कि आखिर क्यों एक ही एक्सईएन को बार-बार देहरा और ज्वालामुखी का कार्यभार सौंपा जाता है? इस मामले की आरटीआई के माध्यम से पूरी जानकारी मांगी है और जल्द ही इसका सच जनता के सामने लाया जाएगा। यदि सरकार ने निष्पक्ष जांच नहीं की तो वह विधानसभा से लेकर सड़क तक आंदोलन करेंगे।

## मुरदावाली माता कुंड में श्रद्धालु की डूबने से मौत



**रमन राणा, अनंत ज्ञान**

**भडवार।** विधानसभा नूरपुर के तहत हटली पंचायत में स्थित मुरदावाली माता के कुंड में नहाने गए श्रद्धालु की डूबने से मौत हो गई है। राजेश सिंह उर्फ रिंकू पुत्र लाल चंद निवासी दिल्ली, जो नूरपुर में रेस्तरां में काम करता था। वीरवार सुबह हटली जबाला में स्थित माता मुरादावाली प्राचीन मंदिर में नहाने के लिए गया था, लेकिन नहाते समय कुंड के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। जब श्रद्धालु मंदिर में माथा टेकने पहुंचे, तो उन्होंने कुंड में शव को देखा और इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी। पंचायत प्रधान सुभाष सिंह व उप प्रधान सतबीर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस थाना नूरपुर से एसएचओ सुरेंद्र धीमान पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पंचायत प्रधान सुभाष सिंह ने बताया कि भी इस कुंड में अब तक 7 लोगों की डूबने से मौतें हुई हैं। बीते तीन साल में ही यह चौथी मौत है।

## फिना सिंह डैम टेंडर को निरस्त करे सरकार: बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा कि मुख्य अभियंता विमल नेगी की दुखद मौत से भी सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा। पेखुवेला प्रोजेक्ट को लेकर मैंने सबसे पहले कुछ गंभीर सवाल उठाए थे, लेकिन सरकार ने उन चेतावनियों को नजरअंदाज किया। आज फिर वही लापरवाही और भ्रष्टाचार कांगड़ा जिले की फिना सिंह परियोजना में दिखाई दे रहा है, लेकिन इस बार इस मामले को कानूनी रूप से अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में जलशक्ति विभाग की ओर से शुरू की गई फिना सिंह परियोजना के तहत लगभग 300 करोड़ रुपए की लागत से एक बांध का निर्माण किया जाना है। परियोजना का टेंडर जून माह एक ऐसी कंपनी को दे दिया है, जिसे बांध निर्माण का कोई अनुभव नहीं है। विभाग ने जानबूझकर इस टेंडर से ज्वॉइंट वेंचर की शर्त हटा दी, जिससे प्रतियोगिता पूरी तरह खत्म हो गई और केवल एक मनपसंद कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार तुरंत फिना सिंह डैम टेंडर को निरस्त करे। यह फैसला संविधान में उल्लेखित समान अवसर और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की जो मूल भावना है, उसका खुला उल्लंघन है। यह टेंडर जनरल फाइनेंशियल रूल्स का उल्लंघन है, जो जनधन के उपयोग में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करते हैं।



अनुभवहीन कंपनी को दिया 300 करोड़ का बांध का ठेका

# लापता ट्रैकर नितिन का छठे दिन भी सुराग नहीं

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**योल।** लापता पेशेवर ट्रैकर नितिन शर्मा का छठे दिन वीरवार को भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। एसडीआरएफ की दो टीमें पिछले तीन दिनों से लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। नितिन के दोस्तों की एक विशेष ट्रैकिंग टीम, जो खुद प्रशिक्षित ट्रैकर हैं, ने भी बुधवार को सर्च ऑपरेशन चलाया, परंतु उन्हें भी कोई सफलता नहीं मिली।



रेस्क्यू में मौसम बन रहा सबसे बड़ी बाधा

इसके अलावा जिला कांगड़ा की ओर से स्थानीय युवाओं की एक टीम, जो ईको पहाड़ी एनजीओ से संबंधित है और डीडीएमए (जिला डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी) की ओर से काम करते हैं को भी बीते दिन रवाना किया गया था। नितिन शर्मा के परिवार की ओर से वीरवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी कांगड़ा से भेंट की। डीसी ने कहा कि एसटीआरएफ की दोनों टीमों को अब चार भागों में विभाजित कर दिया गया है, ताकि खोज को व्यापक बनाया जा सके। माउंटेनरिंग इंस्टीट्यूट, धर्मशाला शाखा की एक विशेष टीम को भी खोज में लगाया गया है। आज सुबह ही ड्रोन वाली टीम भेज दी गई है, उनकी सहायता से भी इलाके की निगरानी शुरू हो गई है। आवश्यकता पड़ने पर हेलिकॉप्टर की सहायता लेने की भी योजना है। दूसरी ओर परिजनों का कहना था कि वह डीडीएमए के अधिकारियों से भी मिले। उन्होंने बताया कि सर्च टीमों को खराब मौसम हिमानी चामुंडा से आगे नहीं जाने दे रहा। दो टीमें शुक्रवार को खरगोशनी माता से आगे तलांग पास के लिए निकलेंगी। वहीं, नितिन के चाचा राजेश शर्मा ने बताया कि प्रशासन सहयोग कर रहा है, लेकिन लगातार बिगड़ते मौसम ने सबसे बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। बारिश और कोहरे के कारण टीमें पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रही हैं। दूसरी तरफ, नितिन के गांव तहसील लोहार, अंब (ऊना) लापता नितिन की खबरों से चिंतित है और लगातार उसके सकुशल मिलने की प्रार्थना कर रहे हैं।

## मीरथल में 3 अपराधी पिस्तौल जिंदा कारतूस, हेरोइन और नकदी के साथ गिरफ्तार



पठानकोट पुलिस के साथ गिरफ्तार अपराधी।

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट पुलिस को वीरवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। थाना नंगलभूर पुलिस ने तीन अपराधियों को एक गाड़ी, एक पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस, 51.17 ग्राम हेरोइन और 65 हजार रुपए की ड्रग मनी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को यह सफलता मीरथल में नाके के दौरान मिली है। डीएसपी सुमेर सिंह मान ने पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि काफी समय से कुख्यात अपराधी को पकड़ने के लिए योजना तैयार की थी और इसे सफल बनाने के लिए सीआईए स्टाफ और नंगलपुर थाने के एसएचओ दविंदर काशनी ने मिलकर काम किया और अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल के कैडेट्स ने जानी कचरा प्रबंधन की तकनीक



प्रताप वर्ल्ड स्कूल में कचरा प्रबंधन पर एक सत्र आयोजित किया गया।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** पंजाब नेवल यूनिट एनसीसी अमृतसर द्वारा प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में आयोजित 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर के तहत कैडेट्स के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कचरा प्रबंधन (वेस्ट मैनेजमेंट) पर एक प्रभावशाली सत्र आयोजित किया गया। संदीप गौतम ने कैडेट्स को कचरा प्रबंधन की तकनीकों, जैविक और अजैविक कचरे के पृथक्करण, और अनुपयुक्त कचरा निपटान के पर्यावरणीय प्रभावों पर गहन जानकारी दी। सत्र के बाद कैडेट्स को सरना स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी का दौरा भी करवाया गया। इस पहल का उद्देश्य कैडेट्स में पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना विकसित करना, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में शिक्षित करना था। कमांडिंग ऑफिसर कमांडर एन निशांत ने कहा कि आज के दौर में पर्यावरणीय जागरूकता उतनी ही जरूरी है, जितनी शारीरिक ट्रेनिंग। स्कूल के डायरेक्टर सनी महाजन ने कहा कि हम प्रताप वर्ल्ड स्कूल में सिर्फ बौद्धिक विकास ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों के पोषण में भी विश्वास रखते हैं। ऐसे शैक्षिक अनुभव विद्यार्थियों को कक्षा से परे सोचने और जागरूक नेतृत्व के लिए प्रेरित करते हैं।

**कार्यक्रम** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने कूहण पंचायत में सुनीं लोगों की समस्याएं

# गोमा ने किया जनसेवा केंद्र का लोकार्पण

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने पंचायत कूहण में वीरवार को 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित जनसेवा केंद्र का लोकार्पण किया। मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाना है और इस सेवा केंद्र के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रमाण पत्रों तथा अन्य डिजिटल सेवाओं का लाभ एक ही छत के नीचे मिलेगा।

गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। इस क्षेत्र की 3 पंचायतों के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वह अगले माह से प्रत्येक माह के दो दिन इसी क्षेत्र में रहेंगे, ताकि स्थानीय लोग उनसे मिलकर अपनी समस्याएं बता सकें। उन्होंने पंचायत की मांग पर पंचायत भवन के विस्तार के लिए 10 लाख रुपए और कूहण-गुलाणा सड़क को पूर्ण करने के लिए 5 लाख की धनराशि देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि भेड़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मुख्यमंत्री द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड करने की घोषणा की गई है और इसकी जल्द ही अधिसूचना जारी करवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की पानी की समस्या का भी जल्द समाधान सुनिश्चित बनाया जाएगा। प्रदेश में छोटी बसों के आने पर यहां सुबह व शाम के समय बस सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी।



कूहण पंचायत में जनसेवा केंद्र का लोकार्पण करते मंत्री यादविंदर गोमा।

### जयसिंहपुर में रोजगार मेले का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर के सभागार में आयोजित रोजगार मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुरूप रोजगार पाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक युवाओं को निजी व सरकारी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सुलभ हों। रोजगार मेले में जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के 320 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 166 युवाओं का चयन का चयन हुआ।

## बाहरी राज्यों के लोग कर रहे नशीली दवाओं की अवैध तस्करी : अर्जुन वर्मा

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** प्रसार अधिकारी उद्योग विभाग विकास खंड नूरपुर अर्जुन सिंह वर्मा ने औद्योगिक क्षेत्र राजा का बाग (नंगलाहड़) में नशीली दवाओं के दुरुप्रयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ बारे में जागरूक किया। यह कार्यक्रम मानव सेवा ट्रस्ट नूरपुर हिमाचल राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की परियोजना प्रबंधक भारती पठानिया के माध्यम से क्वालिटी फार्मासियूटिकल में आयोजन किया गया। अर्जुन वर्मा ने उपस्थित सभी उद्योगों के कर्मचारियों को बताया कि हमारा क्षेत्र अन्य राज्य पंजाब व जम्मू-कश्मीर की सीमा के साथ लगता है और यहां पर कुछ लोग बाहरी राज्य से आकर नशीली दवाओं व अन्य मादक पदार्थों की अवैध तस्करी करते हैं और हमारी युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। भारती पठानिया ने सभी कर्मचारियों को नशीली दवाओं व अन्य मादक पदार्थों के दुषप्रभावों और लक्षणों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को नीशीली दवाओं व अन्य मादक पदार्थों के सेवन की लत लगी है, तो इसकी तुरंत सूचना हमारे संगठन, सरकारी अस्तपतालों या सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाती है। कार्यक्रम में सभी इकाइयों से कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि सभी लोग सरकार की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सनिचित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल के ध्रुवल ने जूडो में जमाई धाक

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडल चौपाल की ग्राम पंचायत माटल के कुजवी गांव के नौ वर्षीय ध्रुवल ने इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला में आयोजित जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर चौपाल का नाम रोशन किया है। ध्रुवल सरस्वती विद्या मंदिर मड़ावग में चौथी कक्षा का छात्र है। वह 25-30 किलो ग्राम वर्ग में राज्य स्तरीय स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुका है। ध्रुवल के दादा मोहन लाल चौहान, पिता प्रमोद चौहान व माता पूजा चौहान ने ध्रुवल की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसका श्रेय ध्रुवल के कोच प्रदीप राणा व जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश चौहान के साथ ध्रुवल की कड़ी मेहनत को दिया है। ध्रुवल का सपना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना है ।

### होनहार छात्रों को वितरित की प्रोत्साहन राशि

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उत्तराखंड की जेबीपी फाउंडेशन द्वारा एसडी पब्लिक स्कूल नेरवा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल शिल्ला में मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान फाउंडेशन द्वारा दोनों स्कूलों के होनहार छात्रों को 62 हजारसे अधिक की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई । इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों को जेबीपी फाउंडेशन के चेयरमैन और संचालक एसएन शर्मा ने छात्रों को कड़ी मेहनत करने और मेहनत के बलबूते पर किसी भी स्तर का पद को प्राप्त करने की सीख दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी मेहनत के साथ दुनिया की समस्त शक्तियां हमारा साथ देती है और हम एक कामयाब इंसान बन जाते है। फाउंडेशन द्वारा दोनों स्कूलों के छठी से बाहरवीं कक्षा तक के टोपर छात्रों को 1100-1100 रुपए तथा आर्थिक रूप से छात्रों को 12000-12000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई । इस में 9600 रुपये शिल्ला स्कूल के छात्रों तथा पच्चास हजार से अधिक की राशि एसडी पब्लिक स्कूल के छात्रों व अध्यापकों के प्रदान की गई ।

### किसानों व मजदूरों की हालत चिंताजनक : डॉ. तंवर

**अनंत ज्ञान, शिमला ।** हिमाचल किसान सभाए कसुम्पटी एरिया कमेटी की विस्तारित बैठक की गई। बैठक में किसान सभा के राज्य अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की । बैठक में कोटी, बल्देयां, डुम्मी, भौंठ जोन के किसानों ने भाग लिया तथा स्थानीय मुद्दों व आम जनता व किसानों को आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने कहा कि राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर किसानों और मजदूरों के हालत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के किसान प्राकृतिक आपदाओं और जंगली जानवरों से परेशान है। खेतीहर जमीन का आकार कम होने, फसलों का उचित मूल्य न मिलने, कृषि पर अनुदान के खत्म होने जैसी अनेकों समस्याओं से किसान जूझ रहे हैं। उन्होने कहा कि केंद्रीय सरकार द्वारा 44 श्रम कानूनों को हटाकर 4 लेबर कोड ला रही है जिससे मजदूरों के हकों को समाप्त करने के प्रयास हैं। इकाई के सचिव जयशिव ठाकुर ने कसुंपटी क्षेत्र की परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षाए स्वास्थ्य, परिवहन सुविधाओं का अभाव है। स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों की से जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सचिव ने बताया कि स्कूलों में अध्यापकों की कमी के कारण बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए शहर जाना पड़ रहा है। दूसरी ओर सरकार स्कूलों को बंद कर रही हैं।

### अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग मुकाबला 22 को

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की जयंती की पूर्व संध्या पर 22 जून को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शाम 4 बजे से शुरू होगा, जिसका उद्घाटन प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। इस खास मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, शिमला शहर के विधायक हरीश जनारथा सहित कई अन्य मंत्री और विधायक भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रोफेशनल बॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव यदुपति ठाकुर ने गुरूवार को प्रेस वार्ता में बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस प्रतियोगिता में रूस, दक्षिण कोरिया, फिलीपींस, उज्बेकिस्तान और थाईलैंड सहित छह देशों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोफेशनल बॉक्सर हिस्सा लेंगे। भारत और हिमाचल के भी नामचीन मुक्केबाज रिंग में उतरेंगे।

# शिक्षा मंत्री रोहित ने जुब्बल में विकास कार्यों की लगाई झड़ी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल उपमंडल में ग्राम पंचायत सारी में नवनिर्मित पंचायत घर और मघारा में सामुदायिक केंद्र का लोकार्पण किया। लगभग 33 लाख रुपये की लागत से बने इस सामुदायिक केंद्र का निर्माण कार्य 15 साल से लंबित था, जिसे प्रदेश सरकार के सकारात्मक दृष्टिकोण से पूरा किया गया है।

मंत्री ने जुब्बल नावर कोटखाई क्षेत्र के लिए 20 सामुदायिक केंद्र बनाने की घोषणा की और क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। मघारा सामुदायिक केंद्र का निर्माण कार्य धन के अभाव के कारण रुका हुआ था। प्रदेश सरकार ने पिछले दो वर्षों में इस भवन के लिए 20 लाख प्रदान किए, जिससे भव्य केंद्र बनकर तैयार हो गया है। जुब्बल नावर कोटखाई में इसी तर्ज पर कुल 20 सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे, जिनमें से कुछ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शिक्षा मंत्री ने ग्राम पंचायत सारी के अत्याधुनिक पंचायत भवन का भी लोकार्पण किया, जिसका निर्माण कार्य लगभग 50 लाख रुपए की लागत से पूरा किया गया है। वहीं शिक्षा मंत्री ने बताया कि पब्बर नदी से उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण कार्य सितंबर 2025 तक पूरा हो जाएगा और इसका लोकार्पण किया जाएगा। 38 करोड़ की लागत से बन रही यह योजना क्षेत्र की लगभग 28 पंचायतों को लाभान्वित करेगी।



सारी पंचायत घर और मघारा सामुदायिक केंद्र का लोकार्पण

### खड़ापत्थर-पटसारी सड़क का 18 करोड़ से होगा कायाकल्प

शिक्षा मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में लगभग 400 करोड़ की लागत से विभिन्न सड़कों का कार्य प्रगति पर है। खड़ापत्थर-पटसारी सड़क के उन्नयन का उल्लेख किया, जिसे पीएमजीएसवाई फेज थ्री के तहत 18 करोड़ से पूरा किया जाएगा।

### मंत्री ने सुनी फरियादें

**शिक्षा** मंत्री ने सारी पंचायत के लोगों की समस्याओं को भी सुना। एक और सामुदायिक भवन के निर्माण की मांग पर सकारात्मक विचार व्यक्त किया

## 15 छात्रों को शीर्ष होटलों में मिली नौकरी

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर के लिए गर्व का क्षण है, जब बीवोसी हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म विभाग के 15 छात्रों ने भारत और विदेश के शीर्ष होटल चेन में नौकरी के शानदार अवसर प्राप्त किए हैं। यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा, सशक्त औद्योगिक संबंधों और विद्यार्थियों की मेहनत का फल है।

चयनित छात्रों को 2 से 2.64 लाख वार्षिक वेतन पैकेज के साथ-साथ निशुल्क आवास, भोजन, चिकित्सा सुविधाएँ, ईपीएफ, ईएसआई जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे उन्हें एक सुरक्षित और उन्नति पूर्ण कार्य वातावरण मिलेगा। चयनित छात्र एवं उनके कार्यस्थल क्लब महिंद्र एंड रिजॉर्ट, लेमन ट्री होटल, दि फर्न होटल एंड रिजॉर्ट, वेस्टिन होटल एंड रिजॉर्ट, दि ओबेरॉय ग्रुप ऑफ होटल, ट्रिडेंट होटल ग्रुप में अपनी सेवाएं देंगे।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज बासोटिया ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते कहा कि हमारे छात्र वैश्विक हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# जुब्बल में विक्रांत नोलू गैंग का पर्दाफाश, 3 तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अपनी मुहिम तेज कर दी है। हाल ही में जुब्बल क्षेत्र में एक बड़े नशा तस्कर गिरोह, विक्रांत नोलू गैंग का भंडाफोड़ किया गया है। अब तक इस मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, दो इससे पहले गिरफ्तार किए गए। अब इनकी संख्या कुल 5 हो गई है, जो इस क्षेत्र में अवैध रूप से चिट्टे की तस्करी कर रहे थे। इस गिरोह का पर्दाफाश पहले देर रात को हुआ। पुलिस उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने खड़ापत्थर में एक कार से 6.16 ग्राम चिट्टा बरामद किया। इस दौरान कार में सवार दो युवक, मनीष कुमार निवासी गांव डीम और विक्रांत चौहान निवासी गांव मढ़ान, जुब्बल को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। इन दोनों के खिलाफ जुब्बल पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

इस गिरफ्तारी के बाद, प्रभारी पुलिस थाना जुब्बल, चेतन चौहान के नेतृत्व में एक टीम ने मामले की गहनता से जांच की। फिर इस जांच के परिणामस्वरूप, 18 जून 2025 को तीन और नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान रजत औक्टा बन्नी पुत्र संजय औक्टा, गांव ओल्ड जुब्बल, योगेश काका पुत्र दिनेश, गांव क्यारी, और नीतीश कुमार पुत्र हेमराज, गांव सिरठी जुब्बल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ये सभी 5 गिरफ्तार व्यक्ति मिलकर जुब्बल क्षेत्र में अवैध चिट्टे का एक संगठित गिरोह चला रहे थे। ये सभी आदतन नशाखोर हैं और काफी समय से नशा तस्करी में सक्रिय थे। इनकी गिरफ्तारी से जुब्बल क्षेत्र में नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार हुआ है।

### शिमला पुलिस का मिशन क्लीन जारी

**पुलिस** उपमंडल रोहड़ू के अंतर्गत लगातार नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी है। शिमला पुलिस का मिशन क्लीन और भरोसा अभियान जोर-शोर से चल रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र से नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करना है। पुलिस द्वारा की जा रही इस सख्त कार्रवाई से नशा तस्करों की कमर टूट रही है। यह लगातार हो रही गिरफ्तारियां इस बात का प्रमाण हैं कि पुलिस नशे के खिलाफ अपनी लड़ाई में पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# मोटिवेशनल शो आरडीडी ने पूरे किए अपने पांच साल

**सपना सूद, अनंत ज्ञान**

**चौपाल/नेरवा।** रीटा द्वारा 'द आर डीडी शो' बैनर तले शुरू किए गए मोटिवेशनल शो 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' ने 5 साल पूरे कर लिए है। पांच साल पूरे होने पर शो के स्पेशल एपिसोड में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने मुख्यातिथि शिरकत की।

शो की संचालक रीटा ने बताया कि उन्होंने कोरोना काल में पांच साल पूर्व 17 जून 2025 को इस शो की शुरुआत इस मकसद से की थी कि कोरोना की वजह से अवसाद की स्थिति से गुजर रहे लोग इससे बाहर आ सकें। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में हिमाचल के युवाओं के लिए एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही है, ताकि नशे की तरफ आकर्षित हो रहे युवा जागरूक होकर इस सामाजिक बुराई से दूर रह सकें और प्रदेश में एक नशामुक्त समाज का निर्माण किया जा सके। इस मौके पर अनिरुद्ध सिंह ने अपने राजनीतिक अनुभव साझा। उन्होंने रीटा की प्रशंसा करते हुए कहा कि कहा कि उनके द्वारा संचालित शो की थीम बहूत अच्छी है, जिससे लोगों को सीखने को मिला है ।



## निरमंड में भाजपा मंडल संकल्प सभा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** मोदी सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पुर्ण होने पर भाजपा मंडल निरमंड में मंडल संकल्प सभा का आयोजन किया गया, जिसमें रामपुर विधान सभा 2022 के प्रत्याशी कौल सिंह नेगी ने मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं गिनाई।

इस मौके पर आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार मौजूद रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों की निंदा की। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष नरोत्तम ठाकुर, मंडल के महामंत्री जीवन चौहान, विदेश निगम, पंचायत समिति के अध्यक्ष निरमंड दलिप ठाकुर, एलआर ठाकुर, टिकम बंधु, अशोक ठाकुर, तेज प्रकाश, देवेंद्र सहित मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ



**अनंत ज्ञान, शिमला**

जुब्बल तहसील की ग्राम पंचायत पराली और बरथाटा से भारतीय जनता पार्टी के कई सक्रिय कार्यकर्ताओं ने आज कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। इन कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में उनका स्वागत किया। कांग्रेस में शामिल होने वालों में ग्राम पंचायत पराली के डीम गांव से देवेंद्र शोलटा, ओडी (धराई) से रणवीर चौहान, और ग्राम पंचायत बरथाटा के लिहाड़ केल्वी गांव से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता कंवर सिंह, सुनील, और पूर्व पंचायत वार्ड मेंबर प्रीतम शामिल हैं।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने सभी नए सदस्यों को आश्वस्त किया कि उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

## कारीगरों ने उद्यमी बनने के गुर सीखे

**अनंत ज्ञान, शिमला।** इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक उद्योगों का पुनरुत्थान और कारीगरों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। इसमें आर्थिक अन्वेषक प्रमोद शर्मा ने स्फूर्ति योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

यह कार्यशाला सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों में आयोजित की जाएगी। इससे ग्रामीण और पारंपरिक कारीगरों को कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में मदद मिलेगी। कार्यशाला में स्वयं सहायता समूहों, पंचायत प्रधानों और उपप्रधानों के साथ शिमला जिले के 70 से अधिक पारंपरिक कारीगरों ने भाग लिया। कारीगरों ने योजना को अपने काम के लिए लाभकारी बताया।

# सरकार कर रही एचआरटीसी के पेंशनर्स की अनदेखी

## प्रदेश परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच ने लगाया आरोप



बामटा में सेवानिवृत्त कल्याण मंच बिलासपुर की बैठक संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेमलाल ठाकुर की अध्यक्षता में हुई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच बिलासपुर ने प्रदेश सरकार पर इस वर्ग की अनदेखी का आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि विभिन्न स्तरों पर आवाज उठाने के बावजूद एचआरटीसी के पेंशनर्स को उनका हक नहीं मिल पा रहा है, उनका लगातार शोषण हो रहा है। उम्र के इस पड़ाव में उन्हें सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सरकार के लिए इससे बड़ी शर्म की बात और क्या हो सकती है।

बामटा में संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेमलाल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा कि प्रदेश सरकार पर पेंशनरों की लगभग 500 करोड़ रुपए की देनदारियां हैं। सेवानिवृत्ति के बाद वे पेंशन पर ही निर्भर हैं, लेकिन उसका भुगतान भी समय पर नहीं हो रहा है।

### बोले- पिछले माह की भी नहीं मिली पेंशन

**जून** माह के 19 दिन बीत जाने के बावजूद पिछले माह की पेंशन उन्हें अभी तक भी नहीं मिल पाई है। इससे परिवार का पालन-पोषण और अन्य सामाजिक जिम्मेदारियां निभाना उनके लिए मुश्किल हो गया है। उन्होंने मांग की कि पेंशनर्स की लंबित देनदारियों का भुगतान जल्द किया जाए, अन्यथा वे हर जगह सरकार और उसके नुमाइंदों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। बैठक में संगठन के महासचिव किशोरी लाल शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष श्याम राणा, मुख्य सलाहकार देवेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन चंदेल व संगठन सचिव अमीन खान समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## प्रदेश सरकार की तानाशाही कार्रवाई बनी गंभीर खतरा: महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पांवटा साहिब में भाजपा नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जाने को लेकर भाजपा ने प्रदेश सरकार और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण, राजनीतिक द्वेष से प्रेरित और लोकतंत्र के खिलाफ बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सरकार द्वारा की जा रही इस तरह की तानाशाही कार्रवाई प्रदेश की शांति और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। धर्मानी ने कांग्रेस सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ इस तरह की दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई करती रही, तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ रही है और आम जनता, विशेषकर बेटियां, सुरक्षित नहीं हैं। यदि जनता असुरक्षित है, तो आने वाले समय में प्रशासनिक अधिकारी भी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर पाएंगे।

**लव जिहाद जैसी सामाजिक बुराइयों को दे रही संरक्षण:** प्रदेश प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सरकार लव जिहाद जैसी सामाजिक बुराइयों को संरक्षण दे रही है और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाए राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है। माजरा में हुई हालिया घटना के लिए पूर्ण रूप से प्रशासन जिम्मेदार है और यह सब सरकार की शह पर हो रहा है। धर्माणी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जानबूझकर प्रदेश में अस्थिरता का माहौल बना रहे हैं और प्रशासन को राजनीतिक औजार बना रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं पर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे तुरंत वापस नहीं लिए गए, तो यह मुद्दा पूरे प्रदेश में उठाया जाएगा और एक व्यापक जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग आज बिलासपुर दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर 20 जून को बिलासपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे और विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा व उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी जिला भाजपा प्रवक्ता सोनल शर्मा ने दी। अनुराग सुबह नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के खारसी में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में भाग लेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे वह निहारखंड वासला में कार्यक्रम के दूसरे चरण में शिरकत करेंगे, जहां स्थानीय जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी देंगे। शाम 4 बजे सदर विधानसभा क्षेत्र के कुठेडा में नाबार्ड के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। अनुराग शाम 6:30 बजे मोरसिंघी पहुंचेंगे, जहां वह क्षेत्र में स्थापित की गई एलईडी स्ट्रीट लाइट्स का विधिवत उद्घाटन करेंगे। सोनल शर्मा ने बताया कि सांसद का यह दौरा जनसंपर्क को मजबूत करने, विकास कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करने और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता में अनुराग ठाकुर के दौरे को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।



## डंगार में स्टूडेंट्स को दी स्थानीय बोलियों की जानकारी





**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत 'भाषाओं से एकता' दर्शाते हुए पहाड़ी और मलयालम भाषा में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इनमें विद्यार्थियों द्वारा मलयालम तथा पहाड़ी भाषा में अपना परिचय, गिनती, कविता वाचन इत्यादि शामिल रहा। इसमें रिशिता रिद्धिमा, मोनिका, श्रेयसी, प्रेरणा विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने देश की एकता में भाषाओं और स्थानीय बोलियों के महत्व पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। रेखा शर्मा ने कहा कि बोलियों और भाषाओं के आदान-प्रदान, संप्रेषण तथा सम्मान से संवेदनशीलता तथा सौहार्द पैदा होता जो कि राष्ट्रीय एकता अखंडता के लिए आवश्यक है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहन किया।

## झंडूता में अवैध शराब बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बैहना जट्टा फोरलेन के पास देर रात थाना झंडूता पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान 37 पेटियों में 444 बोतल पंजाब सेल की अवैध बीयर की बोतलें बरामद की हैं। सहायक उप निरीक्षक अश्वनी कुमार के नेतृत्व में बैहनाजटा फोरलेन के पास वाहन की तलाशी ली गई। पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने बैहना जट्टा के पास एक गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें 37 पेटियां अवैध बीयर की बरामद की। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगामी कार्रवाई जारी है।

## राहुल के जन्मदिन पर लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। जिला अध्यक्ष कांग्रेस युवा संवाद रमेश राजपूत ने बताया कि शिविर में शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, हड्डियों की जांच, आंखों की जांच और जनरल हेल्थ चेकअप जैसी विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं शाम तक प्रदान की जाएगी। साथ ही आवश्यक परामर्श और दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। शिविर में भाग लेने वाले लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जागरूकता भी दी जाएगी, जिससे वे भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य के प्रति सजग रह सकें। इस मौके पर प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, साक्षी शर्मा, प्रदेश महासचिव गौरव शर्मा, जावेद, प्रदेश सचिव शिवम शर्मा, नयना देवी के अध्यक्ष अशोक, जिला अध्यक्ष कांग्रेस युवा संवाद रमेश राजपूत, बिलासपुर सदर अध्यक्ष थुमन ठाकुर उपस्थित रहे।

# बिलासपुर जिले में जल्द शुरू होगी स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** बिलासपुर जिले में जुलाई महीने से बिजली विभाग उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर देगा। गौरतलब है कि बिलासपुर जिले में 1 लाख 95 हजार बिजली उपभोक्ता हैं। पहले चरण में 45 हजार ऐसे उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, जिनमें सरकारी कार्यालय, व्यावसायिक उपभोक्ता व ऐसे घरेलू उपभोक्ता जो 300 यूनिट से अधिक बिजली खर्च करते हैं, वे शामिल हैं।

वहीं, छह माह के भीतर 45 हजार स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य बिजली विभाग बिलासपुर ने तय किया है और एक साल के भीतर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी बिजली उपभोक्ताओं कर घरों में स्मार्ट मीटर लग जाएंगे। हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड बिलासपुर के अधीक्षण अभियंता गौरव शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से जहां उपभोक्ताओं को लाभ होगा तो साथ ही विभाग को बिजली बिल रिकवरी जो लंबित रहती है उससे भी छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अकसर बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत रहती है कि जितनी बिजली उन्होंने इस्तेमाल की है, उससे कहीं ज्यादा बिल उनका आया है, मगर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने पर उपभोक्ता अपने मोबाइल पर ही ऐप के जरिये जान पाएगा कि उसने कितनी बिजली इस्तेमाल की है, उपभोक्ता को क्वालिटी पावर मिलेगी, जिसका रिकॉर्ड वह अपने पास रख सकता है और बिजली क्वालिटी से संबंधित कोई समस्या है तो डॉक्यूमेंट के आधार पर वह विभाग को सूचित कर सकता है, मीटर रीडर को घर-घर जाकर रीडिंग लेने की जिम्मेदारी से निजात मिलेगी, उपभोक्ता को बिल पेमेंट में आसानी हो जाएगी, घर से बाहर रहने पर भी उपभोक्ता अपने मोबाइल पर बिजली कंजप्शन को चेक कर सकता है। बिजली का सही इस्तेमाल होने से कार्बन क्रेडिट्स में कमी आएगी और पर्यावरण को लाभ पहुंचेगा।

# कोटधार क्षेत्र में गहराया पेयजल संकट, टैंकरों पर निर्भर ग्रामीण

## लोगों पर पड़ा आर्थिक बोझ, प्रशासन की कार्रवाई में देरी से बढ़ रहा आक्रोश

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** उपमंडल झंडूता के कोटधार क्षेत्र के गांव जेजवीं, कुठेरन, सिल्वी और डरोह में पेयजल संकट ने गंभीर रूप ले लिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सप्ताह में केवल एक बार 10 से 20 लीटर पानी की आपूर्ति हो रही है, जो दैनिक जरूरतों के लिए पूरी तरह अपर्याप्त है। इस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की किल्लत इतनी गंभीर हो गई है कि लोग अब निजी टैंकरों से पीने का पानी मंगवाने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी जगदीश चंद गर्ग, रूप लाल, अशोक कुमार, जगन्नाथ शर्मा, और परसोत्तम दत्त ने बताया कि पानी की कमी ने हमारी जिंदगी को ठप कर दिया है। टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिसका खर्च हमारी जेब पर भारी पड़ रहा है। प्रशासन को तुरंत इस समस्या का समाधान करना चाहिए, ताकि हमें इस आर्थिक बोझ से राहत मिले। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन न केवल तात्कालिक राहत प्रदान करे, बल्कि पाइपलाइनों और जल स्रोतों में सुधार कर इस समस्या का स्थायी समाधान भी निकाले। ग्रामीणों का कहना है कि दावों के बावजूद अभी तक धरातल पर कोई कार्रवाई शुरू नहीं हुई है। टैंकरों पर निर्भरता और उससे होने वाला खर्च ग्रामीणों के लिए असहनीय हो गया है, जिससे प्रशासन के प्रति उनका आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जल शक्ति विभाग झंडूता के अधिशाषी अभियंता राकेश वैद्य ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में है। मैंने सहायक अभियंता कलोल को मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने और समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।



**लोग बोले- सप्ताह में 10 से 20 लीटर हो रही पानी की आपूर्ति**

## नवोदय प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा के प्राचार्य राकेश कटोच ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति द्वारा कक्षा 6 में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026-27 के आयोजन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रवेश प्रक्रिया को पूर्णत: ऑनलाइन और सरल बनाया गया है, ताकि ग्रामीण एवं दूरवर्ती क्षेत्रों के छात्र भी बिना किसी बाधा के आवेदन कर सकें। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। इच्छुक छात्र आधिकारिक पोर्टल https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयन परीक्षा का आयोजन शनिवार, 13 दिसंबर को प्रात: 11:30 बजे किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित विद्यालय या पोर्टल से संपर्क कर सकते हैं।

# सरकार दे रही तुष्टिकरण को बढ़ावा: रणधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**प्रदेश** भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर मुस्लिम तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पांवटा में घटित घटना पर प्रदेश सरकार की ओर को दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि विशेष समुदाय के लोगों ने हिंदु लड़की का जबरन धर्मातरण करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपेक्षा विरोध करने के खिलाफ न केवल लाठीचार्ज किया, बल्कि मामले में भी दर्ज किए गए। इसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी के खिलाफ भी मामले दर्ज किए। प्रदेश कांग्रेस की कार्रवाई दर्शाती है कि तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने एसडीएम द्वारा की गई कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस मामले में शामिल दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने व उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।



## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. दिनेश ने आयुर्वेद अस्पताल की व्यवस्थाओं को जांचा



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राज्य आयुर्वेद एवं यूनानी बोर्ड के सदस्य डॉक्टर दिनेश कुमार ने जिला आयुर्वेद अस्पताल चंबा में उपचार के लिए मरीजों से सीधा संपर्क साधकर अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में व प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं की जानकारी ली और अस्पताल में सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सुखविंद्र कौर की उपस्थिति में अस्पताल में पंचकर्म चिकित्सा के लिए दाखिल मरीजों से मुलाकात की व आपातकालीन कक्ष में सुविधाओं को भी जांचा उन्होंने अस्पताल में कार्यरत आयुर्वेदिक चिकित्सकों को रोगी हित में शास्त्रीय योगों द्वारा चिकित्सा करने पर बल दिया ताकि मरीजों को महंगे उपचार से राहत मिले।

### गांव बघेईगढ़ में छिंज मेला 22 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चुराह उपमंडल का ऐतिहासिक गांव बघेईगढ़ में 22 जून को छिंज मेला होगा। वर्षों से चली आ रही छिंज मेले की परंपरा को इस बार भी पूरे श्रद्धा और उत्साह से मनाया जाएगा। छिंज मेला, केवल कुश्ती प्रतियोगिता नहीं,बल्कि एक ऐसा सांस्कृतिक आयोजन है, जो चुराह क्षेत्र की आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता को जीवंत करता है। जितेंद्र सिंह, निवासी बघेईगढ़ ने बताया-बघेईगढ़ का छिंज मेला केवल दंगल नहीं, हमारी विरासत है।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर अस्पताल में बांटे फल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की जिला चंबा इकाई ने आज देश के लोकप्रिय नेता, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर एक सामाजिक सरोकार से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर चंबा जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव लक्की ठाकुर, इकाई अध्यक्ष आर्यन सहित कई अन्य सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इकाई अध्यक्ष आर्यन ने बताया कियुवा कार्यकर्ता हर सामाजिक एवं मानवीय कार्य में सक्रिय भागीदारी करते रहेंगे और आगे भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।

### अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** भारतीय रिजर्व बैंक, शिमला क्षेत्रीय कार्यालय ने हिमाचल प्रदेश में संचालित शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के निदेशक मंडल (बीओडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम डलहौजी, हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य शासन को मजबूत करना, पर्यवेक्षी अनुपालन को बढ़ावा देना और सहकारी क्षेत्र में सुदृढ़ बैंकिंग प्रथाओं को बढ़ावा देना था। अनुपम किशोर, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, शिमला ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन और संबोधन किया, उन्होंने भाग लेने वाले निदेशक मंडल और सीईओ के साथ बातचीत की। उन्होंने ने शहरी सहकारी बैंकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने हिमाचल प्रदेश में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की।

### नगर पंचायतों के वार्ड परिसीमन का अंतिम प्रकाशन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मंडी अपूर्व देवगन ने आज यहां बताया कि मंडी जिला में पड़ने वाली नगर पंचायत रिवालसर, धर्मपुर, जोगिंदरनगर तथा करसोग के वार्ड परिसीमन का अंतिम प्रकाशन निर्धारित समय अवधि में किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई आक्षेप व सुझाव न आने के उपरांत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित नगर पंचायत के वार्ड परिसीमन की सूचना 2 जून, 2025 को जारी की गई थी। निर्धारित समय अवधि 9 जून, 2025 तक किसी भी व्यक्ति द्वारा इस संबंध में कोई आक्षेप व सुझाव नहीं दिए गए है, जिसके उपरांत नगर पंचायत रिवालसर, धर्मपुर, जोगिंदरनगर तथा करसोग के वार्ड परिसीमन का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।

### बीबीएमबी की जागरूकता बैठक बेनतीजा संपन्न

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) पंडोह द्वारा वीरवार को आने वाले फ्लड सीजन के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पंडोह क्षेत्र के 9 पंचायतों के प्रधानों व समाज समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया था। मगर इस बैठक में एक भी पंचायत प्रधान उपस्थित नहीं हुआ। इतना ही नहीं जिन्होंने इस बैठक का निमंत्रण दिया था वे अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता बीबीएमबी पंडोह स्वयं भी बैठक से नदारद रहे। हालांकि एसडीओ व जेई रैंक के अधिकारियों द्वारा इस बैठक को सफल बनाने का पूरा प्रयास किया। उपस्थित उप प्रधान ग्राम पंचायत सयोग फते राम व पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत पंडोह हंस राज शर्मा ने जम कर बीबीएमबी की क्लास ली। बैठक में ब्यास नदी पर पंडोह बाजार की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवार, गांव का विद्युतीकरण, स्कूल की बदहतर हालत में सुधार तथा स्थानीय लोगों को पीने के पानी और अच्छी स्वास्थ्य सेवा में खूब चर्चा हुई। बीबीएमबी के अधिकारियों द्वारा उपस्थित लोगों को उनकी मांगों के बारे आश्वस्त किया गया तथा उचित मंच पर आज की बैठक के मिनट्स रखने का भरोसा दिया गया। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पंडोह डैम विस्थापित कल्याण समिति के संस्थापक बीआर भाटिया ने सरकारी क्षेत्र में चल रहे स्कूलों के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए स्पैशल स्कॉलरशिप शुरू करनी की मांग रखी तथा कहा कि पंडोह के दूरदराज के बच्चों को लाने और ले जाने के लिए बीबीएमबी की स्कूल बसों से मुफ्त परिवहन सुविधा प्रदान की जाए। बैठक में पूर्व प्रधान हंस राज शर्मा, उप प्रधान सयोग, वार्ड सदस्य पंडोह गोपाल ठाकुर, समाजसेवी राधा कृष्ण वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इंजीनियर अजय नैन ने बताया कि अतिरिक्त अधिक्षण अभियंता को आवश्यक बैठक में जाना पड़ा, इसलिए वे उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने लोगों से निवेदन किया है कि इन दिनों ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इसलिए कोई भी नदी के किनारे न जाएं। हर क्षेत्र में साइन बोर्ड लगाए गए हैं। सूचना का पालन करें तथा सुरक्षित रहें।

# मिंजर मेला 2025 में कला एवं शिल्प मंच मिलने की उठी मांग

## अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा ने डीसी को सौंपा मेमोरेंडम

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



**चंबा।** प्रसिद्ध ऐतिहासिक मिंजर मेला महोत्सव 2025 में इस वर्ष एक नई सांस्कृतिक लहर बहने की उम्मीद है। अंबेडकर मिशन सोसायटी, चंबा ने उपायुक्त महोदय को एक औपचारिक मेमोरेंडम सौंपकर यह मांग की है कि इस बार मेले में प्रदेश स्तरीय कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। इस पहल का उद्देश्य न केवल चम्बा जिले के हुनरमंद कारीगरों को प्रोत्साहित करना है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले शिल्पियों को भी एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।

इस ज्ञापन में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि इस प्रदर्शनी से स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक कारीगरी, लोक कला और संस्कृति को एक नई पहचान मिलेगी, और यह मिंजर मेले की गरिमा में चार चांद लगाएगा। सोसायटी ने इसे चम्बा व प्रदेश के शिल्पियों के लिए रोजगार व स्वावलंबन का सशक्त माध्यम बताया है। अध्यक्ष योगेश्वर आहिर ने कहा कि यह सिर्फ मेला नहीं, अवसरों का संगम है। यदि कला एवं शिल्प प्रदर्शनी को प्रदेश स्तर पर आयोजित किया जाए, तो यह न केवल हुनर को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रदेश के पारंपरिक और आधुनिक शिल्पों को भी वैश्विक पहचान मिलेगी।

अनिल आहिर ने कहा कि यह प्रस्ताव चम्बा को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर लाने का सुनहरा अवसर है। वहीं कार्यकारी सदस्य जितेश्वर सूर्य और जितेन्द्र सूर्य, जो गुरु रविदास सभा चम्बा के अध्यक्ष भी हैं, ने इस पहल को सामाजिक समावेशिता की दिशा में बड़ा कदम बताया।

### शिल्पियों को मिलेगा प्रोत्साहन

इस पहल से जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के उन कारीगरों को अवसर मिलेगा, जिनके पास प्रतिभा है, पर मंच नहीं। यह कला मेला उनके लिए एक नई पहचान, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान का स्रोत बन सकता है।

### सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद

मिशन सोसायटी ने प्रशासन से इस मांग को गंभीरता से लेकर इसे मिंजर मेला 2025 का अभिन्न हिस्सा बनाए जाने की अपील की है। यदि यह प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है, तो यह आयोजन न केवल चम्बा, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए एक सांस्कृतिक और आर्थिक उत्सव बनकर उभरेगा।

## पुलिस पेंशनर्स एसो. की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, खज्जियार।** पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन चंबा की गुरूवार को बैठक मिनी स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले खूबसूरत पर्यटन स्थल खज्जियार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सेवा निवृत्त उप पुलिस अधीक्षक पारस राम ने की। इस दौरान उपपुलिस अधीक्षक जिला मुख्यालय जितेंद्र चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सेवानिवृत्त बहादुर सिंह, तथा अन्य वरिष्ठ सदस्य बलदेव राम, किशोर कुमार, हेम राज, जितेंद्र सिंह, शिव चरण, सुरिंदर सहित कुल 27 पुलिस सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैठक में एसोसिएशन के सदस्यों ने राज्य सरकार की कुछ घोषणाओं के अनुपालन में हो रही देरी पर गहरा रोष व्यक्त किया। विशेष रूप से पेंशनभोगियों को पे फिक्सेशन के एरियर की एकमुश्त अदायगी से संबंधित अधिसूचना अब तक जारी नहीं की गई है।

इसके अतिरिक्त, चंबा ज़िले में पिछले एक वर्ष से लंबित लगभग 34 लाख के मेडिकल बिलों के भुगतान में हो रही देरी भी प्रमुख मुद्दा रही। एसोसिएशन ने सरकार से मांग की कि इन वित्तीय दायित्वों का शीघ्र भुगतान किया जाए।

# पुलिस कांस्टेबल परीक्षा में नकल के आरोप पर डीसी को सौंपा शिकायत पत्र



उपायुक्त को शिकायत पत्र सौंपते हुए अभ्यर्थी।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली और नकल के आरोप सामने आए हैं।

अभ्यर्थियों ने उपायुक्त चंबा के माध्यम से पुलिस अधीक्षक चंबा को पत्र भेजकर परीक्षा में हुई अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया है।

अभ्यर्थी ने अपने पत्र में बताया कि 15 जून 2025 को आयोजित परीक्षा के दौरान कई परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी समूह बनाकर सामूहिक रूप से नकल करते पाए गए। हैरानी की बात यह है कि परीक्षा केंद्रों पर तैनात निरीक्षकों ने न तो इस पर कोई आपत्ति जताई और न ही परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कोई ठोस कदम उठाया। इससे परीक्षा का माहौल एक सामान्य स्कूल टेस्ट जैसा लग रहा था। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सभी संबंधित परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज को सार्वजनिक किया जाए।

जहां-जहां नकल की घटनाएं सामने आई हैं, वहां विस्तृत जांच करवाई जाए। नकल में शामिल परीक्षार्थियों व अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले निरीक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश और निगरानी प्रणाली लागू की जाए।

अभ्यर्थी ने आग्रह किया है कि इस गंभीर मुद्दे को प्राथमिकता से लिया जाए और निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई की जाए, जिससे योग्य उम्मीदवारों का हक सुरक्षित रहे और चयन प्रक्रिया पर विश्वास बहाल हो।

# भेकंकड़ गांव में लखदाता छिंज मेला संपन्न, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन



**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बकलोह ( चंबा )।** जरई पंचायत के भेकंकड़ गांव में लखदाता छिंज मेला कमेटी की ओर से मेले का आयोजन किया गया। सद्भावना मेले में पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही।

मुख्यातिथि के रूप में जिला कांग्रेस युवा अध्यक्ष सुनाभ सिंह पठानिया ने शिरकत की। मेला कमेटी के प्रधान धर्मेंद्र थापा ने उनका पारंपरिक सम्मान किया, जबकि 96 वर्षीय दिल बहादुर थापा ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

पठानिया ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया की ओर से 25,000 की सहायता राशि देने की घोषणा की। नेपाली नृत्य से शुरुआत हुई कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं करवाई।

## लुडेरा स्कूल में नहीं पहुंचे छात्र

**अनंत ज्ञान, मैहला/चंबा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला लुडेरा में गुरुवार को एक असामान्य स्थिति उत्पन्न हो गई, जब स्कूल में एक भी छात्र या छात्रा उपस्थित नहीं हुआ। स्कूल में 27 विद्यार्थी नामांकित हैं, लेकिन 19 जून को किसी भी छात्र की उपस्थिति दर्ज नहीं हुई। यह सूचना विद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर तैनात शिक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को दी गई।

शिक्षक ने इस स्थिति की जानकारी खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, मैहला को लिखित रूप में दी है और इस पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियां पूरी तरह ठप रहीं और परिसर में दिनभर सन्नाटा छाया रहा।

# पानी की समस्या के समाधान की मांग

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**



**भरमौर।** हिमाचल किसान कांग्रेस की जिला चंबा ईकाई की बैठक डॉक्टर दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें जिला चंबा में पेश आ रही किसानों की दिक्कतों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपाध्यक्ष ओपी रणहोतरा ने बंदर व सूअरों द्वारा फसलों को बर्बाद करने का मामला उठाया।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत बड़ोह में पीने के पानी की समस्या व गांव लित्याणु डिब्बर में बिजली ट्रांसफार्मर जलने के बाद बिजली बाधित होने के समस्या का अभी तक समाधान न होने बारे बताया।

संगठन सचिव अमर सिंह ने विकास खंड सलूणी के अंतर्गत ग्राम पंचायत सूरी में सयूल नदी से ऊठाऊ पेयजल योजना के तहत जल संग्रहण टैंक का अभी तक निर्माण न करने व निर्माण कार्य दिसम्बर माह 2024 से बंद होने पर चिंता प्रकट की है कि विशेष कर जून जुलाई के महीनों में ग्रामीणों व मवेशियों को पीने के पानी के लिए बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। संगठन सचिव अमर सिंह ने बताया कि जल शक्ति विभाग पिछले 10 वर्षों से ग्राम पंचायत सलूणी के वार्ड गुण्ढेरा के गांव कमलेड में अनुसूचित जाति के लोगों को पीने का पानी अभी तक उपलब्ध नही करवा पाया है। उपाध्यक्ष माधो राम ने बताया कि चुराह के ग्राम पंचायत संतेवा चिल्ली के वार्ड सरेला में पानी रिसाव पुरानी पाइप लाइन होने के कारण व पंचायत तीसा का आना गांव के लोग पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके अतिरिक्त अन्य सदस्यों ने भी अपनी क्षेत्र की समस्याएं उठाई।

# लंबित बिलों की अदायगी करे सरकार : ठेकेदार संघ

**अनंत ज्ञान, मंडी**



मंडी में ठेकेदारों ने लंबित भुगतान न होने पर रैली निकाल विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ठेकेदारों ने ठेकेदारों का शोषण बंद हो के नारे भी लगाए। बता दें कि लोक निर्माण, जल-शक्ति, विद्युत बोर्ड, हिमुड़ा, उद्योग, वन, दूरसंचार आदि विभागों के ठेकेदारों के 2,000 करोड़ से अधिक लंबित भुगतानों की शीघ्र अदायगी हेतु उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया।

हिमाचल प्रदेश ठेकेदार संघ के केशव नायक अध्यक्ष व भूपिंदर महाजन महासचिव द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा निष्पादित विकास कार्यों की अनुमानित 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पिछले कई महीनों से ठेकेदारों को प्राप्त नहीं हुई है। यह स्थिति न केवल निर्माण-उद्योग बल्कि प्रदेश की संपूर्ण अर्थव्यवस्था को गंभीर संकट की ओर धकेल रही है। ज्ञापन के अनुसार अदायगी न मिलने से ठेकेदारों के ऋण खाते अनियमित होकर एनपीए घोषित हो रहे हैं।

भुगतान अटकने के कारण देनदारियां समय पर निपट न पाने से अधिकांश ठेकेदारों का क्रेडिट-स्कोर खराब हो चुका है। इससे ऋण सुविधा प्राप्त कर पाना कठिन हो गया है। हजारों कुशल-अकुशल मजदूरों को वेतन में देरी के कारण आजीविका संकट झेलना पड़ रहा है। सीमेंट-स्टील, रेत-बजरी, ट्रांसपोर्ट आदि से जुड़े व्यापारियों-उद्योगों को भुगतान नहीं हो पाने से प्रदेश-व्यापी व्यापार-वित्त चक्र टूट रहा है। सरकारी वित्तीय संकट के चलते अधूरे कार्यों पर लागत-बढ़ोतरी तथा नया निवेश ठप्प है, जिससे विकास-गति एवं रोजगार-सृजन दोनों थम गए हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि लंबित बिलों का चरण-बद्ध नहीं बल्कि एकमुश्त भुगतान हेतु विशेष पैकेज जारी किया जाए।

# नगवाईं वार्ड में चार पंचायतें शामिल जनभावनाओं पर लिया गया निर्णय

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतें कोट ढल्यास, बांधी, रैंस और औट जिन्हें हाल ही में परिसीमन के तहत सिराज विधानसभा क्षेत्र के थाची वार्ड 8 में शामिल किया गया था, अब पुन: संशोधन करते हुए मूल स्थिति में नगवाई वार्ड के अंतर्गत बहाल कर दिया गया है।

यह निर्णय जिला प्रशासन द्वारा जनभावनाओं के मद्देनजर लिया गया, जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने संतोष व्यक्त किया है। पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर ने इस फैसले का स्वागत करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी का आभार जताया। प्रशासन ने समय रहते जनसुविधा और लोकतांत्रिक भावना का सम्मान करते हुए आवश्यक संशोधन कर सराहनीय कार्य किया है।

गौरतलब है कि इन पंचायतों को स्थानांतरित किए जाने के बाद क्षेत्रवासियों में नाराजगी फैल गई थी। ग्रामीणों ने एकजुट होकर इस परिवर्तन का विरोध किया और जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर ने इसका विरोध किया था और पंचायतों को उनके पुराने वार्ड में ही बनाए रखने की मांग की थी। ऐसे में लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही थी।

## 23 को चुवाड़ी में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर सामने आया है। जिला रोजगार कार्यालय बालू, चंबा के सौजन्य से 23 जून 2025 को उप रोजगार कार्यालय चुवाड़ी में एक विशेष कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह इंटरव्यू प्रसिद्ध निजी कंपनी आईटीसी लिमिटेड जम्मू द्वारा विभिन्न तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए आयोजित किया जाएगा।



जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में यह कैंपस इंटरव्यू 24 जून को आयोजित किया जाना था, किंतु स्थानीय अवकाश के कारण तिथि में परिवर्तन करते हुए इसे अब 23 जून को सुबह 10:00 बजे निर्धारित किया गया है।

इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि जो उम्मीदवार इन पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि पर दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार स्थल पर उपस्थित हो। इस इंटरव्यू के माध्यम से चंबा जिला के प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सकता है।

### सूडोकु नवताल- 7466 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7465 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# लडभड़ोल में बुजुर्गों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 23 से

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सामाजिक सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही बेटा राम फाउंडेशन द्वारा इस वर्ष भी गत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बुजुर्गों के लिए दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 23 जून से 24 जून 2025 तक पंचायत भवन, लडभड़ोल, तहसील लडभड़ोल, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया जाएगा। इस विशेष शिविर का उद्देश्य समाज के बुजुर्ग वर्ग को उत्कृष्ट और नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, ताकि वे स्वस्थ एवं सम्मानजनक जीवन जी सकें। फाउंडेशन की यह पहल न केवल एक जनसेवा है, बल्कि समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी और समर्पण का भी प्रमाण है। मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति से बढ़ेगा शिविर का गौरव शिविर के पहले दिन यानी 23 जून को कार्यक्रम के मुख्यातिथि सविधायक प्रकाश राणा होंगे, जो फाउंडेशन के सेवा भाव और स्थानीय समुदाय के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए शिविर का उद्घाटन करेंगे। 24 को आयुष मंत्री यदविंद्र गोमा मुख्यातिथि होंगे।

इस दौरान फाउंडेशन के कई प्रमुख पदाधिकारी विभिन्न राज्यों से डॉ. राजेश ठाकुर , अध्यक्ष, बेटा राम फाउंडेशन विशेष रूप से लडभड़ोल पहुंचेंगे, जिनमें गुजरात प्रभारी धीरेन सेठ, हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ. मंगलेश, उत्तर प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह, चंडीगढ़ प्रभारी कुलदीप सिंह सकलानी, दिल्ली प्रभारी धर्म सिंह सकलनी आदि उपस्थित रहेंगे। कैंप के संयोजक एवं संस्था के हिमाचल के प्रभारी ठाकुर प्रेमनाथ की अध्यक्षता में यह दो दिवसीय शिविर संपन्न होगा।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

20 जून, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत** :1947 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** नवमी (09:50): **नक्षत्र** रेवती (21:45), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** शोभन (23:47) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:54-12:50), **राहुकाल** (10:30-12:00)।

**विशेष दिन**

21 जून : विश्व योग दिवस कल।

21 जून 2025 : विश्व संगीत दिवस कल।

**मेषः** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**वृषभः** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मिथुनः** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**कर्कः** अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंह :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**तुलाः** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**वृश्चिकः** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनुः** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन :** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

# लापरवाही से किसानों की 5 हजार बीघा जमीन बंजर होने की कगार पर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

कस पंचायत के प्रधान देवेंद्र चौहान ने जल शक्ति विभाग चौंतड़ा की कार्यप्रणाली पर गंभीर नाराजगी जताते हुए विभाग को पूरी तरह विफल बताया है। उन्होंने कहा कि दवाड़ा-कटवाली-कस कूहल का कार्य पिछले 5 महीनों से ठप पड़ा है, जिससे क्षेत्र के किसानों की लगभग 5 हजार बीघा जमीन सिंचाई सुविधा के अभाव में बंजर होने की स्थिति में पहुंच गई है।

प्रधान चौहान ने बताया कि पंचायत द्वारा इस कार्य को लेकर दो बार प्रस्ताव पारित कर विभाग को भेजे गए, लेकिन विभाग ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब-जब पंचायत प्रतिनिधि कार्यालय पहुंचे, अधिकारी गैरहाजिर मिले। यहां तक कि विभागीय अधिकारी प्रतिनिधियों के फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझते। उन्होंने कहा कि अब पंचायत ने निर्णय लिया है कि विभाग की इस घोर लापरवाही के खिलाफ न्यायालय में हर्जाने का दावा ठोका जाएगा ताकि किसानों को हो रहे नुकसान का मुआवजा सुनिश्चित किया जा सके। चौहान ने बताया कि उक्त कूहल कार्य के लिए 1 करोड़ 6 लाख की लागत से ठेका दिया गया था, लेकिन ठेकेदार ने कार्य अधूरा छोड़ दिया है। जल शक्ति विभाग चौंतड़ा के अधिशाषी अभियंता प्यारेलाल ने बताया कि ठेकेदार को शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे पिछले एक माह से स्वास्थ्य कारणों के चलते अवकाश पर थे।

**बगीचा व घासनी पंचायत समिति नग्गर जिला कुल्लू, हि.प्र.**

**निविदा सूचना**

बगीचा व घासनी की नीलामी की जानी है जोकि पंचायत समिति नग्गर विकास खंड कार्यालय नग्गर स्थित पतली कूहल में आकर कार्यालय में या कभी भी भूमि/स्थान का निरीक्षण/अवलोकन कर सकते हैं। भूमि तीन साल के लिए दी जाएगी। प्रति वर्ष 5 प्रतिशत बढ़ौतरी की जाएगी। धरोहर राशि मौका पर बताई जाएगी। नियम व शर्तें निविदा दिनांक 04.07.2025 तक पहुंच जानी चाहिए जोकि दिनांक 05.07.2025 को अध्यक्ष महोदय के कार्यालय में कमेटी द्वारा खोली जाएगी। अंतिम निर्णय कमेटी का होगा।

**अध्यक्ष/सचिव**
**पंचायत समिति नग्गर, जिला कुल्लू, हि.प्र.**

**कार्यालय पंचायत समिति नग्गर जिला कुल्लू, हि.प्र.**

**निविदा सूचना**

पंचायत समिति नग्गर को जिला परिषद शीर्षक से 16 प्लास्टिक वाटर टैंक 2000 लीटर (प्रत्येक) तथा 02 नं. वाटर कूलर तथा कार्यालय फर्नीचर, ऑफिस चेयर खरीद करने बारे निविदा आमंत्रित करती है। 04 जुलाई 2025 तक सचिव पंचायत समिति/अध्यक्ष पंचायत समिति नग्गर के कार्यालय में जमा/पहुंच जानी चाहिए। जोकि कमेटी द्वारा 05. जुलाई 2025 को खोली जाएंगी। कमेटी का फैसला अंतिम होगा। नियम व शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

**अध्यक्ष/सचिव**
**पंचायत समिति नग्गर, जिला कुल्लू, हि.प्र.**

**In the court of Marriage Officer-Cum-Sub-Divisional Magistrate, Nagrota Bagwan Distt Kangra.HP.**

1. Sh. Sunny aged 30 years s/o Sh. Munshi Ram r/o Vill. & PO Kaled Tehsil Nagrota Bagwan Distt. Kangra. 2. Kavita Devi aged 29 years d/o Sh. Pritam Chand r/o Vill. Kasba PO Yol Camp Tehsil Dharamshala Distt. Kangra.
....Applicants

**Versus**
**General Public**

**In the Matter-** Application under section 16 of Special Marriage Act, 1954 registration of Marriage.

**Notice to: General Public**

Whereas the above said applicant has submitted an application u/s 16 of Special Marriage Act 1954. Wherein it is stated that they have solemnized their Marriage on **06.12.2024 at "home Vill. & PO Kaled Tehsil Nagrota Bagwan Distt. Kangra** " in accordance with Hindu Right & Customs and now they are living together as husband and wife since then. They have requested for registration of their marriage under section 16 of special marriage Act 1954.

So therefore this notice is hereby issued to the General Public and all the persons related to them and if any person has any objection regarding the registration of above said marriage, then he/she may submit his/her objection in this office within 30 days from the issue of this notice. Otherwise failing of which this application of marriage will be accepted and order in this regard will issued accordingly.

Issued today on 17/06/2025 under my hand and seal of the court.

sd/-
**Marriage Officer-Cum Sub-Divisional Magistrate Nagrota Bagwan**

'**पुस्तकालय** महान व्यायामशाला की तरह है, जहां हम अपने मन को मजबूत बनाने के लिए जाते हैं। -**स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# संप्रभुता और आत्मसम्मान

पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है। यह सिर्फ एक सैन्य प्रतिक्रिया नहीं थी, बल्कि यह भारत की संप्रभुता और आत्मसम्मान की सुरक्षा की एक स्पष्ट घोषणा थी। इस ऑपरेशन के बाद जिस प्रकार पाकिस्तान शांत बैठ गया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि अब भारत किसी भी कीमत पर अपनी सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा, लेकिन जब पूरी दुनिया भारत की दृढ़ता और सैन्य कौशल की प्रशंसा कर रही थी, उसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर क्रेडिट लेने की पुरानी अमेरिकी आदत को दोहराते हुए यह दावा किया कि उन्होंने पाकिस्तान को भारत से युद्ध न करने के लिए राजी किया था। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने पूरी रात जागकर इस टकराव को रोका। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने बयान से किनारा कर लिया, जो कि अमेरिकी नेतृत्व की अवसरवादी और अस्थिर कूटनीति का परिचायक है।

इस बयानबाजी से असहज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को कड़ा जवाब देते हुए स्पष्ट कर दिया कि भारत किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता और न ही करेगा। यह बयान केवल एक राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं थी, बल्कि यह भारत की स्वतंत्र और आत्मनिर्भर विदेश नीति की पुनर्पुष्टि थी। मोदी का रुख यह संदेश देने में सफल रहा कि भारत अब वैश्विक राजनीति के मंच पर किसी का मोहताज नहीं है। भारत ने हमेशा यह स्टैंड लिया है कि वह द्विपक्षीय मामलों में बाहरी हस्तक्षेप को नकारता है। कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी भारत का स्पष्ट स्टैंड रहा है कि यह एक आंतरिक मामला है। इसके बावजूद अमेरिका कई बार मध्यस्थता की पेशकश करता रहा है। ट्रंप के बयान न केवल भारत की संप्रभुता पर सवाल खड़े करते हैं, बल्कि यह भी दर्शाते हैं कि अमेरिका आज भी खुद को एक वैश्विक ठेकेदार समझता है। जब ट्रंप जैसे नेता यह दावा करते हैं कि उन्होंने युद्ध टालने में भूमिका निभाई, तो वे असल में भारत की आत्मनिर्भरता और कूटनीतिक संतुलन का अपमान करते हैं।

यह बात भारत ने पहले भी स्पष्ट कर दी थी कि किसी भी उकसावे का जवाब भारत अपने तरीके से देगा और उसने ऐसा करके दिखाया भी। अमेरिका का इतिहास गवाह है कि वह अक्सर उन देशों के झगड़ों में टांग अड़ाता है जहां उसके अपने राजनीतिक या आर्थिक हित जुड़े होते हैं। इसराइल-ईरान विवाद, रूस-यूक्रेन युद्ध और सीरिया संकट इसके कुछ उदाहरण हैं। अमेरिका का यह रवैया न केवल स्थानीय शांति के लिए खतरा बनता है, बल्कि विश्व स्तर पर तनाव और अस्थिरता भी बढ़ाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध में भी अमेरिका की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। अगर अमेरिका यूक्रेन को सैन्य सहायता और कूटनीतिक समर्थन न देता, तो शायद यह युद्ध इतने लंबे समय तक न चलता। अमेरिका के हथियार और खुफिया सहयोग ने इस टकराव को और जटिल बना दिया है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या अमेरिका को हर समस्या में कूदने की आदत छोड़ देनी चाहिए? डोनाल्ड ट्रंप अक्सर खुद को प्रधानमंत्री मोदी का मित्र बताते रहे हैं, लेकिन मित्रता केवल मंच साझा करने और गर्मजोशी से हाथ मिलाने से नहीं होती, बल्कि उस मित्र की भावनाओं, नीतियों और प्राथमिकताओं का सम्मान करने से होती है। अगर ट्रंप वाकई भारत को दोस्त मानते हैं तो उन्हें यह समझना चाहिए कि भारत को किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

भारत अपनी समस्याओं को सुलझाने की ताकत रखता है। प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट कहना कि भारत कभी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा न सिर्फ ट्रंप को, बल्कि समूची अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को यह संदेश देने के लिए काफी है कि भारत अब विश्व मंच पर आत्मनिर्भर और परिपक्व राष्ट्र के रूप में उभरा है। अमेरिका को अब यह समझने की जरूरत है कि 21वीं सदी का भारत 20वीं सदी के भारत से अलग है। अब भारत कोई विकासशील, सहायता पर निर्भर राष्ट्र नहीं है, बल्कि एक वैश्विक शक्ति है जो अपने हितों की रक्षा करना जानता है। अमेरिका अगर चाहता है कि भारत के साथ उसके संबंध बेहतर बने रहें, तो उसे भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान करना होगा। किसी भी राष्ट्र को दूसरे देश के मुद्दों में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए, खासकर तब जब वह बिना बुलाए टांग अड़ा रहा हो। ऐसे हस्तक्षेप न केवल संकट को बढ़ाते हैं, बल्कि वैश्विक युद्ध जैसी स्थितियों को जन्म दे सकते हैं। अमेरिका को चाहिए कि वह अपनी जिम्मेदारियों को समझे और दुनिया में शांति बनाए रखने में सकारात्मक भूमिका निभाए, न कि बार-बार आग में घी डालने का काम करे। अगर अमेरिका वाकई विश्व नेता बनने का दावा करता है, तो उसे दूसरों के फटे में हाथ डालने की जगह, शांति, सहयोग और आपसी सम्मान की नीति अपनानी होगी, तभी वह सच्चे अर्थों में एक महान लोकतंत्र कहलाने का हकदार बनेगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत की 15वीं राष्ट्रपति

**द्रौपदी** मुर्मू भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। वह भारत की 15वीं राष्ट्रपति बनी हैं। वह 25 जुलाई, 2022 को राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करेंगी। वे इस सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। द्रौपदी मुर्मू और श्याम चरण दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे थे। दोनों एक साथ आगे का जीवन व्यतीत करना चाहते थे। परिवार की रजामंदी के लिए श्याम चरण विवाह का प्रस्ताव लेकर द्रौपदी मुर्मू के घर पहुंच गए। श्याम चरण के कुछ रिश्तेदार द्रौपदी मुर्मू के गांव में ही रहते थे। ऐसे में अपनी बात रखने के लिए श्याम चरण अपने चाचा और रिश्तेदारों को लेकर उनके घर गए थे। तमाम कोशिशों के बावजूद द्रौपदी मुर्मू के पिता बिरंची नारायण टुडू ने इस रिश्ते को लेकर इंकार कर दिया। श्याम चरण भी पीछे हटने वाले नहीं थे। उन्होंने तय कर लिया था कि अगर वह शादी करेंगे तो द्रौपदी मुर्मू से ही करेंगे। द्रौपदी मुर्मू ने भी घर में साफ कह दिया था कि वह श्याम चरण से ही शादी करेंगी। श्याम चरण ने तीन दिन तक द्रौपदी मुर्मू के गांव में ही डेरा डाल लिया। थक हारकर द्रौपदी मुर्मू के पिता ने इस रिश्ते को मंजूरी दे दी। अब श्याम चरण और द्रौपदी मुर्मू के घरवाले दहेज की बातचीत को लेकर बैठे। इसमें तय हुआ कि श्याम चरण के घर से द्रौपदी मुर्मू को एक गाय, एक बैल और 16 जोड़ी कपड़े दिए जाएंगे। दोनों के परिवार इस पर सहमत हो गए। ■



द्रौपदी मुर्मू
जन्म : 20 जून, 1958

## कविता



### सिकल सेल रोग

संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक)

*यहीं है एक अंतरराष्ट्रीय जागरूकता दिवस,*
*वैश्विक जनता को सिकल सेल रोग बरबस।*
*पहला 19 जून 2009 को आयोजित हुआ!*
*अभियान से जुड़े सारे संगठन आते हैं साथ,*
*डॉक्टर से लक्षणों के बारे में पता चलें बात।*
*यह होता है एक जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर,*
*लाल रक्त कोशिकाओं को कर देता सरेंडर।*
*यहीं है एक अंतरराष्ट्रीय जागरूकता दिवस,*
*वैश्विक जनता को सिकल सेल रोग बरबस।*
*ऐसे शरीर में आरबीसी की हो जाती है कमी,*
*शरीर के अंगों में ऑक्सीजन न पहुंच पाती।*
*समाज में फैली धारणा एवं भेदभाव मिटाना,*
*ऑटिस्टिक व्यक्ति भी कुशल व सृजनात्मक*
*होने के साथ समाज के लिए मूल्यवान ही हैं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# योग का शाश्वत विज्ञान—परम सत्य से संबद्धता

'सृष्टि के आरंभ में तथा मनुष्य के आगमन के समय अनंत परमात्मा ने अपनी प्रज्ञाशील सृजनात्मक ब्रह्माडीय ऊर्जा को मात्र विकर्षण...से ही नहीं अपितु उस शक्ति से भी परिपूर्ण किया, जिसके द्वारा संसार में इधर-उधर भटकती आत्माएं वापस आकर ब्रह्म अर्थात ईश्वर से एक हो सकें।' योग के अवतार कहे जाने वाले उच्च कोटि के ऋषि परमहंस योगानंदजी ने अपनी भगवद्गीता पर टीका 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' में इन सुंदर शब्दों को अंकित किया है। उनका कहना है कि योग के विज्ञान को कभी भी नष्ट नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह मनुष्य के भीतर के परमसत्य से जुड़ा है। जब अवरोहण करती आत्मा मन के प्रभाव में आती है, साधारणतया यह मानवी चेतना से एकरूप होकर सीमित हो जाती है।




यह मन, पंचेंद्रियों से प्रभावित हो, अपने लिए ही नहीं अन्य के लिए भी चुनौतियां एवं समस्याएं पैदा कर संसार में उथल-पुथल का कारण बनता है। फिर शांति और सुख की लालसा से वह पुन: अपने अंतर में विद्यमान एकत्व की शक्ति से अंतत: ब्रह्म में आरोहण करता है, यही योग है। महान ऋषि पतंजली के अनुसार योगश्चित्तवृत्तिनिरोध: अर्थात चित्त अथवा अंत:करण की वृत्तियों का सर्वथा रुक जाना योग है।

मन के अति द्रुतगामी वेग को रोकना सरल नहीं तो असंभव भी नहीं है, परंतु इसके लिए हमें कुछ विशिष्ट योग की प्रविधियों की आवश्यकता होती है। सचमुच भारतवर्ष की धरोहर योग-विज्ञान, जो संपूर्ण संसार के लिए एक उपहार है, को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसकी महत्ता को समझते हुए 2015 में 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में संघोषित करके संपूर्ण मानवजाति का कल्याण किया है। पश्चिम में 'योग के जनक' कहे जाने वाले परमहंस योगानंद जिन्होंने अपने जीवन के महत्वपूर्ण 30 वर्ष से भी अधिक पश्चिम में बिताए तथा भारत में योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया और अमेरिका में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप की स्थापना करके ध्यान के क्रियायोग विज्ञान, जो योग की एक उन्नत और विशिष्ट शैली है, की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार करके एक सेतु बना दिया, जो इच्छुक लोगों को दुख और चिंताओं की दल-दल से पार लगाने का आश्वासन प्रदान करता है। योगानंदजी, अपनी पुस्तक 'योगी कथामृत', जिसे मन और आत्मा के द्वार खोलने वाली पुस्तक माना जाता है, के 26वें अध्याय में क्रियायोग का अर्थ बताते हैं 'एक विशिष्ट कर्म या विधि (क्रिया) द्वारा अनंत परमतत्व के साथ मिलन (योग)।' इस विधि का निष्ठापूर्वक अभ्यास करने वाला योगी धीरे-धीरे, कर्म-बंधन से या कार्य-कारण संतुलन की नियमबद्ध शृंखला से मुक्त हो जाता है।'

लेखिका : डॉ. मंजु लता गुप्ता

यह महान योग प्रविधि संसार का त्याग करने वाले संन्यासियों के लिए ही नहीं अपितु मृत्युंजय बाबाजी और उनके शिष्य लाहिडी महाशय के अनुग्रह से सभी योग के इच्छुक लोगों के लिए भी उपलब्ध है। इस महान परिवर्तनकारी योग को सीखने हेतु पाठकगण योगदा सत्संग सोसायटी की वेबसाइट **yssi.org** पर जा सकते हैं, जो एक ऐसा द्वार है, जहां से गृह-अध्ययन की पाठमाला प्राप्त कर, योग की इस वैज्ञानिक प्रविधि को सरलता से सीख सकते हैं।

पाठमाला के लिए नामांकन करवाकर मूल प्रविधियों का कुछ समय अभ्यास करके इस मानव देह को, जिसकी क्षमता 50 वाट के बल्ब जितनी है, क्रियायोग के अभ्यास से उत्पन्न करोड़ों वाट की शक्ति को सहन करने योग्य बनाया जाता है। आइए इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हम स्वयं के कल्याण हेतु क्रियायोगी बनें और अपने शरीर और मन को उस महाप्राणशक्ति, जो संपूर्ण सृष्टि का आधार है, की अनंत संभावनाओं को व्यक्त करने के योग्य बनाएं।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

## संतुष्ट जीवन के लिए योग का महत्व

यदि हम किसी नवयुवक से आग्रहपूर्वक योग को अपनाने के लिए कहें तो वह हमसे पूछ सकता है, 'मेरे लिए योग इतना महत्वपूर्ण क्यों है?' उसके प्रश्न का बुद्धिमत्तापूर्ण उत्तर देने के लिए स्वयं हमें इसका उत्तर ज्ञात होना चाहिए। पिछले एक दशक से प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत ने हमारे जीवन में योग के शाश्वत महत्व का उत्सव मनाने में संपूर्ण विश्व का नेतृत्व किया है। फिर भी, जैसा कि हममें से कुछ लोग जानते हैं, योग का सही अर्थ इसकी आंतरिक एवं गहन व्यक्तिगत अभिव्यक्ति में निहित है। योग-ध्यान की वैज्ञानिक पद्धतियों के नियमित अभ्यास के द्वारा ईश्वर के साथ एकता की दिव्य खोज, जिस पर संसार के सभी धर्म बल देते हैं, प्रेरित होती है और अंतत: संभव होती है।

क्रियायोग आध्यात्मिक अभ्यास की पद्धति सच्चे योगी को अंतत: जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। श्रीमद् भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अपने शिष्य अर्जुन को दिए गए उपदेश में दो बार क्रियायोग का उल्लेख किया है और अनेक सदियों की मानवीय अज्ञानता के पश्चात उन्नीसवीं शताब्दी में महान गुरु लाहिड़ी महाशय ने अपने शाश्वत गुरु महावतार बाबाजी के आशीर्वाद से इस महत्वपूर्ण और शुद्ध विज्ञान की पुन: खोज की। तत्पश्चात लाहिड़ी महाशय के शिष्य स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि जी ने अपने शिष्य श्री श्री परमहंस योगानंद को क्रियायोग का गहन ज्ञान प्रदान किया।

लेखक : विवेक अत्रे

योगानंदजी ने क्रियायोग के वैश्विक दूत होने का संकल्प किया और इसके लाभों का संपूर्ण पाश्चात्य जगत में प्रचार किया। आज संपूर्ण विश्व में उनके लाखों अनुयायी योग-ध्यान की वैज्ञानिक प्रविधियों का अभ्यास करते हैं, जो स्वाभाविक रूप से क्रियायोग मार्ग का अंग है। योगानंदजी ने अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक योगी कथामृत में अत्यंत प्रेरक ढंग से वर्णन किया है, 'माया के अधीन या प्रकृति के नियम के अधीन जीने वाले मनुष्यों में प्राणशक्ति का प्रवाह बाह्य जगत की ओर होता है और इंद्रियों में व्यय हो जाता है तथा उसका दुरुपयोग होता है। क्रियायोग का अभ्यास इस प्रवाह को वापस मोड़ देता है, प्राणशक्ति को मन के द्वारा अंतरजगत में ले जाया जाता है, जहां प्राणशक्ति मेरुदंड की सूक्ष्म शक्तियों के साथ पुन: एक हो जाती है। प्राणशक्ति को इस प्रकार पुन: बल मिलने से योगी के शरीर एवं मस्तिष्क की कोशिकाओं को एक आध्यात्मिक अमृत से नवशक्ति प्राप्त होती है।'

योगी कथामृत पुस्तक से हम यह भी सीखते हैं कि क्रियायोग का नियमित अभ्यास सच्चे साधक को अपने रक्त को कार्बन रहित करने और उसे ऑक्सीजन से आपूरित करने में सक्षम बनाता है। इस प्रकार मस्तिष्क और मेरुदंड इस अतिरिक्त ऑक्सीजन से पुनर्जीवन प्राप्त करते हैं और ऊतकों का क्षय रुक जाता है। पूर्ण रूप से क्रियायोग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों का वर्णन करना संभव नहीं है। यह जीवन को समृद्ध बनाने वाली एक प्रविधि है, जिसका निष्ठापूर्ण अभ्यास निश्चित रूप से योगी के अस्तित्व को उन्नत करता है।

क्रियायोग एक सर्वजनीन प्रविधि है और इसके अभ्यास के द्वारा प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन की साधारण दिनचर्या से परे आध्यात्मिक ऊंचाइयों और गहराइयों तक पहुंच सकता है। सन् 1917 में श्री श्री परमहंस योगानंद द्वारा स्थापित संस्था, योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस), भारत, नेपाल और श्रीलंका के साधकों में योगानंदजी की विशुद्ध क्रियायोग शिक्षाओं का प्रसार करती है। वाईएसएस की सहयोगी संस्था सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) लॉस एंजेलिस स्थित अपने मुख्यालय (मदर सेंटर) के माध्यम से संपूर्ण विश्व में इसी प्रकार की भूमिका निभाती है। योगानंदजी ने ठीक सौ साल पहले सन् 1925 में एसआरएफ की स्थापना की थी। इन वर्षों में लाखों साधक इन शिक्षाओं से लाभान्वित हुए हैं। आपके और मेरे जैसे इस संसार के सामान्य लोगों के लिए, जीवन को संतुष्टि प्रदान करने वाला योग का प्रभाव केवल तभी अनुभव किया जा सकेगा, जब हम परिश्रमपूर्वक और निष्ठापूर्वक क्रियायोग जैसी किसी वैज्ञानिक पद्धति का अभ्यास करेंगे। इस प्रकार हम सब के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का यही वास्तविक महत्व है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# भारतीय श्रम शक्ति को सशक्त बनाने में 11 वर्ष सराहनीय

भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है और देश को पूर्णत: विकसित करने के मूल में रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा को रखा गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में नीति, नियोजन और प्रगति के केंद्र में भारत की कार्यशक्ति रही है। इस बदलाव से रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा दायरे के विस्तार में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। वर्ष 2014 में भारत का रोजगार परिदृश्य विभक्त था, सामाजिक सुरक्षा दायरा सीमित था, और अधिकांश कामगार, विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोग, कल्याणकारी योजनाओं के सुरक्षात्मक दायरे में नहीं आते थे। इस चुनौती की व्यापकता और अत्यावश्यकता को समझते हुए, मोदी सरकार ने साहसिक और संरचनात्मक सुधार किए। मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी प्रमुख पहल और व्यापक स्तर पर बुनियादी ढांचे विकास अभियान से रोजगार सृजन में अभूतपूर्व गति आई है। भारतीय रिजर्व बैंक-केएलईएमएस (पूंजी, श्रम, ऊर्जा, सामग्री और सेवाएं) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2004 से 2014 के बीच केवल 2 करोड़ 90 लाख नौकरियां सृजित हुईं, जबकि इसकी तुलना में वर्ष 2014-2024 के बीच 17 करोड़ से अधिक नौकरियां उत्पन्न की गई।



लेखक :डॉ. मनसुख मांडविया
केंद्रीय श्रम , रोजगार एवं खेल मंत्री

**युवा और नारी शक्ति को सशक्त बनाना :** भारत की विकास यात्रा में युवा और नारी शक्ति का सशक्तिकरण केंद्रित है। इसे सिद्ध करते हुए महिला रोजगार दर वर्ष 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 40 दशमलव 3 प्रतिशत पर पहुंच गया। इस अवधि में बेरोजगारी दर 5 दशमलव 6 प्रतिशत से घटकर 3 दशमलव 2 प्रतिशत पर आ गई। ग्रामीण भारत में यह बदलाव और भी महत्वपूर्ण रहा जहां महिला रोजगार में 96 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में उनके रोजगार में 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



ये सभी पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लागू परिवर्तनकारी सुधारों और केंद्रित पहल के परिणाम हैं। आज 15 मंत्रालयों में 70 से अधिक केंद्र प्रायोजित योजनाएं महिला उद्यमशीलता को सहयोग देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को समर्पित हैं। भारत में युवाओं की रोजगार क्षमता में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है और जहां यह वर्ष 2013 में सिर्फ 33 प्रतिशत थी वहीं अब बढ़कर वर्ष 2024 में लगभग 55 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह प्रगति सुदृढ़ डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की वजह से हुई है। नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं को एक साथ लाने वाले भारत सरकार द्वारा संचालित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म-राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल जैसे प्लेटफॉर्म रोजगार संबंधी सेवाओं के एकल स्थल समाधान के रूप में उभरे हैं। वर्ष 2015 में आरंभ किए गए राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल-एनसीएस ने अब तक 5 करोड़ 50 लाख से अधिक नौकरी के इच्छुक कामगारों को 46 लाख नियोक्ताओं से जोड़ा है और इससे 5 करोड़ से अधिक रोजगार रिक्तियां उत्पन्न हुई हैं। परिणामत: युवा रोजगार दर वर्ष 2017-18 में 31 दशमलव 4 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 41 दशमलव 7 प्रतिशत पर पहुंच गई और इस अवधि में युवा बेरोजगारी दर 17 दशमलव 8 प्रतिशत से घटकर 10 दशमलव 2 प्रतिशत पर आ गई, जो वैश्विक औसत 13 दशमलव 6 प्रतिशत से भी कम है।

**असंगठित कार्यबल को मान्यता :** पिछले 11 वर्षों की सबसे परिवर्तनकारी उपलब्धियों में से एक भारत के विशाल असंगठित कार्यबल को मान्यता प्रदान करना है। वर्ष 2021 में, मोदी सरकार ने असंगठित श्रमिकों के लिए पहला विशिष्ट राष्ट्रीय डिजिटल डेटाबेस ई-श्रम पोर्टल आरंभ किया। इसके बाद केवल 4 वर्षों में गिग (स्वतंत्र रूप से काम करने वाले कामगार) और प्लेटफॉर्म कामगार (प्लेटफॉर्म कामगार से तात्पर्य ऐसे संगठन के लिए काम करने वाले कार्यबल से है जो व्यक्तियों या संगठनों को सीधे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करके विशिष्ट सेवाएं प्रदान करता है।) सहित 30 करोड़ 80 लाख से अधिक असंगठित श्रमिक इस प्लेटफॉर्म से जुड़ गए हैं।

**ईएसआईसी और ईपीएफओ में सुधार :** पिछले 11 वर्षों में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन और कर्मचारी राज्य बीमा निगम जैसी संस्थाओं में सुधार के अहम उपाय किए गए हैं, जो लंबे समय से अक्षमता और लालफीताशाही से प्रभावित रहे हैं। इन सुधारों से अभूतपूर्व पारदर्शिता के साथ ही व्यवस्था में अधिक दक्षता आई है।

**सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार** :मोदी सरकार के लगातार प्रयासों से भारत ने सामाजिक सुरक्षा दायरे के विस्तार में उल्लेखनीय प्रगति की है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज वर्ष 2015 में 19 प्रतिशत से तिगुने से अधिक बढ़कर वर्ष 2025 में 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। आज 94 करोड़ से अधिक कामगार कम से कम एक सामाजिक कल्याण योजना में शामिल हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बेहतर बनाता है नियमित योग

कुछ लोग यह समझते हैं कि योग सिर्फ एक अभ्यास है जिसे उन्हें सीखना है, लेकिन चाहे वह जापान के किसी हलचल वाले शहर में हो, अफ्रीका के किसी शांत गांव में हो या भारत के ग्रामीण इलाकों में हो, एक नवजात शिशु, स्थान, समय या समुदाय से परे, जन्मजात योगी ही होता है। यदि आप ध्यान से देखें, तो एक बच्चा स्वाभाविक रूप से मुद्राएं अपनाता है जब वह सोता है, पेट से गहरी श्वास लेता है, जैसे एक योगी खिंचाव करता है और वह ऐसी स्थितियों में मुड़ता है जो उसके पाचन, प्रतिरक्षा और रीढ़ की ताकत के लिए फायदेमंद हैं। हम सभी जन्म से योगी होते हैं। अगर वही बचपन की मासूमियत और स्वाभाविक संतुलन हमारे साथ रहता, तो हमें योग सीखने या अभ्यास करने की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन जैसे-जैसे हम बढ़ते हैं, हम ऐसे प्रभाव या संस्कारों को संचित कर लेते हैं, जो हमारे मन को धुंधला कर देते हैं। जब हम अपनी मूल प्रकृति से संपर्क खो देते हैं, तो हम शांति भी खो देते हैं। यही कारण है कि योग और साधना हमारे शरीर में संतुलन, बौद्धिक स्पष्टता और मन व भावनाओं में सामंजस्य लाने के लिए आवश्यक हैं।



लेखक : श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

**योग क्रिया में कौशल है :** चाहे आप किसान हों, छात्र हों, गृहिणी हों, या सीईओ, आपको मन की स्पष्टता, शरीर में ऊर्जा और हृदय में शांति की आवश्यकता होती है ताकि आप प्रभावी हो सकें। योग जीवन से पलायन करने के बारे में नहीं है, बल्कि जीवन में और अधिक पूरी तरह से जुड़ने के बारे में है, बिना घटनाओं या परिणामों में डूबे हुए। यही वह कौशल है, जो हम सभी को चाहिए। महर्षि पतंजलि, एक असाधारण दिमाग वाले, वैज्ञानिक, व्याकरणज्ञ, मनोवैज्ञानिक और ऋषि थे, उन्होंने हजारों साल पहले इस गहरे आंतरिक विज्ञान को संहिताबद्ध किया था। उनके योग सूत्र आज भी मन और भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए एक कालातीत मार्गदर्शिका के रूप में हैं, जो योग को संस्कृतियों, भाषाओं, स्थानों और समय के पार प्रासंगिक बनाती है। दुर्भाग्यवश, कई लोग योग को एक विशेष धर्म से जोड़ते हैं या इसे केवल शारीरिक व्यायाम के रूप में देखते हैं, लेकिन योग मानवता का है। जैसे गुरुत्वाकर्षण किसी विशेष धर्म या समुदाय का नहीं होता, वैसे ही योग भी संस्कृति और धर्म से परे हैं।



**योग एक पूर्ण विज्ञान है :** योग शरीर के रासायनिक तत्वों को नियंत्रित करता है, जो हमें शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से प्रभावित करते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज (NIMHANS) के इंटीग्रेटिव मेडिसिन विभाग द्वारा किए गए अध्ययन ने यह दिखाया है कि योग न्यूरोलॉजिकल और मानसिक विकारों के उपचार में कितना प्रभावी है। इसके अलावा, श्री श्री इंस्टिट्यूट फॉर एडवांस्ड रिसर्च द्वारा किए गए अन्य अध्ययनों में यह पाया गया कि योग के लाभ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बेहतर बनाते हैं, जैसे प्रतिरक्षा तंत्र को बढ़ाना, तनाव हार्मोन (कोर्टिसोल) को कम करना, एंटीऑक्सीडेंट एंजाइम्स को सक्रिय करना, उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करना, और पारासंपैथेटिक तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करना। इसके अलावा, यह डोपामाइन उत्पादन को बढ़ाता है, नशे की लत से उबरने में मदद करता है, मस्तिष्क में ग्रे मैटर को बढ़ाता है, और चिंता, अवसाद और अनिद्रा से छुटकारा दिलाता है।

**योगी सिद्धांतों का पालन करना :** जब आप अपनी कार में ईंधन भरवाना चाहते हैं, तो आपको कहीं रुकना पड़ता है। आप कार को ईंधन डाले बिना नहीं चला सकते, जैसे-वैसे, आपको अपनी ऊर्जा को फिर से भरने के लिए एक विराम की आवश्यकता है। यह इस बात पर निर्भर नहीं है कि आप योग में कितने घंटे लगाते हैं, बल्कि यह इस पर है कि आप अपनी उपस्थिति और ऊर्जा की गुणवत्ता को कैसे बनाते हैं। प्रकृति में रहना, छोटी-छोटी चीजों का आनंद लेना, बागवानी करना, संगीत का आनंद लेना और फूलों की सराहना करना - ये सब तरीके हैं जो आपके आत्मा का उत्थान करते हैं और आपके ऊर्जा को बढ़ाते हैं। ध्वनि से भरे इस संसार में, योग वह शांतता है जो हमें सुनने में मदद करता है, अराजकता में, यह वह शांति है जो हमें क्रिया करने में मदद करती है। एक चिंताग्रस्त दुनिया में, यह वह एकता है जो हमें याद दिलाती है कि हम अकेले नहीं हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# हमारे मन, शरीर, विचार और क्रिया की एकता का प्रतीक है योग

योग का इतिहास हजारों साल पुराना है और यह प्राचीन भारतीय सभ्यता में उत्पन्न हुआ है। योग शब्द संस्कृत भाषा के 'युज' धातु से बना है जिसका अर्थ है जोड़ना या मिलाना अर्थात् आत्मा को परमात्मा से, शरीर को मन से और व्यक्ति को ब्रह्मांड की चेतना से जोड़ना।

योग केवल शारीरिक अभ्यास ही नहीं अपितु यह मानसिक और आत्मिक शांति प्राप्त प्रदान करने का साधन भी है। योगासन, प्राणायाम, ध्यान और आध्यात्मिक अनुशासन प्राणायाम के प्रमुख अंग हैं। योग एक ऐसी प्राचीन भारतीय विद्या है जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने में सहायक है। यह केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है जो मानसिक शांति, स्वास्थ्य और आत्मज्ञान की ओर ले जाती है। हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

इस दिन का उद्देश्य योग के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इसे अपने दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करना है। योग, जो भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, अब इसने वैश्विक पहचान हासिल कर ली है। सितंबर 2014 में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। अपने भाषण के दौरान उन्होंने प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव भी रखा। 21 जून को आदर्श तिथि बताते हुए, क्योंकि यह कई संस्कृतियों में महत्व रखती है और उत्तरी गोलार्ध में ग्रीष्म संक्रांति का दिन भी है। इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2014 में आधिकारिक तौर पर पारित कर दिया और 21 जून 2015 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित कर दिया। इस प्रस्ताव को 175 सदस्य देशों ने अपना पूर्ण समर्थन दिया।



इस वर्ष 21 जून 2025 योग दिवस की थीम है 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ यानि एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'। जिसका मतलब है, कि जिस तरह पृथ्वी एक है ठीक उसी तरह हमारा स्वास्थ्य भी एक ही है जिसे हमें दुरुस्त रखने की बहुत जरूरत है। इस थीम के तहत इस वर्ष का आयोजन समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालना है। योग हमारे मन ,शरीर, विचार और क्रिया की एकता का प्रतीक है जो हमारे स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए मूल्यवान है। योग हमारे मन और शरीर, मनुष्य और प्रकृति के बीच पूर्ण सामंजस्य का संकेत देता है। भारत के लिए यह दिन बेहद खास है क्योंकि योग भारत की संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। युगों पहले से ही ऋषि मुनि यहां योगाभ्यास करते आए हैं, लेकिन अब भारत से निकलकर योग दुनिया के तमाम हिस्सों में पहुंच चुका है। भारत समेत दुनिया भर के तमाम देशों में योग के महत्व को समझाने के लिए हर साल 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाया जाता है।

योग एक अद्भुत भारतीय विरासत है, जिसने पूरी दुनिया को स्वास्थ्य और शांति का संदेश दिया है। इसके लाभ असीमित हैं, लेकिन इन्हें पाने के लिए नियमित अभ्यास और आवश्यक सावधानियां बेहद ज़रूरी है। यदि हम योग को जीवन का हिस्सा बना लें तो यह न केवल हमें रोगों से मुक्त करता है बल्कि हमारे अंदर संतुलन, सहनशीलता और आत्मिक शांति भी बढ़ाता है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# हाईवे पर बरसात का कहर शुरू, एनएच बना दलदल

रितेश, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** अटारी-लेह-जालंधर-हमीरपुर-मंडी बाया सरकाघाट धर्मपुर एनएच पर बरसात से पहले ही कहर मचना शुरू हो गया है अब आगे बरसात में क्या होगा ये भी राम भरोसे है, फिलहाल मार्ग दल-दल में तब्दील हो चुका है।

मार्ग पर बने बड़े गड्ढे जानलेवा बन गए हैं, जिनसे वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने लगे हैं और यह सिलसिला आगे बढ़ने वाला है गाबर कंपनी द्वारा निर्माणधीन इस 72 किलोमीटर हाईवे को बीएनएन और सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी के हवाले सब्लेट किया गया है पिछले तीन सालों से निर्माणाधीन इस हाईवे पर अब तक सड़क कटिंग डंगे और

अनंत ज्ञान स्पैशल

## सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे बन रहे जानलेवा

सुरक्षा दीवार लगाने का बेहद धीमा वह अवस्थित कार्य किया जा रहा है जिसके चलते सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं।

हालांकि इन गड्ढों और सड़क की दशा सुधारने को लेकर किसान सभा और प्रभावित जनता अब तक कई आंदोलन कर चुकी है परंतु नाही और कंपनी के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। कंपनी मनमाने ढंग से कार्य कर रही है।



## रोजाना उठानी पड़ रही है परेशानी

**भगेड़** में फोरलेन और सांढापत्तन के साथ सिद्धपुर कोठीपत्तन पुल बन जाने के बाद 30 किमी की दूरी कम हुई है जिस कारण इस हाईवे पर ट्रॉफी बढ़ गया है। तमाम ट्रैफिक यहीं से होकर गुजर रही है हाईवे पर दोपहिया स्किट हो रहे हैं और अन्य वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है।

## परसदा और शिवद्वाला में हालत ज्यादा खराब

**परसदा** और शिवद्वाला मेन बाजार में राहगीरों आम जनता के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थियों को झेलनी पड़ रही है सड़क पर इतना पानी भर चुका है कि लोग पैदल भी क्रॉस नहीं कर सकते। स्कूल जाते समय वाहन क्रॉस होते ही उड़ रहे कीचड़ से कई बार बच्चों के कपड़े और जूते गीले हो जाते हैं मजबूर स्कूल से घर भेजना पड़ रहा है।

## गुजरते हैं नेता और अधिकारी

**इस** हाईवे पर रोजाना सरकाघाट और धर्मपुर के विधायक न्यायिक अधिकारी और एसडीएम भी गुजरते हैं। निर्माण कंपनी की देखरेख का जिम्मा उपमंडल अधिकारी के पास है, वहीं 2 माह तक धर्मपुर उपमंडल का जिम्मा भी उन्हीं के पास रहा इसके बावजूद भी आंखें मूंद रखी है।

> निर्माण में लगी कंपनी को एक हफ्ते के भीतर सड़क के दोनों और नालियां बनाने और तमाम गड्ढों को भरने के आदेश जारी किए हैं ऐसा न करने पर कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
> -जोगिंद्र पटियाल, एसडीएम धर्मपुर।

# नशे की रोकथाम जागरूकता से संभव : डॉ. विना

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आज लौंगनी ग्राम पंचायत घर में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय कमेटी की अध्यक्षा एवं सेवा निवृत्त कॉलेज प्राचार्य डॉ. विना राठौर,रणताज़ राणा, महासचिव सतीष कुमार उपाध्याय राजपाल सिंह, डॉ. अश्विनी राठौर, सुरेंद्र कश्यप और साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति के ऋत्विक ठाकुर इत्यादि ने नशे को रोकने के चलाए जा रहे अभियान में जन भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

डॉ. विना राठौर ने बताया कि समाज में नशे का प्रचलन पहले से ही है और नशा अलग-अलग रूप में इस्तेमाल होता है। कुछ लोग धार्मिक परम्पराओं और सामाजिक समारोहों में नशे के प्रयोग को अपनी शान का प्रतीक मानकर इस्तेमाल करते हैं। कुछ नशा सरकार की अनुमति से होता है, लेकिन वर्तमान में जो नशा सिंथेटिक और चिट्टे के रूप में युवा कर रहे हैं वह बहुत ही खतरनाक है। हिमाचल ज्ञान विज्ञान व साक्षरता समिति के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह ने बताया कि नशे के कारणों और उसे कम व समाप्त करने के उपायों बारे रणनीति तैयार करने के तौर तरीकों को जानने बारे गुंजन और हिमाचल ज्ञान विज्ञान गैर सरकारी संस्थाओं के सहयोग से 28, 29 जून को रेस्ट हाउस टिहरा में प्राशिक्षण कैंप आयोजित किया जा रहा है। उसके बाद प्लान के अनुसार गांव गांव जाकर जन जागरण अभियान चलाएंगे।



नशे की रोकथाम के लिए सामाजिक जागरूकता फैलाते हुए।

# न्यूज ब्रीफ

## त्रैमासिक ईवीएम और वीवीपैट भंडार कक्ष का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने आज राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भ्यूली स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट के भंडार कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां उपलब्ध सभी सुविधाओं की जांच कर संतुष्टि व्यक्त की। उपायुक्त ने ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदान की जा रही सुरक्षा व्यवस्था संबंधी सेवाओं का ब्यौरा प्राप्त किया और सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की ओर से संजय शर्मा तथा भाजपा की ओर से कर्ण वीर सिंह कौंडल व निर्वाचन तहसीलदार राजेश शर्मा भी मौजूद रहे।

## बेसहारा पशुओं ने चौराहा रोका, खेतों में सांड भिड़े

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के गांव महादेव में अक्सर बेसहारा पशु चौराहों को घेरे रहते हैं जिससे आने जाने वाले भयभीत हुए लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं इस चौराहे से गंतव्य की ओर जा रहा एक स्कूटी सवार जो बाहरी राज्य का मिस्त्री बताया जाता है उस समय बाल-बाल बच गया। यही नहीं इस घनी आबादी वाले गांव के खेतों में बेसहारा पशु झुंडों में इधर-उधर मुंह मारते रहते हैं, जिससे टमाटर की फसल से जुड़े बेसहारा पशुओं से बुरी तरह प्रभावित लोगों को हर पल नुकसान का डर सताता रहता है। बेसहारा पशुओं से तंग आ चुके लोगों ने उपायुक्त मंडी व सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही उपेक्षित हालत में दर-दर इधर-उधर घूम रहे इन बेसहारा पशुओं को पूर्णतया नियंत्रित किया जाए।

## युवा कांग्रेस धर्मपुर ने मरीजों को बांटे फल और जूस



**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर में युवा कांग्रेस द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 55वें जन्मदिवस पर एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल और जूस वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में धर्मपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के विक्रम कटवाल महासचिव, विकास राही जिला उपाध्यक्ष, अनिल कटवाल ब्लॉक उपाध्यक्ष, विनोद बिष्ट सचिव, राहुल पालसरा विधानसभा उपाध्यक्ष और गोल्डी सचिव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धर्मपुर विधानसभा अध्यक्ष विशांत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## मानसून को लेकर विभाग रहें तैयार : मनीश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि आगामी दक्षिण पश्चिम मानसून को देखते हुए सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि मानसून मौसम के दौरान जन साधारण को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस दृष्टि से सभी विभाग समयबद्ध तैयारियां मुकम्मल करना सुनिश्चित बनाएं। एसडीएम वीरवार को आगामी मानूसन मौसम को देखते हुए विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून मौसम के दौरान सड़कों पर आवाजाही बनाए रखने के लिए अपनी मशीनरी को तैयार रखें। एसडीएम ने जलशक्ति विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून मौसम के दौरान लोगों को स्वच्छ व साफ-सुथरा पेयजल सुनिश्चित बनाने के लिए सभी तैयारियों को समयबद्ध पूरा कर लें।

## कैंटीन के संचालन के लिए निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर मंडी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालय परिसर में स्थित कैंटीन के संचालन के लिए व्यावसायिक एवं अनुभवी खानपान प्रबंधकों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। ऐसे इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं, जो पूर्व में किसी शैक्षणिक संस्थान, कार्यालय या सार्वजनिक स्थल पर कैंटीन या खानपान सेवाएं प्रदान कर चुके हैं, वे इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। प्राचार्य डॉ. रमेश धलारिया ने बताया कि इच्छुक निविदाकर्ता अपनी सीलबंद निविदा निर्धारित शर्तों के साथ 25 जून को दोपहर 2 बजे तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाएं उसी दिन दोपहर 3 बजे महाविद्यालय कार्यालय में खोली जाएंगी, जिसमें निविदाकर्ता स्वयं भी उपस्थित रह सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय प्रशासन कैंटीन सेवाओं की गुणवत्ता एवं छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए उचित पात्र निविदाकार का चयन करेगा।

## मकरीड़ी स्वास्थ्य केंद्र के विकास पर मंथन

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मकरीड़ी में वीरवार को जन आरोग्य समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद नेरघरवासड़ा वार्ड-3 के सदस्य विजय भाटिया ने की। बैठक में स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति को सुदृढ़ बनाने और जन सुविधाओं को बेहतर करने को लेकर कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि स्वास्थ्य केंद्र में एक अलग स्टोर रूम का निर्माण किया जाएगा ताकि औषधियों और आवश्यक सामग्रियों का सुरक्षित व सुव्यवस्थित भंडारण हो सके। बैठक के दौरान जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया ने अपनी निधि से स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु डस्टबिन प्रदान किए। विजय भाटिया ने कहा, 'जन आरोग्य समिति के माध्यम से हम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस बैठक के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है, बल्कि जन भागीदारी को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

## शिक्षा के पथ पर अग्रसर रहें विद्यार्थी : डॉ. अनुपमा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** रोटरी क्लब छोटी काशी मंडी ने एक भावनात्मक और प्रेरणास्पद सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया, जो न केवल एक सेवा गतिविधि थी, बल्कि मानवीय करुणा, शिक्षा और प्रेरणा का एक जीवंत उदाहरण भी बना। यह आयोजन सेवा भारती हिमाचल प्रदेश विवेकानंद छात्रावास बाड़ी गुमानू (मंडी) में किया गया। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विद्यार्थी निवास करते हैं। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब की अध्यक्ष प्रो. अनुपमा सिंह के नेतृत्व में क्लब के सदस्यों ने छात्रों को ताजे फल वितरित किए और उनसे आत्मीय संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान 'शांति पाठ' का आयोजन भी हुआ। वहीं खेमचंद शास्त्री ने रोटरी क्लब टीम को छात्रावास के बच्चों की जीवन-स्थितियों और प्रयासों की जानकारी दी।

## आईआईटी कमांद में एनसीसी का वार्षिक शिविर 26 तक

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान, मंडी।** एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी कुल्लू द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कमांद (मंडी) में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 192 का आयोजन शुरू हुआ जो 26 जून तक चलेगा। विंग कमांडर कुणाल शर्मा के अनुसार शिविर में कैडेट्स को ड्रिल, खेलकूद, शस्त्र प्रशिक्षण, फायरिंग, एयरो मॉडलिंग, अतिथि व्याख्यान और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह शिविर कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति, टीम भावना और आपसी सौहार्द विकसित करने हेतु विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। शिविर प्री-वायु सैनिक शिविर, गणतंत्र दिवस शिविर तथा अन्य राष्ट्रीय स्तर के एनसीसी आयोजनों के चयन मंच के रूप में भी कार्य करेगा।

### सिविल अस्पताल सुंदरनगर में 48 मरीजों की जान पर बन आई आफत

# बंद होने की कगार पर डायलिसिस सेंटर

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

सरकार की लापरवाही के चलते गंभीर रूप से किडनी फेलियर से जूझ रहे डायलिसिस मरीजों की जिंदगी संकट में पड़ गई है। सिविल अस्पताल सुंदरनगर में सुविधा उपलब्ध करवा रहे राही केयर डायलिसिस सेंटर ने चेतावनी दी है कि यदि आयुष्मान भारत और हिमकेयर योजनाओं के तहत लंबित राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो 20 जून से कैशलेस डायलिसिस सेवाएं बंद करनी पड़ेंगी।

गौरतलब है कि सेंटर ने 9 जून को सिविल अस्पताल प्रशासन को पत्र लिखकर सूचित किया है कि उसे इस वर्ष 30 अप्रैल तक की एक करोड़ चौदह लाख तैंतीस हजार दो सौ अठारह रुपए की राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

राही केयर सेंटर प्रबंधन का कहना है कि सरकार द्वारा भुगतान नहीं मिलने के कारण उन्हें अपने कर्मचारियों के वेतन, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की खरीदारी में भारी दिक्कतें आ रही हैं। यही कारण है कि अब वे कैशलेस सेवा को जारी रखना असंभव मान रहे हैं। वहीं समस्या को लेकर मरीज विधायक राकेश जंवाल से भी मिले हैं।

## केयर सेंटर की 20 जून से सेवाएं बंद करने की चेतावनी

## आयुष्मान भारत और हिमकेयर योजनाओं का भुगतान लटका



कैशलेस डायलिसिस सेंटर को लेकर अधिकारियों से मिलते हुए लोग।

## मरीजों को करवाना पड़ेगा महंगे दामों पर इलाज

राही केयर सेंटर में वर्तमान में 48 मरीज नियमित रूप से डायलिसिस के लिए आते हैं, जिनमें से अधिकांश का इलाज आयुष्मान और हिमकेयर योजना के तहत निशुल्क किया जा रहा है। अगर 20 जून से यह सेवा बंद होती है तो इन मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगे दामों पर इलाज करवाना पड़ेगा, जिसकी उनके पास कोई आर्थिक क्षमता नहीं है।

## मरीजों ने एसएमओ से पीड़ा की साझा

सिविल अस्पताल सुंदरनगर के एसएमओ डॉ. चमन सिंह ठाकुर के साथ हुई बैठक में मरीजों ने अपनी पीड़ा साझा की और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। मरीज तिलक अवस्थी, शेर सिंह, धनी राम, लीला देवी, मस्तराम, सीमा गुप्ता, विनीत डोगरा और राम सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की संवेदनहीनता के चलते उनकी जिंदगी दांव पर लगी हुई है।

## मरीज बोले-हम हर दिन मौत के करीब जा रहे हैं

मरीजों ने कहा कि डायलिसिस उनके जीवन का अहम हिस्सा है। सप्ताह में दो से तीन बार उन्हें इस प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और इसमें एक दिन भी चूकने का अर्थ जीवन के लिए खतरा बन जाता है। लीला देवी ने कहा कि हम गरीब लोग हैं, हमारे पास निजी अस्पतालों में इलाज कराने का पैसा नहीं है।

## आखिर कब जागेगी सरकार

**आयुष्मान** भारत जैसी योजनाएं गरीब मरीजों के लिए जीवनदायिनी मानी जाती हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन बाधित होगा, यह कल्पना से परे है। अब देखने वाली बात यह है कि क्या सरकार समय रहते जागेगी।

## मांगा 15 दिन का समय

**एसएमओ** डॉ. चमन सिंह ठाकुर ने कहा कि डायलिसिस सेंटर से 15 दिनों का अतिरिक्त समय मांगा गया है, जिससे मरीजों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बताया कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सारी स्थिति से अवगत करवा दिया गया है। सिविल अस्पताल प्रबंधन मरीजों की सेहत और सुविधाएं प्रदान करने में सदैव प्रयत्नशील है।

## उठाया जाएगा मामला

विधायक सुंदरनगर राकेश जंवाल ने कहा कि मामले को प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। सिविल अस्पताल में डायलिसिस सुविधा को लेकर समस्या की जानकारी सीएमओ मंडी से ली गई है।

# सुंदरनगर में 40 रक्तदाताओं ने शिविर में किया रक्तदान



सामूहिक चित्र में कांग्रेस नेता व युवा कांग्रेस कार्यकर्ता।

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 54वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर वीरवार को जिला मंडी युवा कांग्रेस द्वारा एक विशेष सेवा कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर में जिलास्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष निखिल ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में कुल 40 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खून की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर जिला मंडी प्रभारी गौरव शर्मा, सुंदरनगर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश शर्मा, नाचन विधानसभा से प्रेम सिंह, और बल्ह विधानसभा क्षेत्र से निशांत राव सहित युवा कांग्रेस के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने राहुल गांधी के जनसेवा और मानवता को प्राथमिकता देने वाले विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के लिए योगदान देने का आह्वान किया। जानकारी देते हुए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष निखिल ने कहा कि राहुल गांधी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## रक्तदान बचा सकता है तीन जिंदगियां : डॉ. वाटिका

सीएमओ कार्यालय मंडी से आई रक्तदान शिविर टीम की इंचार्ज डॉ. वाटिका भारद्वाज ने कहा कि सुंदरनगर में आयोजित इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। फोरलेन निर्माण के बाद क्षेत्र में दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे रक्त की मांग भी बढ़ी है। इसके अलावा शल्य चिकित्सा, कैंसर और अन्य बीमारियों के मरीजों को भी समय पर रक्त की आवश्यकता होती है।

# सीएंडवी अध्यापकों ने जताया रोष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

सरकार एवं विभाग द्वारा सीएंडवी से टीजीटी पदोन्नति के लिए एसीआर एवं अन्य दस्तावेजों के लिए बार-बार तिथि बढ़ाए जाने पर सीएंडवी अध्यापकों मनोहर लाल, अजय शर्मा, सुरेश कुमार, संजीव कुमार, हुक्कम चंद, हेमंत आदि ने कड़ा रोष प्रकट किया है।

इन्होंने बताया कि जून 2023 के बाद कोई भी पदोन्नति नहीं हुई है। यह पहली बार ऐसा हुआ है कि बार बार दस्तावेज मंगवाए जा रहे हैं और तिथि आगे बढ़ाई जा रही हैं, जिससे पदोन्नत होने वाले पात्र अध्यापकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले एक बार ही निर्धारित समय अवधि में दस्तावेज मांगे जाते थे और पैनल बनाकर पात्र अध्यापकों की पदोन्नति कर दी जाती थी। दो साल से प्रोमोशन के लिए शिक्षक बार बार एसीआर दे रहे हैं। अब प्रोमोशन को अप्रैल में करने की बजाय जून तक विलंब किया गया है। इसके बाद फिर से नई एसीआर 20 जून के बजाय 5 सितंबर 2025 तक मांग ली गई है, जिसके कारण डीपीसी में विलंब हो रहा है। दातावेजों के लिए तिथि को आगे बढ़ाकर प्रोमोशन को उलझाया जा रहा है जो कि अनुचित है। शिक्षकों ने मांग की है कि प्रोमोशन के लिए दस्तावेजों की तारीख को और आगे न बढ़ाया जाए।

# बरोट में जागरूकता शिविर 20 को

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** कार्यालय जिला प्रबंधक हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं सनुसुचित जनजाति विकास निगम जिला मंडी द्वारा 20 जून को द्रंग क्षेत्र की चौहार घाटी की बरोट पंचायत में दिन के समय लगभग डेढ़ बजे जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। बरोट पंचायत के प्रधान डाक्टर रमेश ठाकुर ने बरोट पंचायत सहित चौहार घाटी के समस्त लोगों से आग्रह किया है कि अनुसूचित जनजाति, सफाई व सभी वर्ग की महिलाएं आकर इस जागरूकता शिविर भाग लेकर भरपूर लाभ उठाएं।

# अफसर की तानाशाही पर भड़की किसान सभा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

लोक निर्माण विभाग (एलपीडब्ल्यूडी) जोगिंद्रनगर के कार्यालय में जिला परिषद सदस्य को एसडीएम की लिखित अनुमति लेकर ज्ञापन देने आने और पुलिस को बुलाने की शर्त को लेकर विवाद गहरा गया है। इस पूरे मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। किसान सभा और क्षेत्रीय संगठनों ने इस रवैये की कड़ी निंदा की है।

बुधवार को गड़ूही-भौरा-कस सड़क को बहाल करवाने के लिए जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल विभागीय कार्यालय पहुंचा था, जहां

## 25 को अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान

अधिकारियों के रवैये से आक्रोशित प्रतिनिधिमंडल ने एलपीडब्ल्यूडी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

शाम गड़ूही के अंबेडकर भवन में हिमाचल किसान सभा की स्थानीय इकाई की एक आपात बैठक आयोजित हुई, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता किसान सभा के जिला अध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने की। बैठक में वक्ताओं ने बताया कि यह सड़क अनुसूचित जाति उप योजना के तहत बनी थी, जिसका बाकायदा उद्घाटन हुआ और उस पर नियमित वाहन भी चलते रहे, परंतु भूस्खलन के बाद इसे बहाल करने का प्रयास तब रोका गया जब कुछ उच्च जाति के लोगों से दलित समुदाय के युवकों की बहस हो गई।

इसके बाद सड़क बंद कर दी गई, जो कि अन्यायपूर्ण है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि सड़क बहाली और अधिकारी पर कार्रवाई नहीं होती, तो 25 जून को सैंकड़ों ग्रामीण जोगिंद्रनगर में प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेंगे।

# 305 प्रतिभागियों को मिला विशेष वन प्रशिक्षण

उमेश, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर में हिमाचल प्रदेश वन पारिस्थितिक तंत्र एवं जलवायु अनुकूलन परियोजना के अंतर्गत जिला कांगड़ा और चंबा के विभिन्न डीपीएमयू यानी डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट से आए कुल 305 प्रतिभागियों को चरणबद्ध रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को पर्यावरणीय संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी और जलवायु अनुकूलन रणनीतियों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था।



विशेष वन प्रशिक्षण लेने के उपरांत सामूहिक चित्र में प्रशिक्षु।

## प्रायोगिक ज्ञान के लिए अध्ययन भ्रमण का आयोजन

**प्रशिक्षण** कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों के लिए एक विशेष एक्सपोजर विजिट का आयोजन भी किया गया, जिसमें उन्हें सुकेत वन मंडल, वन्यजीव वन मंडल कुल्लू तथा पार्वती वन मंडल का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को जायका परियोजना के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की कार्यप्रणाली, वित्तीय प्रबंधन, लेखा प्रणाली, दस्तावेजीकरण और आजीविका सृजन गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करवाया गया। इन गतिविधियों से प्रतिभागियों को व्यावहारिक दृष्टिकोण से सीखने का अवसर मिला, जिससे वे इन उपायों को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें।

# ब्रहमफालड में टिप्पर दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक की दर्दनाक मौत

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

धर्मपुर उपमंडल के ब्रहमफाल्ड में एक टिप्पर के दुर्घटनाग्रस्त होने का समाचार प्राप्त हुआ है, जिसमें चालक की मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार कलोगा निवासी जीवन लाल पुत्र सुरत राम उम्र 40 वर्ष रेता बजरी की सप्लाई लेकर गया था और वहां पर वह जब गाड़ी को मोड़ने लगा तो अचानक गाड़ी पीछे लुढ़ककर नीचे गिर गई गाड़ी के गिरने की आवाज सुनते ही लोग मदद के लिए भागे और मदद करने में जुट गए, वहीं इसकी सूचना धर्मपुर पुलिस को भी दी गई सूचना मिलते ही पुलिस दल भी घटनास्थल पर पहुंचे और यह दुर्घटना कैसे हुई इसकी छानबीन में जुट गया है।

मृतक का एक पांच छह महीने का छोटा बच्चा है, जिसने अपने पिता को सदा के लिए खो दिया। सूचना मिलते ही परिवार का भी रो-रो के बुरा हाल है। डीएसपी संजीव सूद ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना होने के कारणों की जांच की जा रही है।

# समय पर फंडिंग होती तो होता लाभ : निखिल

**उमेश, अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2006.40 रुपए करोड़ की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इस पर मंडी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष निखिल ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि यदि यह राहत राशि आपदा के तुरंत बाद जारी की जाती, तो प्रदेश के पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों में बड़ी मदद मिलती और नुकसान को कम किया जा सकता था।



**समस्या** वाहन चालकों का सड़क पर सफर करना मौत को दावत देने जैसा

# हड़सर-गुलेला सड़क बदहाली पर बहा रही आंसू

रितेश, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली पटड़ीघाट-हड़सर गुलेला सड़क की हालत बहुत ही दयनीय हो चुकी है। यह सड़क लगभग तीन किलोमीटर लंबी है। इस सड़क पर लगभग पांच सौ से अधिक आबादी निर्भर करती है। इस सड़क पर जगह-जगह खड्डों की भरमार है।

इस सड़क पर दोपहिया वाहन चलाना तो दूर चार पहिया वाहन से सफर करना भी मौत को दावत देने जैसा है। स्थानीय ग्रामीण कृष्ण चंद, अशोक कुमार, रमेश कुमार, दिनेश कुमार, योगराज, जगत राम, सुरेंद्र कुमार, संजय कुमार, खेम चंद आदि का कहना है कि यह सड़क लगभग 10 साल पहले टायरिंग की गई थी और 5 वर्ष पहले इस सड़क पर लोक निर्माण विभाग द्वारा पैचवर्क किया गया था।

## जगह-जगह पड़े गड्ढे दे रहे हादसे को न्योता

## लोगों ने सड़क को जल्द ठीक करने की उठाई मांग

पांच वर्ष बीत जाने के बाद इस सड़क पर विभाग कोई भी ध्यान नही दे रहा है। यह सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिस कारण ग्रामीणों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोग अपनी जान को जोखिम में डाल कर इस सडक पर सफर कर रहे है।



स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि इस सड़क को जल्दी से जल्दी ठीक किया जाए। इस बारे में कनिष्ठ अभियंता जितेंद्र गुलेरिया ने बताया कि इस सड़क का एस्टीमेट बना के उच्च अधिकारियों को भेजा दिया जाएगा और एक-दो दिन में लेबर भेज कर के गड्ढों को मिट्टी व पत्थर से पैचवर्क का कार्य करबा दिया जाएगा।

# एसडीएम करसोग ने किया नवनिर्मित संयुक्त कार्यालय भवन का निरीक्षण

लक्की, अनंत ज्ञान

**करसोग।** एक ही छत के नीचे सभी राजकीय विभागीय कार्यालय स्थापित कर आमजन को सभी सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से करसोग में लगभग 37 करोड़ रुपए की लागत से नव निर्मित संयुक्त कार्यालय भवन का एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संयुक्त कार्यालय भवन में ही बनाए गए अपना पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के एसडीएम ने विभिन्न विभागों के लिए निर्मित विभागीय कार्यालयों का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध करवाई गई विभिन्न सुविधाओं का जांचा। उन्होंने शीघ्र अति शीघ्र भवन की साफ सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए है। गौरतलब है कि लगभग 37 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस संयुक्त कार्यालय भवन में लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक विभिन्न विभागों के कार्यालय एक ही छत के नीचे आम जनता को सुविधा उपलब्ध करवाएगें, जो अभी करसोग के अलग-अलग स्थानों पर चल रहे है।

संयुक्त कार्यालय भवन में सभी विभागीय कार्यालय शुरू होने से लोगों को कार्य करवाने के लिए भाग दौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कॉमेडियन मनप्रीत सिंह ने चिंतपूर्णी में नवाया शीश

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** स्टैंप अप कॉमेडियन मनप्रीत सिंह ने जेष्ठ वीरवार को अपने परिवार के साथ मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाई। इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी गगन कालिया ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई। पूजा-अर्चना करने के पश्चात, मनप्रीत सिंह ने हवन कुंड में आहुतियां डालकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मनप्रीत सिंह ने कहा कि मां चिंतपूर्णी के दर्शन से उनका मन और आत्मा तृप्त हो गया है।

### टक्का में 22 को होगा वार्षिक यज्ञ व भंडारा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नजदीकी गांव टक्का के वार्ड नंबर 5 स्थित श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में 22 जून को 4वां विशाल वार्षिक यज्ञ, भंडारा आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर प्रबंधक समिति और सेवादारों दीपक शारदा, सुनील, अमन, पंकज, मोहन, विजय, संजीव और रजनीश ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विधिवत पूजा-अर्चना एवं देवी-देवताओं के आह्वान से होगी। इसके उपरांत हवन यज्ञ और झंडा रस्म संपन्न होगी। महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को भंडारे का अटूट प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### निशुल्क योग शिविर का लाभ उठा रहे लोग

**आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में घनारी तहसील के क्षेत्र गोंदपुर बनेहड़ा में इन दिनों चल रहे निशुल्क योग शिविर में युवा व लोग योग सीख रहे हैं। पतंजलि योग पीठ हरिद्वार में योग गुरु बाबा रामदेव के सानिध्य में आयोजित योग शिविर से प्रशिक्षित योग शिक्षक राजिंदर कुमार योग सिखा रहे हैं। बेहतर स्वास्थ्य के लिए आज की भागदौड़ के जीवन मे योगाभ्यास करने वालों को योग को स्वभाव बनाकर नियमित रूप से करने तथा योग के प्रचार-प्रसार के लिए बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम तथा आसनों द्वारा स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया । उन्होंने कहा योग से ही निरोग जीवन संभव है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से योग कक्षा चलाई जाती रहेगी।

### ऊना में बाल संरक्षण के लिए किया मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** ऊना जिले में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत 294 लाभार्थी बच्चों को सामाजिक सुरक्षा और स्वावलंबन से संबंधित विभिन्न मदों में 3.11 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता प्रदान की गई है। उपायुक्त जतिन लाल ने वीरवार को जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को 31 मार्च 2025 तक सामाजिक सुरक्षा राशि के रूप में 1 करोड़ 30 लाख 43 हजार 909 रुपएप्रदान किए गए हैं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को विशेष गृह में रह रहे बच्चों की सुरक्षा एवं सुविधा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में बाल कल्याण और संरक्षण की दिशा में किए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता शर्मा, सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा, डीएसपी मुख्यालय अजय ठाकुर, सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष मीनाक्षी राणा, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास परियोजना नरेंद्र कुमार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप, बीडीओ केएल वर्मा सहित अन्य सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्यों ने बाल संरक्षण और कल्याण के लिए व्यवस्थागत सुधारों को लेकर बहुमूल्य सुझाव दिए।

### राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** राहुल गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष में जिला ऊना युवा कांग्रेस द्वारा एक विशेष सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीरवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के दुलैहड़ स्थित लेवर हॉस्टल परिसर में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। दोपहर बाद तक चले शिविर में 400 से अधिक लोगों ने हिस्सा लेते हुए शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर का नेतृत्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत राय ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अखिल अग्निहोत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर में एमडी डॉ. मुनीष चौधरी, चेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक शर्मा, ईएनटी डॉ. सागर, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अक्षिता वर्मा, फॉर्मेसी ऑफिसर मोहन लाल व स्टॉफ नर्स अंशिका ने अपनी सेवाएं दी। जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रशांत राय ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा से समाज के कमजोर वर्गों के लिए समर्पित रहे हैं और उनके जन्मदिवस पर इस प्रकार के सेवा कार्य करना उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने का माध्यम है।

### राहुल गांधी के जन्मदिवस पर 30 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर यूथ कांग्रेस ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाजसेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित हुए। सीएचसी प्रभारी डॉ. मोहित शर्मा और बीएमओ डॉ. करण सहित समस्त अस्पताल सटाफ ने कार्यक्रम स्थल पर विधायक का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और एक के बाद एक युवा कुर्सी पर बैठकर रक्तदान करते नजर आया। रक्तदान करने वालों को सर्टिफिकेट भी बांटे गए। विधायक अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी जाकर मिले। उन्होंने उनका हालचाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए उन्हें फल भेंट किए। मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल के लिए विधायक का आभार जताया। विधायक ने कहा कि रक्तदान महादान है और इस पुनीत कार्य से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। करीब 30 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है।

### एडवेंचर शिविरों में युवाओं को लेना चाहिए भाग

**अनंत ज्ञान, मनाली।** भारतीय रेडक्रास समिति, हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा हरियाणा रेडक्रॉस के वाईस चेयरमैन अंकुश मिगलानी व महासचिव महेश जोशी के मार्गदर्शन में 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ एडवेंचर कैंप (लड़कियों के लिए) का आयोजन मनाली में किया जा रहा है। कार्यक्रम के तीसरे दिन की शुरुआत वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हैनरी डुनांट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित की की। अंकुश ने कहा कि इस प्रकार के एडवेंचर शिविरों में युवाओं को बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। उन्होंने रक्तदान व अंगदान पर भी जागरूक किया। एडवेंचर के लिए सभी प्रतिभागियों को रोहतांग दर्रा पर ले जाया गया, जिसको वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने रेडक्रॉस का झंडा दिखाकर रवाना किया। शिविर निदेशक रोहित शर्मा ने बताया कि इस शिविर में हरियाणा के 16 जिलों के विश्वविद्यालयों व कॉलेजों से 15 काउंसलर व 71 युवतियां भाग ले रही हैं।

# मेडिकल वेस्ट से जलस्रोत दूषित

## अजय के आग्रह पर जिला प्रदूषण बोर्ड ने जांची लठियाणी की डंपिंग साइट

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के लठियाणी क्षेत्र के कैंची मोड़ पर कूड़े के ढेर से उत्पन्न हो रही गंदगी और उससे प्रभावित हो रही लठियाणी सर्किल की पेयजल योजना को लेकर वीरवार को जिला प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने मौके से पर्चियां, दवाइयां और अन्य दस्तावेजों की जांच की और कुछ जरूरी कागजात कब्जे में लिए।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की यह कार्रवाई उस समय तेज हुई, जब राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स विंग के प्रदेश चेयरमैन एवं जिला ऊना भारतीय जनता युवा मोर्चा के सचिव अजय ठाकुर ने अपनी टीम के साथ मिलकर कैंची मोड़ पर स्वयं सफाई अभियान चलाया था। अजय ठाकुर ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए उपमंडलाधिकारी (नागरिक) बंगाणा अमित कुमार को एक ज्ञापन भी सौंपा था, जिसमें उन्होंने साफ तौर पर बताया कि कैंची मोड़ पर लगातार फेंके जा रहे कूड़े के कारण पेयजल स्रोत दूषित हो रहे हैं।



ज्ञात हो कि कैंची मोड़ पर लंबे समय से अवैध रूप से कूड़ा-कचरा डंप किया जा रहा है, जिसमें घरेलू कचरे के साथ-साथ चिकित्सा अपशिष्ट भी शामिल है। बोर्ड की टीम ने मौके पर पहुंचकर जब निरीक्षण किया, तो उन्हें वहां दवाइयों की पैकिंग, प्रयोग की गई इंजेक्शन की सिरिंज और अन्य मेडिकल वेस्ट मिला, साथ ही कुछ संस्थानों की पर्चियां भी मिलीं, जिससे पता चल सकेगा कि ये कचरा कहां से आ रहा है। इस अभियान के तहत अजय ठाकुर और उनकी टीम ने न केवल सफाई अभियान चलाया, बल्कि स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया कि वे इस स्थान को कूड़ा फेंकने का स्थल न बनाएं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस क्षेत्र को चिन्हित कर यहां कूड़ा डालने पर प्रतिबंध लगाया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

अजय ठाकुर ने कहा कि पेयजल योजना में गंदगी पहुंचने से लोगों के बीमार होने का खतरा है। हमने प्रशासन से निवेदन किया है कि इस जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और दोषियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की विस्तृत जांच की जाएगी और जिन संस्थानों या व्यक्तियों की लापरवाही सामने आएगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 'गर्दन पंखा' के नवाचार ने साक्षी के सपनों को दी उड़ान

**अनंत ज्ञान, ऊना**



स्वजनों और शिक्षकों के साथ साक्षी।

हिमाचल की होनहार छात्रा साक्षी भारद्वाज के वर्सेटाइल 'नेक फैन मॉडल' डिजाइन ने उसे रातों रात चर्चित बना दिया है। इसके साथ ही जापान ने उसकी तकनीक पर ऐसा भरोसा किया कि उसे सकूरा एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए चयनित किया है। ऊना के लोगों के लिए यह गौरव के क्षण थे, जब साक्षी भारद्वाज जापान रवाना हुई। ऊना जिले के छोटे से गांव की साक्षी ने अपनी मेहनत, संवेदनशीलता और वैज्ञानिक सोच से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है।

ऊना जिले के जाड़ला कोयड़ी स्कूल में जमा एक कला संकाय की छात्रा साक्षी अब जापान में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। साक्षी का चयन जापान सरकार के प्रतिष्ठित सकूरा एक्सचेंज प्रोग्राम इन साइंस के लिए हुआ है, जो नवाचार और विज्ञान के क्षेत्र में युवाओं को वैश्विक मंच पर प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से संचालित किया जाता है। साक्षी ने बताया कि उसकी मां गर्मी के मौसम में घरेलू कार्य करते समय अक्सर पसीने और थकावट से परेशान रहती थीं। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए साक्षी ने एक वर्सेटाइल 'नेक फैन मॉडल' डिजाइन किया, जिसे गले में पहनकर गर्मी में राहत पाई जा सकती है।

# पीएम मोदी दिन-रात कर रहे काम : सुमित

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वीरवार को चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की थड़ा पंचायत में अपर मंडल के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश सचिव सुमित कुमार शर्मा ,चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक बलबीर सिंह, जिला सह संयोजक ओंकार नाथ, जिला उपाध्यक्ष विश्वजीत पटियाल, जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष जय देव खट्टा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी, नगर पंचायत की अध्यक्षा इंदु धीमान, मंडल के उपाध्यक्ष शेर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विजय कुमार सपेहिया, मंडल प्रवक्ता डॉ. विजय कुमार शर्मा, मंडल महामंत्री कुलदीप सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी विवेक कुमार, मंडल सदस्य रिंकू देवी, बूथ अध्यक्ष शशि कुमार, पार्टी की वरिष्ठ कार्यकर्ता कंचन ठाकुर, नेहा ठाकुर, राम पाल और मनोहर लाल इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष किरपाल सिंह ठाकुर ने की।

सुमित ने कहा कि मजबूत इरादों और दृढ़ इच्छा शक्ति से पहाड़ जैसे ऊंचे किसी लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने के लिए वह बिना थके और बिना रुके दिन-रात काम कर रहे हैं। उन्होंने शासक के बजाए जनता के सेवक के रूप में देश की सेवा करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दी है। उनके मजबूत नेतृत्व में केंद्र सरकार की 11 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा इसका जीता-जागता प्रमाण है।

सुमित ने कहा कि मोदी सरकार जहां हर वर्ग के हित में काम कर रही है, वहीं प्रदेश की कांग्रेस सरकार लोगों को एक के बाद एक झटके दे रही है।

### जेएनवी पेखुबेला में होगा जिला स्तरीय योग दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को ऊना जिले में जिला स्तरीय योग दिवस समारोह जवाहर नवोदय विद्यालय, पेखुबेला के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ आयोजित यह समारोह 21 जून को प्रात: 6.30 डीसी जतिन लाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला आयुर्वेद अधिकारी किरण शर्मा ने दी।

उन्होंने कहा कि जिला आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस समारोह का उद्देश्य आमजन में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

# डगोह खास में मां बगलामुखी महायज्ञ व परीक्षण शिविर 26 से



युवाओं के साथ बातचीत के दौरान महाराज।

**सुखविंदर सागर, अनंत ज्ञान**

**घनारी।** अखिल भारतीय संत परिषद के तत्वावधान में तथा डगोह खास तथा पास लगते गांव के सभी सनातनी धर्मालंबियों के सहयोग से इस गुप्त नवरात्र पर 10 दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ साधना तथा प्रशिक्षण शिविर कैंप तथा धर्म चर्चा रखी गई है।

इसकी जानकारी अखिल भारतीय संत परिषद् के हिमाचल, पंजाब और हरियाणा के प्रभारी यति सत्यदेवानंद सरस्वती महाराज शिष्य महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि जी महाराज श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा ने बताया कि आज हम अपने आसपास ऐसी कई घटनाएं देख रहे हैं, जिसमें एक भीड़ पूरे भारत में जगह-जगह प्लानिंग करके हिंदुओं के घरों पर तथा परिवारों पर संयोजित करके हमले कर रही है तथा नुकसान पहुंचा रही है। हमारे बच्चों के पास अपनी सुरक्षा तथा उस भीड़ का मुकाबला कैसे करे, उसका प्रशिक्षण नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में भंजाल की घटना ने तथा हिमाचल प्रदेश की अन्य जिले की घटना को देखते हुए उनकी संस्था तथा गांव वालों ने अपने बच्चों को प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। इसके लिए शिव शक्ति धाम डसना मंदिर गाजियाबाद से शिक्षक आएंगे जो 10 दिन यह प्रशिक्षण देंगे। इस अवसर पर उनके साथ विशाल जसवाल, सतविंदर जसवाल, ओजस जसवाल, आयुष जसवाल, उन्नत शर्मा, शिवांश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## हिमाचल को राहत देने पर सांसद सिकंदर कुमार ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल से राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा के महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने बंगाणा में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को बड़ी राहत देते हुए बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए 2006.40 करोड़ रुपए की सहायता स्वीकृत की है। यह राशि वर्ष 2023 में आई भीषण बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई और राज्य के पुनर्निर्माण हेतु दी गई है।

इस महत्वपूर्ण सहायता पर राज्यसभा सांसद और प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

# हरोली कॉलेज में इस वर्ष से शुरू होंगे सात नए पाठ्यक्रम, प्रवेश प्रक्रिया जारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

- कॉलेज के नए भवन में लगेंगी इस शैक्षणिक सत्र से कक्षाएं : डॉ. सिम्मी

डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय डिग्री कॉलेज हरोली में शैक्षणिक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अकादमिक सत्र 2025-26 से सात नए पाठ्यक्रम आरंभ किए जा रहे हैं। व्यावसायिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में बीबीए और बीसीए जैसे स्नातक स्तरीय कोर्स शुरू करने के साथ ही कॉलेज में पीजी डिग्री कोर्सेज में एमकॉम, एमए इंग्लिश, एमए हिंदी, एमए राजनीतिक विज्ञान और एमए इतिहास जैसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की भी शुरुआत की जा रही है।

कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. रणवीर डडवाल ने बताया कि बीबीए और बीसीए में 60-60 सीटें जबकि प्रत्येक पीजी कोर्स में 30-30 सीटें निर्धारित की गई हैं। अब तक एडमिशन के लिए विभिन्न कोर्सेज में 112 विद्यार्थी पंजीकरण करवा चुके हैं और प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में पहले से ही बीए और बीकॉम के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज के नवीन भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इस शैक्षणिक सत्र से कक्षाएं इसी नए भवन में संचालित होंगी। बता दें, कॉलेज का नया भवन करीब 16 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

## जिला भाजपा ने प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का किया आयोजन

# केंद्र की 11 साल की उपलब्धियों को बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला भाजपा कुल्लू द्वारा देव सदन कुल्लू में सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम के अंतर्गत प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया।



देवसदन में कार्यक्रम के दौरान मंच पर बैठे गणमान्य लोग।

इसमें समाज के विभिन्न वर्ग के सीनियर सेवानिवृत्त अधिकारी, सीनियर अधिवक्ता, सेवानिवृत्त चिकित्सक, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, उद्योगपति, सेवानिवृत्त कर्मचारी व व्यापारी वर्ग ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुधरी है। इन 11 वर्षों के सेवाकाल में भारत ने विश्व में अपना लोहा मनवाया है। इन 11 वर्षों में समाज के हर वर्ग की स्थिति में सुधार आया है। भारत वर्तमान में अमृत काल के दौर से गुजर रहा है। पूर्व मंत्री ने बताया कि 2047 तक देश विकसित भारत की दिशा में अग्रसर है।

भारत आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने भी इन 11 वर्षों में देश की विकास यात्रा पर विस्तार से जानकारी दी। 2022 के कुल्लू से भाजपा प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर ने भी इस प्रोफेशनल मीट में अपने विचार साझा किए। जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने बड़ी संख्या में इस प्रोफेशनल मीट में उपस्थित होने के लिए सभी उपस्थित प्रबुद्धजनों का दिल की गहराइयों से आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष भीमसेन शर्मा, अरविंद चंदेल, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवराज बौद्ध, महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, प्रदेश भाजपा सहमीडिया प्रभारी दानवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों की निंदा की

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** मोदी सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा मंडल निरमंड में मंडल संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इसमें रामपुर विधानसभा 2022 के प्रत्याशी कौल नेगी ने मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं गिनाई और आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंदर कुमार ने भी प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों की निंदा की। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष नरोत्तम ठाकुर, मंडल के महामंत्री जीवन चौहान, विदेश निगम, पंचायत समिति के अध्यक्ष निरमंड दलिप ठाकुर, एल आर ठाकुर, टिकम बंधु, दिलसुख ठाकुर, अशोक ठाकुर, तेज प्रकाश, देवेंद्र वर्मा, जगदीश नेगी, कमला वर्मा, रीना भारद्वाज, पिंकी, निशा, सुषमा, प्रताप, हीरा दीवान, शशि कटोच, नेसु राम एवं पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिंदल व सुखराम चौधरी पर दर्ज प्रकरण लोकतंत्र व जनादेश का अपमान : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

भाजपा हिमाचल प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता डॉ. राजीव बिंदल पर राज्य सरकार द्वारा दर्ज किया गया प्रकरण पूरी तरह दुर्भावनापूर्ण, निराधार और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है।



यह न केवल एक अनुभवी, सुदीर्घ सेवाभावी राजनेता का अपमान है, बल्कि प्रदेश की जनता के उस जनादेश का भी अपमान है, जिसने वर्षों तक उन्हें अपना प्रतिनिधित्व सौंपा। डॉ. बिंदल जैसे कर्मठ नेता पर झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाकर कांग्रेस सरकार ने अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास किया है। यह कृत्य न केवल अलोकतांत्रिक है, बल्कि संविधान की मूल भावना को भी चुनौती देने वाला है। प्रदेश में बढ़ती अराजकता, भ्रष्टाचार और कुप्रशासन से ध्यान हटाने के लिए कांग्रेस सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के हथकंडे अपना रही है, लेकिन भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है और हम इस तरह की तानाशाही प्रवृत्ति के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएंगे। मैं प्रदेश सरकार से मांग करता हूं कि डॉ. राजीव बिंदल, सुखराम चौधरी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाए गए सभी झूठे मुकदमे तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं। प्रशासनिक तंत्र को राजनीतिक बदले की भावना से दुरुपयोग करना बंद किया जाए। मैं प्रदेश की जनता से भी अपील करता हूं कि वे सच्चाई, न्याय और लोकतंत्र के समर्थन में डटकर खड़े रहें और इस एकतरफा कार्रवाई के खिलाफ आवाज बुलंद करें।

**शिक्षा का सच** बागा सराहन के जिस स्कूल में गए सीएम, वहां शिक्षकों के 9 पद खाली

# जब शिक्षकों की दरकार, तो बच्चे कैसे कसूरवार?

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** मुख्यमंत्री सुक्खू के निरमंड के बागा सराहन में सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराहन के जिस दौरे से स्कूल सुर्खियों में आ गया है, दरअसल उसकी हकीकत चौंकाने वाली है।





अनंत ज्ञान फॉलोअप

बागा सराहन स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराहन और स्कूल का खस्ताहाल भवन ।

स्कूल में प्रधानचार्य समेत 9 अध्यापकों के पद खाली हैं। यहां 56 छात्र और 66 छात्राओं समेत 122 बच्चों का भविष्य शिक्षा विभाग और प्रदेश सरकार ने दांव पर लगा रखा है। दुख इस बात का भी है कि सालों से खाली पदों को भरने के बजाए सरकार ने एक माह पहले मई माह में ही राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता और टीजीटी मेडिकल को ही ट्रांसफर कर डाला। इस कारण जहां अविभावकों को अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की चिंता सताने लगी। वहीं, प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग के प्रति रोष पनप गया।

### विभाग को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है

**विद्यालय** के कार्यकारी प्रधानाचार्य गुप्त राम ने बताया कि 9 पद रिक्त हैं और विभाग को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। वहीं, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द सभी रिक्त पदों को भरा जाए, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

### 2007 से क्लर्क का पद नहीं भरा गया

**स्कूल** प्रबंधन समिति के प्रधान लोचन सिंह ठाकुर ने चिंता जताते हुए कहा कि यह स्कूल सराहन पंचायत के झलैरर, दोहरा नाला, शरणी, ढलैर, चनाई गाड़, जाओगी, ठंडा पानी और सराहन गांवों के बच्चों की शिक्षा का केंद्र है, लेकिन सरकार की नजरअंदाजी से स्कूल में 2023 से खाली पड़े प्रधानाचार्य के पद के अलावा हिंदी, इतिहास और राजनीति शास्त्र के प्रवक्ताओं के पद भी रिक्त हैं, जबकि स्कूल में टीजीटी मेडिकल, भाषा अध्यापक, शारीरिक शिक्षक और आईटी विषयों के अध्यापकों के पद भी रिक्त चल रहे हैं। वहीं, स्कूल में 2007 से क्लर्क तक का पद नहीं भरा गया है।

### मुख्यमंत्री ने अचानक नहीं, बल्कि अनुरोध पर किया स्कूल का दौरा

**उन्होंने** बताया कि मुख्यमंत्री का दौरा औचक नहीं, बल्कि विद्यालय समिति के अनुरोध पर हुआ था, ताकि स्कूल के रिक्त पदों और भवन की खस्ताहाल स्थिति उन्हें दिखाई जा सके, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था और अचानक माहौल देखकर एक बच्ची के जवाब को लेकर जो विवाद बना, उसने असली मुद्दों को दबा दिया। अचानक बने इस दौरे के दौरान स्कूल में प्रार्थना सभा जारी थी और अचानक स्कूल में मुख्यमंत्री के सुरक्षा गार्डों, कमांडो और पुलिस आदि को देखकर बच्चे-बच्चियां घबरा गए। इसी बीच मुख्यमंत्री ने जब बच्ची से सवाल पूछा तो उसे ठीक ढंग से सुनाई न दिया और घबराहट में उसने गलत जवाब दे डाला। ऐसे में स्कूल की असली खामियां, जिन्हें दिखाने और बताने मुख्यमंत्री को स्कूल लाया गया था, वे दबा दी गई और बच्ची के गलत जवाब को तूल दे दिया गया।

## श्रीमद्भागवत कथा पुराण 29 जून से

**अनंत ज्ञान, मनाली।** श्रीमद्भागवत कथा पुराण 29 जून से छह जुलाई तक सोलंग नाला में आयोजित होने जा रही है। उझी घाटी के लोग भव्य आयोजन की तैयारियों में जुट गए हैं। व्यास ऋषि की तपोस्थली में पहली बार इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है। कुल पुरोहित बुध राम शर्मा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा पुराण का भव्य आयोजन होगा। 29 जून को श्रीमद्भागवत पुराण का विधिवत स्वागत किया जाएगा और उसके बाद एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। शर्मा ने कहा कि व्यास ऋषि स्वयं श्रीमद्भागवत कथा पुराण के पहले वक्ता रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कल्याण व सुख-शांति के लिए यह धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा है। उनके कहा कि यह क्षेत्र ब्यास नदी का उद्गम स्थान है और ऋषि का प्रांगण भी है। इस पवित्र स्थान में पहली बार यह धार्मिक आयोजन हो रहा है। देवताओं की अनुमति ले ली गई है। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए पंचायत के प्रतिनिधियों व सभी ग्राम कमेटियों से बैठक कर ली गई है।

# भाजपा के बिखरे कुनबे को जोड़ने में जुटे रवि ठाकुर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**काजा।** स्पीति की सियासत में भाजपा ने एक बार फिर अपनी पकड़ मजबूत करने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर के प्रयासों से पार्टी के बिखरे कुनबे में एकजुटता का संचार होने लगा है।



भाजपा काजा मंडल की बैठक के दौरान रवि ठाकुर व अन्य कार्यकर्ता।

इसका प्रमाण काजा में आयोजित भाजपा मंडल बैठक में कार्यकर्ताओं की उमड़ी भारी भीड़ है। इस अहम बैठक में न सिर्फ पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए, बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी ने यह संकेत दे दिया है कि पार्टी की जड़ें फिर से मजबूत हो रही हैं। रवि ने साफ तौर पर कहा कि यह महज एक बैठक नहीं, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी का बिगुल है। बैठक में मंडल अध्यक्ष डेमडुल गटुक, महामंत्री टकपा समदन, कलजंग, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शेर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र बौद्ध, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार, कांगड़ा बैंक निदेशक एवं वरिष्ठ नेता चंपा छेरिंग, स्पीति भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लामो बूटित, पूर्व जिला सचिव सोनम अंगडुई, जिला परिषद सदस्य सनडूप और बीसीसी उपाध्यक्ष टकपा तोंयोत जैसे वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इनकी मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि भाजपा अब फिर से एकजुट होकर संगठन को मजबूती देने में जुट चुकी है।

## डॉ. बिंदल व सुखराम पर एफआईआर कांग्रेस की वोट बैंक राजनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पूर्व विधायक एवं भाजपा के नेता रवि ठाकुर ने प्रेस वार्ता में प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। सिरमौर जिले में डॉक्टर राजीव बिंदल और सुखराम चौधरी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को उन्होंने झूठा और राजनीतिक प्रेरित करार दिया। उन्होंने कहा कि यह मामला पूरी तरह से राजनीतिक दबाव में लिया गया फैसला है, जो दिल्ली में बैठे कांग्रेस के अल्पसंख्यक नेताओं के इशारे पर किया गया है। रवि ठाकुर ने कहा कि वह स्वयं बौद्ध अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन अल्पसंख्यकों के नाम पर तुष्टीकरण की राजनीति किसी भी रूप में स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस सरकार वोट बैंक की राजनीति के तहत तथाकथित अल्पसंख्यक वर्ग को बढ़ावा देकर समाज में विभाजन और अस्थिरता पैदा कर रही है। पूर्व विधायक ने कहा, आज जो तथाकथित अल्पसंख्यक समुदाय खुद को पीड़ित बता रहे हैं, असल में वही वर्ग देश के बहुसंख्यक समाज की नींव को हिलाने में जुटा है। क्या यह वर्ग वास्तव में अल्पसंख्यक है, या राजनीतिक लाभ के लिए अल्पसंख्यक का चोला ओढ़े हुए है? उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि एक विशेष जांच टीम गठित कर तथाकथित अल्पसंख्यकों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ प्रशासन नागरिक सुरक्षा कार्यक्रम की करेगा शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** समुदाय की तत्परता बढ़ाने और आपात स्थितियों और उनके प्रबंधन में शहर की तैयारियों को बढ़ाने के लिए एक सक्रिय कदम के रूप में चंडीगढ़ प्रशासन 1,600 स्वयंसेवकों के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्रतिष्ठित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एमजीएसआईपीए), चंडीगढ़ में चार संरचित बैचों (प्रत्येक छह दिन) में आयोजित किया जाएगा। यूटी चंडीगढ़ के माननीय प्रशासक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे, जो आपदा प्रबंधन में आपदा तैयारियों और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत को चिह्नित करेगा। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा नागरिक सुरक्षा विभाग के सहयोग से की गई इस पहल का उद्देश्य तकनीकी रूप से सुदृढ़ और उत्तरदायी नागरिक सुरक्षा बल विकसित करना है, जो युद्ध जैसी स्थितियों, प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं और बड़े पैमाने पर हताहतों की घटनाओं के दौरान प्रशासन को प्रभावी ढंग से सहायता कर सके। सभी स्वयंसेवकों के लिए व्यापक कवरेज और व्यावहारिक शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण तीन बैचों में आयोजित किया जाएगा।

### जुलाई में सीईटी परीक्षा करवाने की तैयारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने ग्रुप-सी और डी पदों की भर्ती के लिए होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज राज्य के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। सीईटी अगले महीने यानी जुलाई में करवाए जाने की संभावना है। बैठक के दौरान बताया गया कि सीईटी के लिए लगभग 13 लाख 48 हजार 697 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदकों की बड़ी संख्या और परीक्षा के पैमाने को देखते हुए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग यानी एचएसएससी ने दो से तीन दिनों की समय अवधि में परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है। रस्तोगी ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अगले तीन दिनों के भीतर अपने-अपने जिलों में उपयुक्त परीक्षा केंद्रों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्रों का चयन सुरक्षा, रसद, परिवहन पहुंच और उम्मीदवारों को समायोजित करने की क्षमता को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे इन सभी केंद्रों का पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से निरीक्षण करवाएं।

### सोनीपत में किशोरी ने फंदा लगाकर दी जान

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** सोनीपत जिले के राठधाना गांव में एक 17 वर्षीय किशोरी प्रियंका ने नानी के घर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गुरुवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मृतका की मां सुमन ने अपनी चचेरी बहन मंजीत और उसके भाई पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। कटेवड़ा (दिल्ली) निवासी सुमन ने पुलिस को बताया कि वह छह साल से अपने पति जयभगवान से अलग रह रही हैं। प्रियंका बचपन से ही अपनी नानी के साथ राठधाना गांव में रहती थी। डेढ़ वर्ष पूर्व नानी के निधन के बाद भी वह मायके नहीं लौटी और मामा चेतराम के साथ वहीं रहने लगी। कुछ समय पूर्व चेतराम के जेल जाने के बाद प्रियंका मंजीत के पास रहने लगी, जो सुमन की चचेरी बहन और प्रियंका की मौसी लगती है। सुमन का आरोप है कि मंजीत और उसका भाई प्रियंका को मानसिक रूप से परेशान करते थे, जिससे तंग आकर प्रियंका ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

### सीएम सैनी ने गुजरात के पूर्व सीएम के निधन पर जताया दुख

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को गुजरात के गांधीनगर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और परिवारजनों का ढांढस बंधाया। अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए सैनी ने कहा कि विजय रूपाणी का एक लंबा राजनीतिक सफर रहा है। उनका जीवन सादगी भरा रहा और वे सदैव जनसेवा के लिए समर्पित रहे। हम लगातार संपर्क में थे, हमेशा एक-दूसरे से मिलते थे। उनके निधन से सिर्फ परिवार को ही नहीं, बल्कि गुजरात की जनता और पूरे देश में लोगों को गहरा सदमा पहुंचा है। मेरी भगवान से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने श्रीचरणों में स्थान दें। इस मौके पर हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल कौशिक भी मौजूद रहे।

# चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड योजना पर जल्द करेगा फैसला

## सर्वे में मिले 6300 आवेदन, रेट पर फिर से होगा विचार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




चंडीगढ़ के सेक्टर-53 में लंबे समय से अटकी हुई सेल्फ फाइनेंसिंग हाउसिंग योजना पर चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) अब जल्द अंतिम निर्णय लेने जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की आगामी बैठक में योजना को शुरू करने या रद्द करने को लेकर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

इस योजना के लिए 2023 में मांगे गए मांग सर्वेक्षण के दौरान करीब 6 हजार 300 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें से 1,000 आवेदन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए और शेष हाई इनकम ग्रुप (एचआईजी) और मिडिल इनकम ग्रुप (एमआईजी) कैटेगरी के लिए थे। एचआईजी श्रेणी में सबसे अधिक 70 प्रतिशत आवेदन आए थे। बोर्ड ने योजना को तभी लॉन्च करने की बात कही थी, जब पर्याप्त आवेदन और आवश्यक मंजूरी मिल जाए। पर्यावरण स्वीकृति पहले ही नवीनीकृत करवाई जा चुकी है। गौरतलब है कि सीएचबी की आखिरी हाउसिंग योजना 2016 में सेक्टर-51 में 200 दो बेडरूम फ्लैटों के लिए लाई गई थी।

हाल ही में चंडीगढ़ में कलेक्टर रेट में हुई बढ़ोतरी के बाद सीएचबी पुरानी कीमतों पर फ्लैट देने के मूड में नहीं है। इसी कारण बोर्ड ने मांग सर्वे के दौरान एकत्र राशि को लौटाने का निर्णय लिया था। अब बोर्ड इस बात पर विचार कर रहा है कि योजना को नई शर्तों के साथ दोबारा शुरू किया जाए या फिर पूरी तरह रद्द कर दिया जाए। मांग सर्वे में भाग लेने के लिए आवेदकों से एचआईजी और एमआईजी यूनिट के लिए 10 हजार रुपए और ईडब्ल्यूएस यूनिट के लिए 5 हजार रुपए लिए गए थे। यह राशि योजना शुरू होने पर अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) में समायोजित की जानी थी। योजना से पीछे हटने पर राशि जब्त करने का प्रावधान था।

### 2018 और 2023 में योजना रही विवादों में

इस योजना के तहत कुल 372 फ्लैट प्रस्तावित थे, जिनमें 192 एचआईजी, 100 एमआईजी और 80 ईडब्ल्यूएस फ्लैट शामिल हैं। 2018 में जब पहली बार यह योजना शुरू की गई थी, तब फ्लैट्स की कीमत काफी अधिक थीं। तीन बेडरूम के फ्लैट 1.80 करोड़ रुपए, दो बेडरूम 1.50 करोड़ और ईडब्ल्यूएस फ्लैट 95 लाख रुपए में प्रस्तावित थे। तब 492 फ्लैटों के लिए केवल 178 आवेदन ही आए थे, जिसके बाद योजना रद्द कर दी गई थी। 2023 में योजना दोबारा शुरू की गई थी, लेकिन उसी साल 2 अगस्त को 200 करोड़ के टेंडर जारी करने के बाद तत्कालीन प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने इसे अनावश्यक बताते हुए रोक दिया था।

# कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर पर होगा पौधरोपण : राव नरबीर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पेड़ लगाने की प्रक्रिया को तेज किया जाए और इस मानसून से पहले एचएसआईआईडीसी एक ठोस कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए जाएंगे, लेकिन इनकी देखभाल, सुरक्षा और रख-रखाव की जिम्मेदारी पूरी तरह एचएसआईआईडीसी की होगी, और इन पौधों पर वन विभाग का मालिकाना हक नहीं रहेगा।

राव आगामी वन महोत्सव को लेकर आयोजित विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मानसून में राज्यभर में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाए। बैठक में बताया कि 15 जुलाई को राज्यभर में एक साथ मास पौधारोपण किया जाएगा। यह अभियान सार्वजनिक स्थलों, तालाबों, नदियों के किनारे और पंचायत भूमि पर चलेगा। इसमें एनजीओ, सामाजिक संस्थान, औद्योगिक घरानों का सहयोग लिया जाएगा। शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर पौधारोपण का जिम्मा उद्योगों को सौंपा जाएगा और इन स्थानों पर संबंधित कंपनी की पट्टिका लगाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे पर पौधारोपण दो चरणों में किया जाए। पहला चरण कुंडली से मानेसर और दूसरा मानेसर से पलवल तक। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हो तो किसी अनुभवी लैंडस्केप एजेंसी की सेवाएं ली जा सकती हैं। उन्होंने अधिकारियों को 26 जून तक विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने रायपुर नर्सरी में नीम, पीपल, पिलखन, अर्जुन, बड़ जैसे पेड़ों को तीन-चार वर्षों तक पाल-पोसकर परिपक्व बनाया जाएगा, ताकि बाद में उन्हें विभिन्न स्थानों पर रोपित किया जा सके। वहीं, दक्षिण हरियाणा में खेजड़ी, रोहेड़ा, जाल, रोंझ जैसे प्रजातियों को प्रोत्साहित करने हेतु किसानों को योजना के तहत लाभ देने पर भी चर्चा हुई। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सचिव एवं आयुक्त डॉ. अमित अग्रवाल, हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन विनीत गर्ग, एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक यश गर्ग तथा वन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पानीपत : समालखा के पूर्व विधायक छोक्कर को मिली अंतरिम जमानत

**अनंत ज्ञान, पानीपत**

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने समालखा विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छोक्कर को अंतरिम जमानत मिल गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पांच मई 2025 की रात को दिल्ली के एक होटल से उन्हें गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान टीम ने छोक्कर को धक्का मारकर गिराया था और कुर्ता भी फाड़ दिया था। इससे उन्हें चोट लगी थी। इसी के इलाज के लिए छोक्कर को जमानत मिली है, लेकिन उन्हें एक जुलाई को फिर से आत्मसमर्पण करना पड़ेगा। उन्होंने नियमित जमानत के लिए भी याचिका लगाई हुई है, जिस पर तीन जुलाई को सुनवाई होगी।

**एक जुलाई को दोबारा करना होगा सरेंडर**

छोक्कर ने हाईकोर्ट में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका दायर की थी। इस पर 16 जून को सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने ईडी को नोटिस जारी किया था और 19 जून तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था। गुरुवार को ईडी के जवाब के बाद हाईकोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दी है। याचिका में दावा किया गया था कि गिरफ्तार करने वाले अधिकारी ने गिरफ्तारी की अनिवार्यता का कोई स्पष्ट औचित्य प्रस्तुत नहीं किया। गिरफ्तारी और रिमांड प्रक्रिया में अनिवार्य न्यायिक विवेक का पूरी तरह अभाव था, जिससे पूरी प्रक्रिया कानून की मूल भावना के विरुद्ध और मनमानी बन गई।

# बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण आज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार में एक लाख रुपए से अधिक और 3 लाख रुपए तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों नामत: करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण रोहतक जोन की उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्यवाही 20 जून को रोहतक में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से संबंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का भी निपटान किया जाएगा।

# भारतीय स्टेट बैंक ने सेक्टर-30सी चंडीगढ़ में लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारतीय स्टेट बैंक ने प्लेटिनम जुबली समारोह के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक ने फाइव स्टार ट्रैवल्स और श्री शिव महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट की सहयोग से 18 जून को चंडीगढ़ के सेक्टर-30सी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर, 62 लोगों ने रक्तदान करके सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा किया। काजल कुमार भौमिक, उपमहाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय चंडीगढ़ ने शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं की सराहना की और उन्हें प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। काजल कुमार भौमिक ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह से सेवा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। पीजीआई के चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की टीम ने धैर्यपूर्वक परीक्षण करके रक्तदान की व्यवस्था का सुचारु रूप से संचालन किया।

### भारतीय डॉक्टर को ब्रिटेन में लेखन का शीर्ष सम्मान



**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिजा नंदी ने भारतीय डॉक्टर शालिनी मलिक को आईजीएफ आर्थर-अमीश अवार्ड से सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ लेखन के लिए यह अवार्ड दिया जाता है, जो ब्रिटेन और भारत के मशहूर लेखकों लॉर्ड जेफ्री आर्चर और अमीश त्रिपाठी के नाम पर बना है। इस अवार्ड के तहत डॉ. शालिनी मलिक को 25 हजार डॉलर की इनामी राशि मिली। डॉ. शालिनी मलिक को यह अवार्ड उनके उपन्यास 'द वे होम' के लिए दिया गया। इस उपन्यास में तीन युवाओं की कहानी है, जो गोवा में शरण लेते हैं और अपने निजी दुखों से जूझते हैं। इस उपन्यास को दुख, पहचान और उपचार की मार्मिक खोज के लिए सर्वश्रेष्ठ कृति के रूप में चुना गया। (अनंत ज्ञान)

### पुणे में सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत

**एजेंसी, पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 6 साल का बच्चा और एक महिला शामिल भी हैं। हादसे में 4 लोग घायल भी हुए हैं। हादसा शाम करीब 6:45 बजे हुआ। पुणे पुलिस ने बताया कि एक्सीडेंट जेजुरी-मोरेगांव रोड पर एक होटल के सामने हुआ। होटल के मालिक और कर्मचारी पिकअप वाहन से फ्रिज उतार रहे थे। तभी पुणे से मोरेगांव जा रही एक कार ने कंट्रोल खो दिया और सीधे पिकअप से टकरा गई। पुलिस के अनुसार, सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए जेजुरी ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया है। चार घायलों में एक पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। सभी को शांते हॉस्पिटल जेजुरी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### आखिर राज कुशवाहा ही निकला संजय वर्मा



**एजेंसी, भोपाल।** अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की आरोपी सोनम के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल में जिस नंबर पर सोनम ने बार बार कॉल किए थे, उसे लेकर बुधवार को दिलचस्प सस्पेंस बना रहा, लेकिन शाम को शिलांग पुलिस ने सोनम से ही पूछकर पता लगाया कि संजय वर्मा कौन है, उसने कहा कि वह उसके कथित प्रेमी राज का ही मोबाइल नंबर है। दरअसल ट्रू कॉलर पर संजय वर्मा नाम लिखा हुआ आ रहा था। सोनम की कॉल डिटेल में पता चला है कि 1 से लेकर 25 मार्च तक सोनम ने किसी संजय वर्मा नामक शख्स, जो अब राज ही निकला है, को 119 बार कॉल लगाए। वह नंबर अब बंद आ रहा था। पुलिस ने इस बिंदु को भी जांच में शामिल किया था। यह कयास लगाए जा रहे थे कि संजय वर्मा की सिम का इस्तेमाल सोनम ने किया होगा और राज व सोनम इस नंबर पर बातें करते रहे होंगे। शाम को शिलांग में अफसरों ने सोनम से ही इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह राज का नंबर है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# 55 साल के हुए राहुल गांधी

## पीएम मोदी ने दी बधाई, दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की मांगी दुआ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 19 जून को 55 साल के हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता को जन्मदिन की बधाई दी। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर लिखा है, 'लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।' राहुल गांधी का जन्म 19 जून, 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की ज्येष्ठ संतान हैं। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य और नेता प्रतिपक्ष हैं। (अनंत ज्ञान)

### राहुल का सियासी करियर

**राहुल** गांधी ने 2004 में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की, जब उन्होंने अपने पिता की पारंपरिक सीट उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीते। इसके बाद वह 2009 और 2014 में भी अमेठी से सांसद चुने गए। 2007 में उन्हें कांग्रेस महासचिव नियुक्त किया गया। 2013 में वह कांग्रेस के उपाध्यक्ष बने। 2017 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष का पद संभाला, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया।

### इन नेताओं ने भी दी बधाई

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने राहुल गांधी को गुरुवार को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि वह शोषितों, वंचितों, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़ों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले एक ऐसे नेता हैं जिनकी आज देश को जरूरत है।

# रूसी अर्थव्यवस्था मंदी के कगार पर



**एजेंसी, मॉस्को।** रूस की अर्थव्यवस्था मंदी के कगार पर खड़ी है। इकोनॉमी मिनिस्टर मैक्सिम रेशेत्निकोव ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बिजनेस और इंडस्ट्री के आंकड़े दिखा रहे हैं कि देश मंदी के बेहद करीब है। यानी, महंगाई बढ़ रही है, आर्थिक गतिविधियां धीमी हो रही हैं, कारोबार कम हो रहा है, निवेश रुक रहा है। (अनंत ज्ञान)

# भारत में हिंसा के लिए कनाडा का इस्तेमाल कर रहे खालिस्तानी

**एजेंसी, ओटावा**

कनाडा की सीक्रेट एजेंसी (सीएसआईएस) ने बुधवार को जारी अपनी रिपोर्ट में भारत पर कनाडा में विदेशी हस्तक्षेप का आरोप लगाया। सीएसआईएस की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत 'ट्रांस नेशनल दमन (सीमा पार दमन)' में मेन रोल निभाता है।' रिपोर्ट में चीन को कनाडा के लिए सबसे बड़ा सीक्रेट खतरा बताया गया। इसके अलावा रूस, ईरान और पाकिस्तान का भी नाम लिया गया।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अधिकारी और कनाडा में मौजूद उनके प्रॉक्सी एजेंट्स ने कनाडाई नेताओं को प्रभावित करने की कोशिशें की हैं। इन भारतीय अधिकारियों ने कनाडा की नीतियों को भारत के हितों के मुताबिक मोड़ने की कोशिश की, खासकर खालिस्तान के मामले में। रिपोर्ट में यह भी कहा है कि खालिस्तानी उग्रवादी भारत में हिंसा के लिए कनाडा का इस्तेमाल कर रहे हैं। सीएसआईएस ने कहा कुछ लोग कनाडा का इस्तेमाल भारत में हिंसा को बढ़ावा देने, धन जुटाने और प्लानिंग करने के लिए कर रहे हैं। 2024 में कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों से जुड़ा कोई हमला नहीं हुआ, लेकिन इनकी एक्टिविटी कनाडा और उसके हितों के लिए खतरा बनी हुई हैं। खालिस्तानी उग्रवाद की वजह से भारत का कनाडा में विदेशी हस्तक्षेप बढ़ रहा है।

कनाडा यह रिपोर्ट ऐसे समय पर आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने जी7 समिट में आपसी संबंधों को पटरी पर लाने की बात कही थी। हालांकि, रिपोर्ट में पहली बार साफ तौर पर यह स्वीकार किया गया है कि कनाडा की धरती का इस्तेमाल कुछ खालिस्तानी चरमपंथी भारत में हिंसा फैलाने, धन जुटाने और योजनाएं बनाने के लिए कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# सोने और चांदी के भाव गिरे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सोने-चांदी के दाम में वीरवार यानी 19 जून को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 193 गिरकर 99,261 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,454 रुपए पर था। यह इसका ऑल टाइम हाई है। वहीं, चांदी की कीमत 2,029 गिरकर 1,07,383 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,09,412 रुपए पर बंद हुई थी। वहीं, 18 जून को सुबह चांदी 1,09,550 रुपए पर ओपन हुई थी। यह इसका ऑल टाइम हाई है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 83 और निफ्टी 19 अंक फिसला

**एजेंसी, मुंबई।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन वीरवार को सेंसेक्स 83 अंक गिरकर 81,362 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 19 अंक की गिरावट रही और यह 24,793 के स्तर पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी रही। अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और टेक महिंद्रा सहित कुल 10 के शेयर्स 2.50 प्रतिशत तक गिरे। एमएंडएम टाइटन और मारुति के शेयरों में 1.6 प्रतिशत तक की तेजी रही। निफ्टी के 50 में से 33 शेयरों में गिरावट और 17 में तेजी रही। NSE का PSU बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.04 नीचे आया। इसके अलावा, मीडिया में 1.91 प्रतिशत, रियल्टी में 1.60 प्रतिशत, मेटल में 1.29 प्रतिशत और आईटी में 0.94 प्रतिशत की गिरावट रही। (अनंत ज्ञान)

# मुनीर बोले-डोनाल्ड ट्रंप को मिलना चाहिए नोबेल प्राइज



व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आसिम मुनीर से मुलाकात करते हुए।

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात की। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की है। यह मुलाकात मुनीर के ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग वाले बयान के बाद हुई।

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि मुनीर ने ट्रंप को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है। उनके इस बयान के सम्मान में ट्रम्प ने उन्हें लंच पर बुलाया था।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रुकवाया**

आसिम मुनीर अभी अमेरिका के दौरे पर हैं। ट्रंप से उनकी मुलाकात कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से 35 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी।

इस दौरान मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीजफायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं।

# कोरोना से अब तक 116 मौतें, 6 हजार एक्टिव केस

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या घटकर 5976 हो गई है। बीते 24 घंटे में 507 मरीज रिकवर हुए हैं। वहीं 40 नए केस भी सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जनवरी 2025 से लेकर अब तक नए वैरिएंट से 116 मौतें हुई हैं। बुधवार को 3 लोगों ने जान गंवाई है।

**बीते 24 घंटे में 500 मरीज ठीक हुए**

दिल्ली में 2 और केरल में एक मौत हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1309 एक्टिव केस हैं। सबसे ज्यादा मौतें भी केरल में 37 हुई हैं। गुजरात में 1046 और पश्चिम बंगाल में 747 मामले हैं। नया वैरिएंट देश के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गया है। (अनंत ज्ञान)

### भारत में मिले कोविड 19 के 4 नए वैरिएंट

**भारत** के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। आईसीएमआर के डायरेक्टर डॉ. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे LF.7, XFG, JN.1 और NB.1.8.1 सीरीज के हैं।

## भाषा विवाद

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले-अब बदलाव का समय

# आने वाले समय में अंग्रेजी बोलने में शर्म आएगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। उन्होंने यह बयान वीरवार को नई दिल्ली में पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की बुक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' का विमोचन पर दिया।

अमित शाह ने हिंदी समेत भारतीय भाषाओं के भविष्य पर कहा, 'अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि मैं अच्छी तरह जानता हूं यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति का रत्न हैं। एक बार फिर हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### 2047 तक हम दुनिया में टॉप पर होंगे



**अमित** शाह ने कहा कि भारतीय भाषाओं को विरासत को दोबारा पाने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है। केवल वे ही बदलाव ला सकते हैं जो दृढ़ हैं। अमृत काल के लिए पंच प्रण की नींव रखी है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना, ये पांच प्रतिज्ञाएं 130 करोड़ लोगों का संकल्प बन गई हैं। यही कारण है कि 2047 तक हम टॉप पर होंगे और हमारी भाषाएं इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

### अधिकारियों की ट्रेनिंग में बदलाव की जरूरत

**गृह** मंत्री ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग कुछ बदलाव की जरूरत है। उन्हें शायद ही हमारी व्यवस्था में सहानुभूति लाने के लिए ट्रेंड किया जाता है। ऐसा शायद इसलिए, क्योंकि अंग्रेजों के जमाने से इस ट्रेनिंग मॉडल की प्रेरणा मिली है। मेरा मानना है कि अगर कोई शासक या प्रशासक बिना सहानुभूति के शासन करता है, तो वह शासन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता। जब हमारा देश घोर अंधकार के युग में डूबा हुआ था, तब भी साहित्य ने हमारे धर्म, स्वतंत्रता और संस्कृति के दीप जलाए रखे।

# राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला आज से, दुल्हन की तरह सजा सोलन

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी का राज्य स्तरीय शूलिनी मेला शुक्रवार को देवी पूजन के साथ शुरू होगा। इस बार 20 से 22 जून तक हर्षोल्लास के साथ मेला मनाया जाएगा। इसके लिए पुरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया। लोगों में मेले को लेकर खासा उत्साह देखते ही बन रहा है। माता की डोली स्वागत को शहर भर में तोरण द्वार लगाए गए हैं। देवी दर्शन को लेकर शहर में माहौल भक्तिमय है।

परंपरा के मुताबिक देवी शूलिनी गंज बाजार स्थित शक्तिपीठ मंदिर में अपनी बड़ी बहन के यहां दो दिन रूकती हैं। तीसरे दिन वापस मंदिर लौट जाती हैं। इस परंपरा को शोभायात्रा के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि माता शूलिनी से सच्ची श्रद्धा से मांगी गई मन्नत पूरी होती है। इसी के चलते स्थानीय लोगों में मेले को लेकर खासा उत्साह है। पहले दिन मां शूलिनी देवी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। इसमें एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचने की संभावना है। मेले में सुरक्षा के इंतजाम के लिए पुलिस ने पूरे शहर को छावनी में तब्दील किया गया।



राज्य स्तरीय शूलिनी मेले के आयोजन को लेकर दुल्हन की तरह सजा माता शूलिनी का मंदिर।

शोभायात्रा में प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य के लोग भी देवी शूलिनी के दर्शन को सोलन पहुंचते हैं। मंदिर से लेकर शहरभर में सजावटी लाइट्स लगाई गई हैं। डीसी सोलन और मेला कमेटी के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने कहा कि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम रहेंगे। ट्रैफिक प्लान में तय किया गया है। मेले का शुभारंभ व माता की डोली का स्वागत इस बार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। हालांकि, यह परंपरा अभी तक प्रदेश के मुख्यमंत्री या राज्यपाल निभाते आ रहे हैं पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मेले में समापन अवसर पर मुख्यातिथि होंगे। मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक कर्नल धनीराम शांडिल मुख्यातिथि होंगे। सांस्कृतिक सांध्य, खेलकूद और झूलों के मनोरंजन को लेकर ठोडो मैदान सज गया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### ये कलाकार होंगे मुख्य आकर्षण

**मेले** की सांस्कृतिक संध्याओं में हिंदी, पंजाबी और पहाड़ी संगीत का तड़का लगेगा। सांस्कृतिक संध्याओं में बॉलीवुड सिंगर देव नेगी, सनी हिंदुस्तानी नेहा दीक्षित, पहाड़ी गायक कुलदीप शर्मा और दिलीप सिरमौरी होंगे। सांस्कृतिक साध्यों के मुख्य आकर्षण होंगे। पहली सांस्कृतिक संध्या में इंडियन आइडल फेम नेहा दीक्षित, सनी हिंदुस्तानी और दिलीप सिरमौर दर्शकों को नचाएंगे। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में नाटी किंग कुलदीप शर्मा और नितिन धूम मचाएंगे, जबकि अंतिम सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड सिंगर देवा नेगी, ईशान भारद्वाज और लाहौल के लोक गायक तेनजिंग धमाल मचाएंगे। मेले में इस बार महिला कुश्ती भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसमें नामी पहलवान अपना दमखम दिखाएगी।

## शहर 6 सेक्टरों में विभाजित, 600 जवान करेंगे निगरानी

अनंत ज्ञान, सोलन

**सोलन।** तीन दिवसीय राज्यस्तरीय मां शूलिनी मेले के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। आज से 22 जून तक चलने वाले मेले के दौरान सोलन शहर को छह सेक्टरों में विभाजित किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था के लिए 600 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए ठोडो ग्राउंड सहित रिजर्व पुलिस भी तैनात की जा रही है।

मेले के दृष्टिगत एसपी गौरव सिंह ने पुलिस अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों सहित पुलिस विभागीय शाखाओं के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि शूलिनी मेले के दौरान सोलन शहर को 6 सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा और प्रत्येक सेक्टर में यातायात व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक-एक राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में निगरानी दल गठित किया है, जो कि पूर्ण सक्रिया निगरानी करेगा। शहर में सुरक्षा के लिए लगभग 600 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी तैनात रहेंगे। मेले के दौरान यातायात व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 3 पुलिस बैरियर भी 24 घंटे के लिए स्थापित किए जाएंगे। यह बैरियर देवभूमि अपार्टमेंट शामती, राजगढ़ रोड बाईपास, होटल क्लिफ (नजदीक कांगड़ा-हमीरपुर मैत्री सभा) और सपरून चौक पर स्थापित होंगे। यातायात प्रबंधन के लिए वैकल्पिक मार्गों, वन-वे ट्रैफिक, पार्किंग व्यवस्था व वाहनों की गति सीमा को लेकर जरूरी निर्देश जारी किए गए हैं।

### सीसीटीवी, ड्रोन से होगी निगरानी

**मेले** में सुरक्षा के दृष्टिगत व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन निगरानी, बॉडी वार्न कैमरों और मोबाइल पेट्रोलिंग दलों की सहायता से पूरे क्षेत्र की निरंत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग, बम निष्क्रिय दस्ता, टियर गैस स्क्वायड, डिजास्टर मैनेजमेंट टीम, जेबकतरों से सावधान रहने के लिए अनाउंसमेंट सिस्टम, क्यूआरटी, स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट की तैनाती, महिला पुलिस की समुचित तैनाती और मेडिकल इमरजेंसी रिस्पांस के लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय किया गया है।

### थाने में बना विशेष सहायता कक्ष

**मेले** के दौरान बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं व गुमशुदा व्यक्तियों की सहायता के लिए विशेष सहायता कक्ष भी स्थापित किया जाएगा। यहां पर तैनात कर्मी इन्हें हर प्रकार की सहायता प्रदान करेंगे। मेले के दृष्टिगत कानून व यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए शहर को 6 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। मेले के दौरान 600 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। लोगों से अपील है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध वस्तु या आपात स्थिति को देखते हुए तुरंत पुलिस कर्मियों या कंट्रोल रूम नंबर 01792-223836 पर संपर्क करें।

**गौरव सिंह, पुलिस अधीक्षक सोलन।**

### मेले मिलन व स्वस्थ मनोरंजन का पर्याय

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि सभी के सहयोग से इस वर्ष भी राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला का सफल आयोजन किया जाएगा। डॉ. शांडिल मेला आयोजन के संबंध में बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि मेले का अर्थ है मिलन एवं स्वस्थ मनोरंजन। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन इस दिशा में प्रयासरत है। उन्होंने आशा जताई कि मेला अपने उद्देश्य में सफल रहेगा और सभी मेले के माध्यम से कुछ सकारात्मक प्राप्त करेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन तथा नगर निगम सोलन को निर्देश दिए कि मानसून के दृष्टिगत मेला आयोजन स्थल पर पूरी तैयारी रखी जाए, ताकि लोगों के मनोरंजन में कोई व्यवधान न पड़े। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि मेला अवधि में कानून एवं व्यवस्था तथा यातायात की स्थिति बनाए रखने के लिए पुलिस बल की समुचित तैनाती के साथ-साथ एनसीसी व युवा स्वयं सेवियों की सहायता ली जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### शहर में चोरों ने 4 वाहनों को बैटरियां उड़ाई

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में एक बार फिर बैटरी चोर गिरोह ने दस्तक दी है। बीती रात शहर के अलग-अलग हिस्सों से चार गाड़ियों की बैटरियां चोरी हो गईं। चोरी की ये वारदातें वाल्मीकि बस्ती और बीडीओ ऑफिस के पास हुई हैं। जानकारी के अनुसार, वाल्मीकि बस्ती में एनएच किनारे खड़ी तीन पिकअप गाड़ियों से बैटरियां चुरा ली गईं, जबकि बीडीओ कार्यालय के पास खड़ी एक अन्य गाड़ी को भी चोरों ने निशाना बनाया। वाहन मालिकों को सुबह बैटरी गायब होने पर इस वारदात का पता चला। सबसे अहम बात यह रही कि बीडीओ ऑफिस के पास लगे एक निजी सीसीटीवी कैमरे में चोर की हरकत कैद हो गई है। फुटेज में देखा गया कि दो संदिग्ध व्यक्ति रात के समय एक गाड़ी से उतरे, और उनमें से एक को गाड़ी से बैटरी निकालते हुए साफ देखा जा सकता है। इस घटना की पुष्टि पुलिस चौकी गुन्नू घाट के प्रभारी ने की है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए एक टीम गठित कर दी गई है। हालांकि, अभी तक इनकी पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### बिजली उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाने में करें सहयोग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि बिजली उपमंडल नाहन में राज्य और केंद्र सरकार के सहयोग से स्मार्ट मीटर योजना का निष्पादन कार्य चला है। इसके चलते बिजली उपमंडल नाहन नं.-1 व 2, बागथन, कालाअंब व ददाहु के अंतर्गत सभी स्थानों पर उपभोक्ताओं के मीटर को स्मार्ट मीटर में बदला जा रहा है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से इस कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया है तथा स्मार्ट मीटर से संबंधित गलत धारणाओं से बचने की हिदायत भी दी है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संबंधित सहायक अभियंता बिजली उपमंडल के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### विनय कुमार 21 व 22 को सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 21 व 22 जून को जिला सिरमौर के प्रवास पर होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 21 जून को प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरोग बनेड़ी के सांइस लैब भवन का उद्घाटन करेंगे तथा 22 जून को दोपहर 12 बजे नाडी में दादुआ से नाडी सड़क मार्ग का शिलान्यास करेंगे।

### भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने जितेंद्र शर्मा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के उपमंडल संगड़ाह की मिट्टी ने एक और वीर सपूत को भारतीय सेना को समर्पित किया है। लाना पालर गांव के रहने वाले जितेंद्र दत्त शर्मा ने 14 जून को भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून से पास आउट होकर लेफ्टिनेंट के पद की शपथ ली। जितेंद्र की इस सफलता पर न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। जितेंद्र के पिता रामलाल शर्मा भी भारतीय सेना में सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जबकि माता शीला शर्मा गृहिणी हैं। बेटे के सेना में ऑफिसर बनने के सपने के पूरे होने पर परिवार बेहद भावुक और गर्वित है। बचपन से ही मेहनती और मेधावी रहे जितेंद्र शर्मा ने वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान निबंध लेखन प्रतियोगिता में जिला और प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया था और 1 लाख रुपए की पुरस्कार राशि जीती थी। वर्ष 2024 में उन्होंने एनआईटी हमीरपुर से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया। बीटेक के बाद एक बहुराष्ट्रीय कंपनी और भारतीय सेना दोनों जगह उनका चयन हुआ, लेकिन उन्होंने अपने फौजी पिता की राह पर चलते हुए देश सेवा को प्राथमिकता दी।

### दिव्यांग बच्चों को मिठाई व फल वितरित किए

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के जन्म दिवस पर जिला यूथ कांग्रेस ने शहर के विशेष बच्चों के स्कूल आस्था में केक काटा और दिव्यांग बच्चों को मिठाई व फल आदि भी वितरित किए। विधायक नाहन अजय सोलंकी विशेष रूप से समारोह में शामिल हुए और सबने मिलकर केक काटकर जन्मदिवस मनाया।

## पुलिस ने सोलन में 400 से ज्यादा प्रवासी श्रमिकों और मजदूरों का किया सत्यापन

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन जिले में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय लोगों द्वारा शूलिनी महोत्सव को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसके मध्यनजर सोलन शहर में बाहरी राज्यों से पर्यटकों और श्रमिकों का आवागमन निरंतर बढ़ता जा रहा है।

इसी को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस सोलन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने और अपराध की रोकथाम के लिए विशेष अभियान/रणनीति के तहत प्रवासी मजदूरों/श्रमिकों का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। एसपी सोलन गौरव सिंह के मुताबिक सोलन में 1 मई से 18 जून तक पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान के अंतर्गत अभी तक बाहरी राज्य से आने वाले कुल 400 से ज्यादा प्रवासी श्रमिकों/मजदूरों/ का सत्यापन किया गया है, जो यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। पुलिस द्वारा इन सभी व्यक्तियों के स्ट्रेंजर रोल तैयार कर उनके संबंधित पुलिस थानों को भेजे गए हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि व अप्रिय घटना को समय रहते विफल किया जा सके। इसके साथ ही सोलन शहर में बिना उचित आईडी के घूम रहे से ज्यादा लोगों को वापस भेजा गया है। यह अभियान नियमित रूप से आगे भी जारी रहेगा।

जिला पुलिस द्वारा आमजन से अनुरोध किया कि किसी भी प्रकार का कोई भी संदिग्ध व्यक्ति संदिग्ध तौर पर घूमता हुआ पाया जाता है, तो उसकी सूचना बिना विलंब के अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन/चौकी में दें। जिला पुलिस सोलन जन सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्ण रूप से कटिबद्ध है और आगामी शूलिनी महोत्सव के सफल आयोजन/संचालन के लिए सभी प्रकार के आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

## 120 सिक्योरिटी गार्ड पदों के लिए होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला रोजगार अधिकारी सिरमौर जगदीश कुमार ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय नाहन द्वारा मैसर्ज एसआइएस इंडिया लि. शाहतलाई बिलासपुर के 120 सिक्योरिटी गार्ड पदों को भरने के लिए उपरोजगार कार्यालय राजगढ़, पांवटा साहिब व सराहां में भर्ती शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए उपरोजगार कार्यालय, राजगढ़ में 24 जून, सराहां में 25 जून तथा पांवटा साहिब में 26 जून को प्रातः 10 बजे से भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन पदों के लिए आयु सीमा 19-40 वर्ष रखी गई है तथा शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं व स्नातक है। उन्होंने बताया कि चयनित सुरक्षा जवानों तथा सुपरवाइजर को प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों, बैंकों, मेडिकल कॉलेजों, मंदिरों व औद्योगिक इकाइयों आदि संस्थानों में तैनाती दी जाएगी। रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो मूल प्रमाण-पत्र, बायोडाटा व अनुभव प्रमाण-पत्र यदि हो तो अवश्य साथ लाएं।

## माजरा प्रकरण में प्रशासन की सतर्कता से टला तनाव : प्रदीप

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिले के माजरा थाना क्षेत्र में युवक-युवती के संवेदनशील प्रकरण को लेकर उपजे तनाव को जिला प्रशासन ने सूझबूझ से संभाल लिया, लेकिन भाजपा नेता डॉ. राजीव बिंदल की राजनीतिक कोशिशें नाकाम रहीं।



कांग्रेस नेता प्रदीप चौहान ने इस प्रकरण पर भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो लोग आग में घी डालना चाहते थे, उनकी साजिशें प्रशासन की मुस्तैदी ने नाकाम कर दी हैं। चौहान ने पांवटा साहिब के एसडीएम गुंजित सिंह चीमा, डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर और जिला पुलिस प्रशासन की खुलकर तारीफ करते हुए कहा कि इन अधिकारियों की सतर्कता, गंभीरता और त्वरित कार्रवाई की बदौलत ही माजरा का मामला बिना किसी बड़ी अप्रिय घटना के सुलझ गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रशासन की एकजुट मेहनत थी, जिसने इलाके की शांति को बनाए रखा। डॉ. बिंदल जैसे नेता उस शांति को भंग करने की कोशिश में जुटे रहे। बिंदल की राजनीति जनता समझ चुकी है। पीपीई घोटाले के दाग तो धुले नहीं, अब माजरा जैसे सामाजिक मामले को भी सियासी मंच बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया कि वे जान-बूझकर सोशल मीडिया और मंचों से भड़काऊ बयानबाजी कर रहे हैं, ताकि सिरमौर जैसे शांतिप्रिय जिले में सांप्रदायिक तनाव फैलाया जा सके, लेकिन जनता सब जानती है। उन्हें विकास चाहिए, नफरत नहीं। उन्होंने कहा कि अगर बिंदल को वास्तव में जनता की चिंता होती, तो घोटाले के बाद राजनीति से संन्यास ले चुके होते, न कि अधिकारियों पर बेबुनियाद आरोप लगाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे होते।

## शैलेंद्र बने ओल्ड ऐज हेल्पलाइन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ओल्ड ऐज हेल्पलाइन सोसायटी सोलन का वार्षिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएल गुप्ता ने की।

कार्यक्रम में 90 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वरिष्ठ नागरिकों कमलेश ओबेरॉय, रमेश कुमार नैय्यर, जगदीश कुमार गारला, प्रो. बीबी लाल कौशल तथा रमेश अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। कंवर शैलेंद्र सिंह पंवार को आयोजित बैठक में चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। डॉ. पंकज खुल्लर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. विज तथा डॉ. पीएन गुप्ता को उपाध्यक्ष, आरएन नेगी को महासचिव, वीके पुरी को सचिव तथा एसआर गर्ग को निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुना गया।

## अग्निवीर परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सेना भर्ती कार्यालय शिमला के भर्ती निदेशक कर्नल पुष्विंदर कौर ने बताया कि जिला सिरमौर, सोलन, शिमला व किन्नौर के अभ्यर्थियों के लिए अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 जून से 10 जुलाई तक किया जाएगा। इसके लिए तीन परीक्षा केंद्र जिसमें हिमाचल प्रदेश कॉलेज एजुकेशन शिमला, ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज सोलन और महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी बद्दी को परीक्षा केंद्र के रूप में निर्धारित किया गया है। परीक्षा केंद्र का नाम, स्थान, रिपोर्टिंग दिनांक तथा समय एडमिट कार्ड में अंकित किए गए हैं। पंजीकृत अभ्यार्थी अपना एडमिट कार्ड ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट ¼www.joinindianarmy.nic.in½ से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिन अभ्यार्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्र साथ अवश्य लाएं।

## एचआरटीसी बसों के 16 रूटों को बंद करना तर्कसंगत नहीं : मेलाराम

अनंत ज्ञान, राजगढ़

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर सिरमौर जिले में एचआरटीसी बसों के 16 रूटों को बंद करके सिरमौर की जनता के साथ घोर अन्याय करने का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा कि एचआरटीसी की सेवाएं जब से प्रदेश में लागू हुई थी, तो यह सेवाएं कल्याणकारी सरकार की कल्याणकारी सेवाएं कहलाई जाती थी और व्यवस्था परिवर्तन के चलते अब सुक्खू सरकार ने पिछले लगभग 40 वर्षों से चलाई जा रही बसों के रूटों को घाटे में बताकर बंद करने का फरमान जारी किया है। इससे सिरमौर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इन रूटों पर रोजाना सफर करने वाले हजारों स्कूली बच्चों, कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों, अपंगों, महिलाओं और किसानों और बागवानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, जो रोजाना इन पिछड़े क्षेत्रों में सरकारी बसों में सफर करके अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि आज तक पिछले 30-40 वर्षों में अनेक कल्याणकारी सरकारें आई, लेकिन यह पहली सरकार है, जिसने एचआरटीसी की सेवाओं को घाटे में बता कर अब यह रूट निजी बस ऑपरेटर को दे रही है।

मेलाराम शर्मा ने आरोप लगाया कि इन रूटों पर एचआरटीसी की बसों में रोजाना छत पर भी सवारियां सफर करती थी और हैरानी इस बात की है कि इतनी अधिक सवारियां होने के बावजूद भी सुक्खू सरकार इन रूटों को घाटे में कैसे बता रही है। उन्होंने कहा कि यदि यह रूट घाटे में चल रहे हैं, तो कोई प्राइवेट ऑपरेटर घाटे के रूट पर अपनी बस सेवाएं कैसे दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि सुक्खू सरकार ने यह तुगलकी फरमान वापस नहीं लिया, तो सिरमौर जिले के लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ेगा और व्यवस्था परिवर्तन की इस सरकार को आड़े हाथों लेना पड़ेगा।

## वार्ड-5 में पेयजल समस्या से जूझ रहे लोग

### दो सालों से बनी है समस्या, विभाग से मिल रहा केवल आश्वासन

अनंत ज्ञान, नाहन

शहर के वार्ड नंबर-5 में पेयजल समस्या लगातार विकराल होती जा रही है। लोग पिछले दो सालों से पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं।

लोगों की मानें तो वह लगातार जलशक्ति विभाग के पास शिकायतें करते भी थक चुके हैं, लेकिन समस्या का कोई स्थायी समाधान होता नहीं दिख रहा है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-5 में एक हजार के करीब परिवारों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। यह समस्या पिछले 2 सालों से बनी हुई है। स्थायी निवासियों में संजीव कुमार सिंघल, डॉ. इंदर, श्याम सुंदर, फिरदौस, नीरू प्रजापति समेत दर्जनों लोगों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि वह जब भी विभाग के पास जाते हैं, तो अगले दिन पानी आ जाता है, लेकिन उसके बाद स्थिति ज्यों की त्यों बनी रहती है। महिलाओं का कहना है कि रोजमर्रा के



पेयजल समस्या को लेकर अपना विरोध प्रकट करते लोग।

कामों में पानी के न आने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं का कहना है कि अधिक विकट स्थिति में ओगल से पानी भरकर लेकर आते हैं। लोगों ने कहा कि जब भी वह अधिकारियों से मिलते हैं, तो उन्हें केवल आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन इसका स्थायी समाधान नहीं मिलता। लोगों ने विभाग से पानी की समस्या का स्थायी समाधान ढूढ़ने की गुजारिश की है। उन्होंने जलशक्ति विभाग से पेयजल किल्लत से निजात दिलाने की मांग की है। वहीं, इस बारे में जब एसडीओ जलशक्ति विभाग रोशन लाल से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा शहर में निष्पक्ष रूप से पानी की सप्लाई की जा रही है, लेकिन बीच में कुछ शरारती तत्व चैंबर से छेड़छाड़ करते हैं, जिस कारण संबंधित वार्ड में पानी की सप्लाई बाधित होती है। उन्होंने कहा कई बार विभाग के पास भी चैंबर से छेड़छाड़ की शिकायतें आ चुकी है, जिसमें लोगों से भी इस बारे एक लिखित शिकायत सौंपने को कहा गया है, ताकि दोषियों पर कार्रवाई की जा सके।

## शहर के सार्वजनिक स्थल अब शर्म और असहजता के बने अड्डे

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

नाहन शहर के बीचों-बीच बने नगर परिषद पार्क और लखदाता पीर के समीप का इलाका अब श्रद्धा और सुकून नहीं, बल्कि शर्म और असहजता का कारण बनता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि हर शाम कुछ युवक-युवतियां पार्क में आपत्तिजनक अवस्था में बैठे दिखाई देते हैं, जिससे वहां टहलने आने वाली महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे असहज महसूस करते हैं और अक्सर लौटने को मजबूर हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा, हम अपने बच्चों के साथ वहां घूमने जाते हैं, लेकिन जो दृश्य पार्कों में देखने को मिलते हैं, वह शर्मसार करने वाले हैं, अब तो यह रोज का नजारा बन गया है। इसी तरह का नजारा नाहन के प्रसिद्ध रानीताल क्षेत्र में भी आम होता जा रहा है। रानीताल न केवल शहर का एक प्रमुख पार्क है, बल्कि यहां भगवान शिव का मंदिर भी स्थित है, जहां श्रद्धालु नियमित रूप से पूजा-अर्चना के लिए आते हैं, लेकिन अफसोस की बात यह है कि मंदिर परिसर के आसपास भी कुछ युवक-युवतियां आपत्तिजनक अवस्था में बैठे देखे जा सकते हैं, जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती हैं और आस्था स्थल की पवित्रता पर भी प्रश्नचिन्ह लग जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब यह स्थिति केवल लखदाता पीर पार्क, रानीताल, पुराने नगर परिषद भवन के समीप शिव मंदिर के सामने बने पवेलियन और विला राउंड तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि अन्य धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों तक भी फैल चुकी है। ये सार्वजनिक स्थल अब नशेड़ियों और 'आशिकों' के अड्डों में बदलते जा रहे हैं। शाम ढलते ही यहां आपत्तिजनक हरकतें शुरू हो जाती हैं, जिससे आसपास के दुकानदार, राहगीर और स्थानीय परिवारों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। नशे की हालत में युवक और सार्वजनिक स्थानों पर किया जा रहा अशोभनीय व्यवहार, न केवल सामाजिक मर्यादा को ठेस पहुंचा रहा है, बल्कि शहर की गरिमा पर भी सीधा प्रहार कर रहा है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन सार्वजनिक स्थलों पर नियमित गश्त की जाए, सीसीटीवी की निगरानी बढ़ाई जाए और मौके पर पकड़े गए युवक-युवतियों के अभिभावकों को बुलाकर सख्ती से पूछताछ की जाए।

**बैठक** राजस्व मंत्री ने किन्नौर-कैलाश यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

## ग्रीन शुल्क से जमा होने वाली राशि का होगा ऑडिट

अनिल नेगी, अनंत ज्ञान

**रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर के रिकांगपिओ में किन्नौर-कैलाश यात्रा की तैयारियों को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह यात्रा श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है और इसके सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों को समय पर आवश्यक तैयारियां पूरी करनी होंगी। मंत्री ने इस अवसर पर रिब्बा, पूर्वनी, पवारी और तांगलिंग पंचायत के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद स्थापित कर यात्रा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने ग्रीन शुल्क के निर्धारण, टेंटों की किराया दरों और श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं जैसे सार्वजनिक शौचालयों, सोलर लाइट, स्वच्छ पेयजल, विभिन्न पड़ावों पर ऑक्सीजन सिलेंडर व मेडिकल सेवा की उपलब्धता पर विशेष दिशा-निर्देश दिए। सुरक्षा के मोर्चे



जगत सिंह नेगी किन्नौर-कैलाश यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

पर, कैबिनेट मंत्री ने पुलिस, होमगार्ड और वन विभाग के अधिकारियों को यात्रियों की सुरक्षा और आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में जवानों की तैनाती करने को कहा। उन्होंने एक त्वरित प्रतिक्रिया दल के गठन के भी निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग को यात्रा के दौरान हर प्रकार की चिकित्सा मुहैया कराने को कहा। मंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि ग्रीन शुल्क से जमा होने वाली राशि का ऑडिट किया जाएगा, ताकि इस राशि का उपयोग किन्नौर-कैलाश यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए बेहतर प्रबंध सुनिश्चित करने में हो सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर यात्रा को सफल बनाने की दिशा में सकारात्मकता के साथ कार्य करने के आदेश दिए। इसके उपरांत, राजस्व मंत्री ने रिकांगपिओ स्थित आईटीडीपी भवन के सम्मेलन कक्ष में लोक निर्माण विभाग के कल्पा और निचार मंडल में चलाए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों, नीतियों और योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न निर्माण कार्यों को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को सड़क दुर्घटना के ब्लैक स्पॉट्स पर क्रैश बैरियर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मानसून और सेब सीजन के मद्देनजर संपर्क सड़क मार्गों को दुरुस्त रखने पर जोर दिया, ताकि जिले के किसानों और बागवानों को अपनी नकदी फसलों को मंडी तक पहुंचाने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। कैबिनेट मंत्री ने कल्पा मंडल के तहत कानम, रारंग और पूह क्लस्टर विद्यालयों के निर्माण कार्यों पर विस्तृत चर्चा की और लंबित पड़े निर्माण कार्यों को समयबद्ध सीमा में जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और कोताही बरतने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जिले की सीमावर्ती पंचायत शलखर, हांगो, सुमरा और कुन्नू-चारंग में संपर्क सड़कों के निर्माण कार्यों पर भी चर्चा की।

## विकास कार्यों का निष्पादन समय व पारदर्शिता से करें अधिकारी : सीमा



जिला परिषद अध्यक्ष सीमा कन्याल जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करती हुई।

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला परिषद अध्यक्ष सीमा कन्याल ने जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अधिकारी जिला परिषद सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लें व विकास कार्यों का निष्पादन समय पर व पारदर्शिता के साथ करें।

उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के आपसी समन्वय के तहत विकास कार्यों के निष्पादन में आसानी होगी, जिससे आम जनता को लाभ मिलेगा और निश्चित अवधि में विकास कार्य भी पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि जिला परिषद की बैठक जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, जिसका सीधा संबंध विकास कार्यों से होता है। बैठक में अधिकतर सड़क, पेयजल, बिजली तथा परिवहन से संबंधित मुद्दे आए, जिन पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला परिषद अध्यक्ष ने जिले में कार्यरत सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह 15वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक किए गए विकास कार्यों के कार्य पूर्ण तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र अविलंब प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य के लिए स्थानीय लोग अपनी भूमि की गिफ्ट डीड विभाग के नाम करवाएं, ताकि सड़कों के निर्माण कार्यों को गति मिल सके। जिला पंचायत अधिकारी विनय कुमार ने बैठक में मद क्रमवार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा, उपाध्यक्ष जिला परिषद अंजना शर्मा, जिला परिषद सदस्य, बीडीसी अध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेले की सोलन व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




शिवप्रताप शुक्ल
गर्वनर (हि.प्र.)


सुखविंद्र सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री (हि.प्र.)


कर्नल धनीराम शांडिल
स्वास्थ्य मुख्यमंत्री (हि.प्र.)


मनमोहन शर्मा
उपायुक्त सोलन


राहुल जैन
अतिरिक्त उपायुक्त सोलन


डॉ. पूनम बंसल
एसडीएम सोलन


गौरव शर्मा
एसपी सोलन


राजकुमार चंदेल
एएसपी सोलन


अनिल धोलटा
डीएसपी सोलन


एकता गुप्ता
कमिश्नर नगर निगम सोलन

## सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी के मेले में उमड़ता है श्रद्धा व आस्था सैलाब

**पूर्व बघाट (सोलन)** रियासत के शाही परिवार की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी के प्रति सम्मान, श्रद्धा व आस्था जताने के लिए शूलिनी मेला मनाया जाता है। तीन दिवसीय मेले के पहले दिन मां शूलिनी अपने स्थान से अपनी बड़ी बहन दुर्गा के मंदिर में मिलने के लिए आती है। पुराने लोग बताते हैं कि मां शूलिनी के नाम पर इस नगर का नाम 'सोलन' पड़ा था। जो अब नगर निगम का स्थान ले चुका है। सोलन स्थिति मां शूलिनी को मां भगवती, मां दुर्गा और मां काली का ही एक रूप माना जाता है। इस बार भी यह मेला 20 से 22 जून तक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। लोगों को अक्सर यह जानने की जिज्ञासा बनी रहती है कि आखिर मां शूलिनी का इतिहास क्या है और हमारे शास्त्रों में मां शूलिनी का क्या स्थान है। महार्षि मार्कंडेय दुर्गा सत्पती में मां दुर्गा के मां काली के रूप में आ जाने का वर्णन करते हैं। उसी में जब मां काली महिषासुर राक्षस और उसकी राक्षसी सेना का शूल हाथ में लिए वध करती है तो मां काली को उस समय मां शूलिनी भी कहा गया। दुर्गा सतप्ती में महार्षि उस दृष्य का वर्णन करते हैं और बताते हैं कि मां शूलिनी महिषासुर संग्राम में कैसे दिखती थी। उसके विक्रल रूप को देखकर हर किसी को भय लगता है।

**खड्गिनी शूलिनी घोर गदिनी चक्रिणी तथा। शङ्खिनी चापिनी बाणभुशुण्डीपरिघायुधा ।।**

**अर्थातः उनके अस्त्र-शस्त्र, नेत्र, शिर के बाल, तीखे नख और दांत सभी रक्त वर्ण के हैं। इसलिए वे रक्त दंतिका कहलाती और अत्यंत भयानक दिखायी देती हैं।...**

**तदेव शूलिना दत्तं पुरा दुर्वाससे मुने..** अर्थात मंत्रों की सिद्धि में विघन उपस्थित करने वाले शापरूपी कीलक का जो... मां दुर्गा अपने द्वितीय स्वरूप में ब्रह्मचारिणी के रूप में जानी जाती है।

बघाट रियासत के शासक शक्ति पूजा में बहुत आस्था रखते थे। बघाट और इसके साथ लगती अन्य रियासतों के लोग शक्ति के रूप में मां शूलिनी के उपासक थे। यही वजह है कि आज भी हिमाचल के सिरमौर, शिमला, बिलासपुर जिलों व पड़ोसी राज्यों से श्रद्धालु हर साल मेले में मां शूलिनी के दर्शन करने के लिए आते हैं। कुछ विद्वान तो शूलिनी को शिव शक्ति के सर्वशक्तिमान 'त्रिशूल' का पर्याय मानते हैं। अब परंपरा यह बन गई है कि मेले के पहले दिन शुक्रवार को सुबह सोलन गांव में शूलिनी मंदिर में शाही परिवार के सदस्यों व नगर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में मां की पूजा-अर्चना के साथ हवन यज्ञ किया जाता है। दोपहर के समय मां की धातु की दो सुंदर मूर्तियों को श्रद्धापूर्ण पालकी में बिठा कर बाजार में शोभायात्रा निकाली जाती है। इसके साथ ही मां के नाम पर मनाया जाने वाला मेला शुरू हो जाता है। पालकी के आगे प्राचीन वाद्य यंत्रों ढोल, नगाड़े, करनाल, रणसिंगा, शंख की पवित्रा गूंज के साथ, भजन मंडलियों के समूह चलते हुए मेले की शोभा बढ़ाते हैं। शोभायात्रा चैक बाजार, पुरानी कचहरी, अपर बाजार और माल रोड से होते हुए देर शाम को गंज बाजार स्थित मां दुर्गा मंदिर में पहुंचती है। वहां दोनों बहनें आपस में मिलती हैं। छोटी बहन मां शूलिनी वहां दो दिन की मेहमानी के बाद तीसरे दिन यानी मेले के अंतिम दिन अपनी बड़ी बहन दुर्गा से विदाई लेकर वापस सोलन गांव अपने (मंदिर) स्थान पर लौट जाती है।

पहले मेला गंज बाजार के दुर्गा मंदिर के पीछे सीधे बड़े खेतों में आयोजित किया जाता था। पिछले करीब पचास सालों से इसका आयोजन ठोडो मैदान में होता है। किसी जमाने में किसान इस मेले में घी, शहद, ऊन अदरक, आलू व अन्य चीजें बेचने के लिए लाते थे और घर का अन्य सामान यहां से खरीदकर ले जाते थे। यहां की परंपरागत नाटिका 'करयाला' देख कर आनंदित होते थे। उस समय यहां बिजली नहीं थी। इसलिए रोशनी के लिए रात भर भलेठी (बिहुल की छिली हुई टहनियां) जलाकर रखते थे।

सन् 1972 में सोलन जिला बनने के बाद इस मेले के साथ 'ग्रीष्मोत्सव' भी जोड़ दिया गया। इसमें हर शाम को देश भर से आए सांस्कृतिक दल, फिल्मी हस्तियां, कव्वाल वगैरा अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं। कुश्तियां पुराने समय से ही इस मेले का मुख्य आर्कषण रही हैं। यहां किंगकांग, गामा, गुंगा, हरबंस सिंह, घसीटा, किक्कर व कल्लू जैसे नामी पहलवानों ने सोलन की माटी को छुआ है। प्राचीन ठोडा (तीरंदाजी) मेले के मुख्य आकर्षणों में से एक है।

प्रस्तुतिः आर. मोहन चौहान, सोलन।
मो. 7018716514, 9418157519


Wishing You a Very Happy Mata Shoolini Fair
Advocate T. S. Negi
Distt. Court Solan.

GENIUS GLOBAL SCHOOL
ACHIEVING EXCELLENCE TOGETHER
Jai Maa Sholini
Wishing you all Very Happy & Prosperous Sholini Mela 2025!
ADMISSION OPEN CLASS UPTO 8TH
AVAIL SPECIAL MELA DISCOUNT TILL 25TH JUNE 2025
VACANCY
PRT - TET-JBT QUALIFIED
LIBRARIAN
Facilities:
- Smartclasses
- Library Science Lab
- Computer Lab
- Art Music & Dance Classes
- Special Coaching for Competitive Exams
- Sports & Yoga Coaching
Contact Us: 194, Anand Vihar, Saproon, Solan 173211
77788 00054, 98162 77154

शूलिनी मेले
के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं
उषा शर्मा
मेयर, नगर निगम सोलन

KARVY DATA MANAGEMENT
Wishing You a Very Happy Mata Shoolini Fair
Karvy Data Center Solan

शूलिनी मेले
के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं
Sandeep Gupta
Deals In
* Grocery * Stationery
* House Hold Items
* Artificial Jewellery
* Birthday Accessories
Sai Store
our unit saproon and basal solan
Near Central Bank, Saproon, Solan (H.P.) 9816332000, 7018744599

Wishing You a Very Happy Mata Shoolini Fair
Bansi Lal Negi
Principal GSSS Kotla Barog
District Sirmour H.P.

जल शक्ति विभाग सोलन की ओर से
राज्य स्तरीय माता शूलिनी मेले के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

समस्त प्रदेश वासियों को माँ शूलिनी मेले की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
Pankaj Verma
General Secretary
Vyapar Mandal Solan

राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेले की बधाई एवं शुभकामनाएं
उषा ठाकुर
शिवा ठाकुर
उषा ब्यूटी पार्लर
मातूराम बिल्डिंग अप्पर बाजार सोलन

शूलिनी मेले
के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं
पवन गुप्ता
वरिष्ठ कांग्रेसी व समाजसेवी, सोलन

Wishing you a very happy and prosperous Shoolini fair
Shashank Pahuja
Govt.Contractor Solan.

प्रदेश वासियों को राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेले की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
लक्ष्मी ठाकुर
उपाध्यक्ष बीडीसी सोलन व जिला सोलन भाजपा कोषाध्यक्ष

शूलिनी माता मेले की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
VK Sisters
Raj Tilak Negi
The Mall Solan

शूलिनी माता मेले की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव कौड़ा
पार्षद वार्ड -14 व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन

राज्य स्तरीय शूलिनी माता मेले के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
पदम पुंडीर
भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य

शूलिनी माता मेले की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सुनील ठाकुर
प्रदेश सचिव, भाजपा किसान मोर्चा एवं लहसुन कारोबारी, शामती, सोलन

शूलिनी माता मेले की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप ममगई
आर्किटेक्ट व कंसलटेंट
एमडी, मोजेक आर्किटेक्ट,
राजीव सदन, नजदीक बीएल स्कूल
राजगढ़ रोड सोलन

Wishing You a Very Happy Mata Shoolini Fair
ACHIEVEMENT INFRASTRUCTURE PVT. LTD.
SHAPING STRUCTURES THAT SHAPE LIVES
- BUILDING CONSTRUCTION
- PRE FABRICATED STRUCTURES
- LGFS STRUCTURES
- UPVC DOORS, WINDOWS & GLAZING
Desh Raj Thakur
Director
9218648755, 8344700009, Ph.: 01792-359800
Email: achievementinfrastructure@gmail.com
web. www.achievementinfrastructure.com
Office No.1 Chopra Chamber Deonghat Solan (H.P.) 173211

Pinegrove School
Solan, HP, India
CBSE BOARD RESULT 2025
CLASS XII (BATCH 2024-25)
60% children above 90%
100% children above 71%
98.60 DHERYA SHARMA
98.40 MEHAK SINGH
97.60 ROHAK GOYAL
97.20 MEHAK KAUR DHILLON
96.40 ARJIT BHATIA
96.20 AAKANKSHA
96.20 PARTH GOYAL
96 KYRA DATTA
95.60 SUYASH BANSAL
95.40 AARAV GARG
Scan the QR code for more information
School Average
91.32%
(Best of Four)
89.28% (Best of Five)
Dharampur & Subathu, District Solan HP, India
admissions@pinegroveschool.com
+91 980 5004 115

## स्पोर्ट्स विंडो

### टेनिस खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में खेलने को दें प्राथमिकता: साई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के नए आदेश के अनुसार विभिन्न योजनाओं के जरिये वित्तीय मदद हासिल करने वाले देश के टेनिस खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में खेलने को प्राथमिकता देनी चाहिए और बिना किसी 'वैध स्पष्टीकरण' के खेलने से इनकार करने पर उनसे धनराशि वसूल की जाएगी। खिलाड़ियों को प्राप्त धनराशि के लिए जवाबदेह बनाते हुए साई ने अपने आदेश में 'टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप' (टीएजीजी) के अंतर्गत मदद के लिए चुने गए खिलाड़ियों को लिखित में देने को कहा है जिसमें वे स्वीकार करें कि वित्तीय सहायता प्राप्त करना देश के खेल उत्कृष्टता में योगदान देने की जिम्मेदारी है। एक सूत्र के अनुसार यह मामला तब चर्चा में आया जब टीएजीजी में शामिल करने के लिए खिलाड़ियों के नामों पर चर्चा की गई। साई के आदेश के अनुसार, ''ये टेनिस प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय गौरव के लिए अहमियत रखती हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि वित्तीय मदद हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों को अगर अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) द्वारा चुना जाता है तो वे भारत का प्रतिनिधित्व करने को प्राथमिकता दें।'' (अनंत ज्ञान)

### बतौर कप्तान टेस्ट टीम की कमान संभालना गिल के लिए आसान नहीं : रवि शास्त्री



**एजेंसी, दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड में टेस्ट टीम की कमान संभालना आसान नहीं होगा और उसे सफलता के लिउ संयम से काम लेना होगा। विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन के संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में बीसीसीआई ने गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कमान सौंपी है। भारतीय टीम शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच खेलेगी। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा,''मुझे लगता है कि उसे समय देना होगा।'' उन्होंने कहा,''यह आसान नहीं होगा। उसे कठिन काम सौंपा गया है। उसे इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम की कप्तानी करनी है।'' गिल ने अभी तक 32 टेस्ट खेलकर 35.05 की औसत से 1893 रन बनाए हैं। भारतीय टीम ने इंग्लैंड में आखिरी बार टेस्ट सीरीज 2007 में जीती थी। शास्त्री का मानना है कि इंग्लैंड का दौरा गिल के लिए सीखने का अच्छा मौका हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

### तमिलनाडु करेगा एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप की मेजबानी

**एजेंसी, चेन्नई।** हॉकी इंडिया ने इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप की सह मेजबानी के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौते पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। टूर्नामेंट की घोषणा कार्यक्रम के दौरान यहां आधिकारिक 'लोगो' का भी अनावरण किया गया। इस चरण में पहली बार दुनिया भर से 24 टीमें भाग लेंगी जिससे यह अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धी चरण होगा। तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन ने कहा, ''यह केवल हमारे राज्य के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल है। इस तरह के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करना सभी स्तरों पर खेल का समर्थन करने और खेल का विकास करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में रेचल स्टलमैन

सेंट लुइस। सेंट लुइस की पूर्व टेनिस खिलाड़ी रेचल स्टलमैन को उनके खेल से ज्यादा उनकी खूबसूरती को लेकर जाना जाता है। उन्होंने कई सालों तक टेनिस खेला है। वह दिखने में काफी खूबसूरत और हॉट हैं। इंस्टाग्राम पर फैंस उनकी अदाओं के दीवानें हैं। इंस्टा पर रेचल के करीब 3 लाख से भी अधिक फॉलोवर्स हैं।



**लीड्स पहला टेस्ट** गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार

# इंग्लैंड के खिलाफ महासंग्राम आज से, गिल की कप्तानी का होगा 'टेस्ट'



**एजेंसी, लीड्स**

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नए चेहरे अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, जब भारत शुक्रवार से यहां एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट सीरीज जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे, लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा, क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है।

गिल के लिए यह सीरीज अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है। भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है।

असामान्य रूप से गर्म लीड्स (शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस हो सकता है) और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।

टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं, लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है, जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है, जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है। कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है।

क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता। कोहली और रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभी तक कोच के रूप में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह इसे और खराब नहीं करना चाहेंगे। इस सीरीज में गंभीर के रणनीतिक कौशल की असली परीक्षा भी होगी

अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन की संरचना को देखते हुए करुण नायर की वापसी तय लगती है, जहां उन्हें पहली स्लिप में तैनात किया गया था, लेकिन एक और बल्लेबाजी स्थान है जिसको लेकर टीम प्रबंधन को काफी विचार विमर्श करना होगा।

स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा में से किसी एक को खिलाने को लेकर टीम प्रबंधन का फैसला काफी दिलचस्प होगा। इंग्लैंड पहले ही अपनी अंतिम एकादश की घोषणा कर चुका है और उसने बल्लेबाजी को मजबूत करने पर ध्यान दिया है जिसमें वोक्स आठवें नंबर पर आएंगे। वोक्स ने भारत के खिलाफ टेस्ट शतक लगाया है और वह एक अच्छे बल्लेबाज हैं। (अनंत ज्ञान)

### गिल की कप्तानी में अंग्रेजों को पस्त करेगी भारतीय टीम: कपिल देव



**शुभमन** गिल की कप्तानी में भारतीय टीम पहला टेस्ट मैच इंग्लैंड खिलाफ 20 जून से लीड्स में खेलेगी। पहले टेस्ट मैच के आगाज से पहले कपिल देव ने नए कप्तान शुभमन गिल को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की और उम्मीद जताई है कि उनकी कप्तानी में भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रहेगी।

**मैच : दोपहर 3.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**इंग्लैंड :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

## कर्स्टन बोले-अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार हैं शुभमन गिल



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वह शुक्रवार से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।

गिल की कप्तानी वाली आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मेंटोर रहे कर्स्टन का मानना है कि 25 वर्षीय गिल में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनने के सभी गुण मौजूद हैं। कर्स्टन ने कहा, ''मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन कप्तान साबित होंगे। वह एक स्मार्ट क्रिकेटर हैं। उनके पास खेल के लिए अच्छा दिमाग है और वह अपने खेल को समझते हैं। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं और एक अच्छे इंसान हैं, जो मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण है।''

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, ''शुभमन के बारे में मुझे जो एक बात सबसे ज्यादा पसंद है, वह यह है कि वह जो कहते हैं, वही करते हैं। वह बहुत मेहनती हैं और यह बात दूसरे खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन उदाहरण है। मुझे लगता है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।'' ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा, '' गिल को अभी टेस्ट क्रिकेट में अपनी जगह मजबूत करनी होगी। विरासत तैयार करने और किंवदंती बनने में समय लगता है। विराट कोहली से उनकी तुलना करना सही नहीं है। हमने उन्हें कप्तान के रूप में देखा है और उनमें अच्छा कप्तान बनने की क्षमता है।'' (अनंत ज्ञान)

## नायर के साथ लंबे समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं राहुल



**एजेंसी, लीड्स**

सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में करुण नायर की भारतीय टेस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं और उनको उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे।

नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और बचपन से ही एक साथ आयु वर्ग की क्रिकेट खेलते आए हैं और दोनों करीबी दोस्त हैं। राहुल जहां भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं वही नायर को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने के बावजूद आठ साल तक टीम से बाहर रखा गया।

राहुल ने आईपीएल की अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स की मीडिया टीम से कहा, ''हमने 11 साल की उम्र में एक साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से हम इस सफर पर हैं। हम दोनों के जीवन में उतार-चढ़ाव आए। उसे मौका मिला, उसने तिहरा शतक बनाया और इसके बाद कई कारणों से उसे मुश्किल समय का सामना करना पड़ा।'' उन्होंने घरेलू क्रिकेट में नायर के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा, ''लेकिन उसने पिछले दो-तीन वर्षों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह उल्लेखनीय है। उसने काफी मुश्किलों का सामना किया और भारतीय टीम में वापसी करने में सफल रहा। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों लंबे समय तक भारतीय टीम की तरफ से खेलेंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर पेगुला को हराया



**एजेंसी, बर्लिन**

लियुडमिला सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर बुधवार को यहां तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में तीन घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए। इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को तीन सेटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालीफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया, क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था। सबालेंका ने पहला सेट 6-2 से जीता था जिसके बाद खेल रोक दिया गया। इससे पहले ओन्स जाबेउर ने दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-1, 6-3 से हराया था। पाओलिनी पिछले साल विंबलडन में उपविजेता रही थीं। जाबेउर 2022 और 2023 में विंबलडन फाइनलिस्ट हैं। (अनंत ज्ञान)

## नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर



**पेरिस डायमंड लीग में वेबर से होगा सामना**

**एजेंसी, पेरिस**

90 मीटर की बाधा पार कर चुके दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होगी, जब वह शुक्रवार को यहां सितारों से भरी पेरिस डायमंड लीग में भारत की चुनौती पेश करेंगे। डायमंड लीग के दूसरे चरण में भालाफेंक स्पर्धा में चोपड़ा के साथ जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी आठ दावेदारों में होंगे। इनमें से पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं।

वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था, जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

31 वर्ष के वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल ओलंपिक पर फोकस करने के लिये पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया । पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने रजत पदक जीता था। आखिरी बार उन्होंने 2017 में पेरिस डायमंड लीग में जूनियर विश्व चैम्पियन के तौर पर खेलकर पांचवां स्थान हासिल किया था। (अनंत ज्ञान)

## ब्रिसबेन हीट ने जेमिमा रोड्रिग्स को डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट में किया 'रिटेन'



**एजेंसी, मेलबर्न**

महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) ड्राफ्ट के दौरान आठ फ्रेंचाइजी ने कुल 23 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है जिसमें ब्रिसबेन हीट ने भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को 'रिटेन' किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने विज्ञप्ति में कहा कि मध्यक्रम की बल्लेबाज रोड्रिग्स ब्रिसबेन में प्रशंसकों की पसंदीदा हैं, जिससे ब्रिसबेन हीट फ्रेंचाइजी ने उन्हें वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी और दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क के साथ 'रिटेन' (बरकरार रखा) किया है। भारत की कुल 15 महिला खिलाड़ियों ने डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट के 10वें सत्र से पहले खुद को पंजीकृत किया था।

श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू, दक्षिण अफ्रीका की पूर्व तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल और इंग्लैंड की पूर्व कप्तान हीथर नाइट को सिडनी थंडर ने चुना है। इंग्लैंड की सोफिया डंकले और मैडी विलियर्स की जोड़ी के साथ न्यूजीलैंड की स्टार अमेलिया केर को सिडनी सिक्सर्स ने शामिल किया है, जबकि एडिलेड स्ट्राइकर्स ने इंग्लिश स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और विकेटकीपर-बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट के साथ दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट को चुना। (अनंत ज्ञान)

## जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे 640 मुक्केबाज



**एजेंसी, नई दिल्ली।** देशभर से 640 मुक्केबाज वीरवार से रोहतक में शुरू हो रही छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेंगे। जूनियर लड़के और लड़कियों की प्रतियोगिताओं में 44-46 किलोग्राम से लेकर 80 किलोग्राम से अधिक तक कुल 13 वजन वर्ग होंगे। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड लड़कों के वर्ग में, जबकि हरियाणा लड़कियों के वर्ग में गत विजेता के रूप में उतरेगा। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप युवा मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और कोचों के सामने अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। यह महासंघ को भविष्य की प्रतिभा की पहचान करने और उनको तैयार करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।'' (अनंत ज्ञान)

## भारतीय जूनियर तीरंदाज एशिया कप की पांच स्पर्धाओं के फाइनल में



**एजेंसी, सिंगापुर**

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए एशिया कप के दूसरे चरण में पांच स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सेट 55-48 से जीता।

दूसरा सेट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सेट और मैच अपने नाम कर दिया। रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में वैष्णवी पवार और विष्णु चौधरी ने सिंगापुर की तबीथा एर्न लिन येओ और यू लोंग ली को 5-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा।

शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। फाइनल में उसका मुकाबला मलेशिया से होगा।

शानमुखी और कुशाल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय मिश्रित जोड़ी ने भी इंडोनेशिया की नूरिसा डियान अशरीफा और प्राइमा विष्णु वर्धना को एक रोमांचक सेमीफाइनल में 155-154 से हराकर एक और पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान से होगा। भारतीय तीरंदाज चार व्यक्तिगत पदकों की दौड़ में भी शामिल हैं। महिलाओं का कंपाउंड फाइनल भारत की दो खिलाड़ियों शानमुखी और तेजल के बीच खेला जाएगा। इस तरह से इस मुकाबले में भारत का स्वर्ण पदक जीतना तय है। पुरुषों के कंपाउंड वर्ग में भारत स्वर्ण और कांस्य पदक दोनों के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा। कुशाल का सामना स्वर्ण पदक के लिए आस्ट्रेलिया के जोशुआ महोन से, जबकि सचिन चेची का सामना कांस्य पदक के लिए बांग्लादेश के हिमू बछार से होगा। (अनंत ज्ञान)

**फुटबॉल** बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे

## अल हिलाल ने रियाल मैड्रिड को बराबरी पर रोका



**एजेंसी, मियामी गार्डंस (अमेरिका)**

स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा।

रियाल मैड्रिड के कोच ज़ाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ मैच से पहले कहा, ''एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेगा।'' रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी, लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए।

इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया। प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया और स्कोर 2-0 कर दिया। केनान यिल्डिज ने 31वें मिनट में गोल किया तथा कोलो मुआनी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में अपना दूसरा गोल करके युवेंटस को हाफ टाइम तक 4-0 से आगे कर दिया। कोन्सीसाओ ने 58वें मिनट में अपना दूसरा और टीम की तरफ से पांचवा गोल किया। (अनंत ज्ञान)